* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
06 जुलाई, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 256
कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही

भगवान महावीर के बाद सबसे कठोर तप वाले जैन मुनिश्री : विरागमुनि ने पूरे किये 171 दिन के उपवास; डॉक्टर्स की टीम डब्ल्यूएचओ को रिपोर्ट देगी








## गलैक्सिया मॉल के पास दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। बुधवार को सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के गेलैक्सिया मॉल के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। मृत युवक का नाम संजय है। गोली चलने की आवाज सुनकर लोग घटनास्थल पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। वहीं हत्या के विरोध में लोगों ने सड़क जाम कर दिया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और अपराधियों को पकड़ने के लिए छानबीन शुरू हो गयी। बता दें कि संजय रांची के बड़े जमीन कारोबारी रहे कमल भूषण के काफी करीबी माने जाते हैं। कमल भूषण की हत्या भी पिछले साल इसी इलाके में कर दी गयी थी।

## मुख्यमंत्री ने 206 एंबुलेंस का लोकार्पण किया

# रांची में बनेगा मेडिकल कॉलेज : हेमंत

■ नवनियुक्त 38 दंत चिकित्सकों को दिया नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जिस तरह से रिम्स कार्यरत है उसे ध्यान में रखते हुए एक और नये मेडिकल कॉलेज की स्थापना रांची में की जायेगी। जहां विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सकों की संख्या में भी इजाफा होना बहुत जरूरी है। जब तक इनकी संख्या नहीं बढ़ेगी, तब तक स्वास्थ्य सुविधा को लेकर निश्चिंत हो जाना सही नहीं होगा। मुख्यमंत्री बुधवार को नामकुम स्थित आइपीएच प्रेक्षागृह स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने 206 एंबुलेंस का लोकार्पण और 38 नव नियुक्त दंत चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरण सहित विभिन्न कार्यक्रमों का लोकार्पण एवं उद्घाटन किया।



### केंद्र को राज्य को जिम्मेदारी देनी चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार को स्वास्थ्य क्षेत्र में सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बेहतर समन्वय बनाकर राज्य सरकार को जिम्मेवारी देनी चाहिए। क्योंकि झारखंड की भौगोलिक संरचना को देखते हुए यहां की जरूरतों का बेहतर आकलन कर राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को वास्तविक दिशा दे सकेगी। राज्य सरकार तय करेगी कि कहां मेडिकल कॉलेज होना चाहिए और कहां नहीं, कैसे उसका संचालन होना चाहिए। ऐसा हो नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि रांची में जैसी सुविधा को लेकर दबाव बढ़ रहा है, इसके लिए विभिन्न संस्थानों के माध्यम से कार्य तो हो ही रहा है, लेकिन सरकार इस भरोसे के साथ नहीं चल रही है। इसलिए हम लोगों ने निर्णय लिया है कि यहां एक और मेडिकल कॉलेज का निर्माण होगा ताकि लोगों को सुविधा मिल सके।

### स्वास्थ्य सुविधा अमीर-गरीब सभी के लिए उपलब्ध हो

हेमंत सोरने ने कहा कि आज स्वास्थ्य विभाग के इस कार्यक्रम में कई सारी चीजें आपने देखी। बड़ी संख्या में एंबुलेंस का संचालन, नये ऐप के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा को सरल और बेहतर बनाने तथा विभिन्न संस्थाओं के साथ जुड़कर जन-जन तक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का नया आयाम। नये दंत चिकित्सकों की नियुक्ति के अलावा कई उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों और अस्पतालों को सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य को लेकर सरकार कई वर्षों से दिन-रात इस प्रयास में लगी है कि जन-जन तक कैसे बेहतर स्वास्थ सेवा उपलब्ध करायी जाये। स्वास्थ्य का क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है जहां चुनौती बहुत ज्यादा है। वर्तमान समय में जिस तरह से लोगों के स्वास्थ्य को लेकर दुनिया भर में चुनौतियां हैं ऐसी स्थिति में झारखंड जैसे पिछड़े राज्य के लिए स्वास्थ्य सुविधा कितना महत्वपूर्ण है इसका अंदाजा आप लगा सकते हैं? कोरोना को किसी ने नहीं देखा था, पलक झपकते ही पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया। झारखंड भी इससे अछूता नहीं रहा। मेरा मानना है कि स्वास्थ्य सुविधा अमीर-गरीब हर वर्ग के लिए समान और एक नजरिये से उपलब्ध होनी चाहिए। सभी को एक नजर से देखना राज्य सरकार का कर्तव्य है।

### नवनियुक्त दंत चिकित्सकों को दी शुभकामनाएं

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित नवनियुक्त दंत चिकित्सकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त चिकित्सकों से आग्रह किया कि जन सेवा की भावना के साथ अपने जिम्मेवारी का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य झारखंड और समृद्ध झारखंड के सपने को साकार करने में आप सभी चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

(संबंधित खबर पेज-3)

## संविदा पर नियुक्त महिला कर्मियों को मिलेगा मातृत्व अवकाश, मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संविदा के आधार पर नियुक्त महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश की अनुमन्यता प्रदान करने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी है। अब संविदा पर नियुक्त महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश का लाभ प्राप्त होगा। पहले उन्हें यह सुविधा नहीं थी। मुख्यमंत्री के संज्ञान में जब यह मामला आया तो उन्होंने संविदा पर नियुक्त महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश देने की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार वैसी महिलाकर्मी पर लागू होगा जो पिछले 12 महीनों में 80 दिन तक संविदा पर कार्य कर चुकी हों। उन्हें 180 दिन का मातृत्व अवकाश अनुमान्य होगा। यह अवकाश दो जीवित संतान के उपरांत हुए प्रसव पर अनुज्ञेय नहीं होगा। मातृत्व अवकाश के लिए संविदा राशि छुट्टी पर जाने से पहले मिले अंतिम संविदा राशि के बराबर होगा।

# चुनाव आयोग पहुंची चाचा-भतीजे की लड़ाई

## अजित पवार ने खुद को एनसीपी का अध्यक्ष घोषित किया





आजाद सिपाही संवाददाता

● पार्टी सिंबल पर ठोका दावा, कहा आशीर्वाद दें, शरद पवार ने कहा-खोटा सिक्का निकला

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की लड़ाई चुनाव आयोग के दरवाजे तक पहुंच गयी है। अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट ने उनके समर्थन में विधायकों और सांसदों के 40 से अधिक हलफनामे दाखिल किये हैं। चाचा-भतीजे की इस लड़ाई में अजित पवार ने एनसीपी पर दावा ठोका है। साथ ही, एनसीपी के चुनाव चिह्न की भी मांग कर दी है। अजित पवार ने बुधवार को शरद पवार को एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटाने का ऐलान किया। अजित ने खुद को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बताया। वहीं, शरद पवार गुट के नेता और महाराष्ट्र में पार्टी के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने भी आयोग से अजित समेत 9 विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग की। साथ ही शरद पवार खेमे ने आयोग के समक्ष एक याचिका दायर कर अनुरोध किया है कि गुटीय लड़ाई के संबंध में कोई भी निर्देश पारित करने से पहले उनकी बात सुनी जाये।

इससे पहले मुंबई में अजित पवार ने सुबह 11 बजे और शरद पवार ने दोपहर 1 बजे बैठक की। अजित ने शरद की उम्र पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि साहेब की उम्र हो गयी है, रिटायरमेंट लें और आशीर्वाद दीजिये। वहीं, शरद पवार ने उन्हें खोटा सिक्का कहा। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा बुधवार को मुंबई में बुलायी गयी एनसीपी की बैठक में पार्टी के 53 में से कम से कम 30 विधायक शामिल हुए। हालांकि उनकी तरफ से 40 विधायकों का दावा किया जा रहा है। वहीं, शरद गुट की बैठक नरीमन प्वाइंट स्थित यशवंतराव चव्हाण सेंटर में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शरद के समर्थन में 7 विधायक पहुंचे।


For Class 11th & 12th Students

RUPAK SINGH Chemistry Classes

where success beings

IIT-JEE | MEDICAL | 11th-12th BOARD

झारखंड-बिहार से ONLINE और OFFLINE विद्यार्थी



जब आप अपने बच्चों के शिक्षकों से संपर्क करते हैं तो अमूमन आपको एक ही जवाब मिलता है कि आपके बच्चे का दिमाग तो अच्छा है, किन्तु ध्यान नहीं देता है, यदि मेहनत करे तो रिजल्ट बहुत अच्छा आएगा. इस तरीके से टीचर्स अपनी पूरी जिम्मेदारी बच्चों पर थोप देते है, जबकि वास्तविकता यह है कि टीचर्स बच्चों को समझा ही नहीं पाते हैं. अधिकांश शिक्षक बच्चों को अपना समझने में कमी करते हैं. बच्चों से रिजल्ट कैसे निकाला जाए, विषय-रूचि कैसे बढ़ाये इनपे कार्य ही नहीं करते. बड़ी-बड़ी कोचिंग में बच्चे विज्ञापन की ताकत से चले तो जाते है लेकिन 30 दिनों में ही समझ जाते है कि दिक्कत हो रही है लेकिन फिर भी माता-पिता को बोल नहीं पाते क्योंकि उनसे फीस पहले ही ले चुके होते हैं और फीस रिटर्न करने में बहाने करते हैं. ऐसे उदाहरण बहुत मिलेंगे लेकिन आपको अपने बच्चे के लिए सोचना होगा जैसे कि एक डॉक्टर से संतुष्ट नहीं होते तो दूसरे डॉक्टर के पास जाते हैं. रिजल्ट के लिए बच्चे और शिक्षक का सहीं दिशा में मेहनत, आपसी सामंजस्य, सेल्फ-स्टडी सबसे अधिक महत्व रखता हैं. यदि शिक्षक विद्यार्थियों के साथ मिल कर मेहनत करें तो रिजल्ट होना ही है. रूपक सर अपनी कोचिंग में खुद अध्यापन से लेकर, डाउट क्लास, टेस्ट, स्टडी मटेरियल खुद देखते हैं. किसी अन्य फैकल्टी पर निर्भर न होते हुए स्वयं लगे रहते हैं. यहां आपको दिखावा नहीं मिलेगा, किन्तु रिजल्ट पर केन्द्रित होता हुआ नजर आएगा. इनके मार्गदर्शन में सफलता पाने के लिए पूरे झारखंड-बिहार के विद्यार्थी पढ़ते हैं. हमारे यहाँ वी के सिंह सर (आईआईटी-गुरु) के मार्गदर्शन में IIT-JEE और ऐ के सिंह सर (जेवीएम-श्यामली) के मार्गदर्शन में NEET की तैयारी होती हैं ।

OUR TOP PERFORMERS




अनुशासन से कोई समझौता नहीं

किसी भी परीक्षा को पास करने के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है. बड़े कोचिंग में नौकरी बचाने के डर से शिक्षक कुछ बोलते नहीं. विद्यार्थी पीछे बैठ फोन चलाते है लेकिन रूपक सर के क्लास में फोन चलाना असंभव है. रिजल्ट के लिए शिक्षक का संकल्प जरूरी है और रूपक सर के संकल्प से बच्चे खुद अनुशासित हो जाते हैं। और बेहतर परिणाम निकलते हैं.




दूसरे संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी आ रहे हैं रूपक सर के पास

ऐसे विद्याथी जो किसी अन्य कोचिंग में प्रवेश ले चुके हैं लेकिन भीड़ की वजह से बेहतर नहीं कर पा रहें है या अनुभवी शिक्षक के आभाव में उचित मार्गदर्शन नहीं मिलने से परेशान हैं। किसी भी कोचिंग में तीनों विषय के लिए और पूरे 11th-12th में अच्छे शिक्षक मिलना मुश्किल है। ऐसे बच्चे एक दो विषय बाहर पढ़ते ही हैं.

100% प्रतिशत स्कॉलरशिप वाले विद्यार्थी भी आते हैं

आप अगर अच्छे से पता लगायें तो पता चलेगा की बड़े कोचिंग के टॉपर बाहर किसी न किसी शिक्षक के पास जरूर पढ़ते हैं. प्रतिस्पर्धा को कम करने के लिए अच्छे बच्चों को 100 प्रतिशत तक का स्कॉलरशिप का लोभ देकर जोड़ तो लेते हैं लेकिन पढ़ाई से सभी को संतुष्ट नहीं कर पाते. हर साल बहुत से इस तरह के बच्चे रूपक सर के पास पढ़ने आते हैं.

ऐसे बच्चों के लिए रूपक सर 12.30 PM से 2.30 PM अलग से पढ़ाते हैं. वे चाहें तो एक-दो विषय के लिए पुराने कोचिंग से जुड़े रह सकते हैं. रांची के बड़े स्कूलों में 11.50 am तक छुट्टी हो जाती है तो ऐसे विद्यार्थी सीधे स्कूल से कोचिंग आते हैं। रूपक सर के पढ़ाते हुए विडियो Youtube एवं Facebook में आपको मंत्रमुगध कर देंगे

- Coaching के भीड़ से अलग, प्रत्येक बच्चे के प्रति समर्पित उच्च स्तरीय संस्थान
- (हमारे लिए हर बच्चा महत्वपूर्ण है).
- "IIT-JEE हो या NEET" के सपनो की प्लानिंग रूपक सर के मार्गदर्शन में.
- जो विद्यार्थी दूसरे कोचिंग से जुड़े हैं और Chemistry में और जरूरत है उनके लिए 1PM to 3.30PM में अलग पढ़ाई होती है.
- National Level Study-Material & Testing-Stystem
- पैरेंट्स के साथ रेगुलर इंटरेक्शन
- चैप्टर टेस्ट, पार्ट टेस्ट और फुल टेस्ट

Study Centre : IIT/ Medical Study Centre, NOP, Doranda Office : Kanke Road Call or 8088885400, 9801161667

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,400 रु./10 ग्राम
चांदी 72,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 06 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


# महाराष्ट्र से निकले सियासी फार्मूले से यूपी-बिहार में हलचल तेज

## ■ विपक्षी एकता के लिए खतरे की घंटी है महाराष्ट्र का सियासी फार्मूला
## ■ क्या बिहार-यूपी में भी खेला जायेगा 'तोता उड़ मैना उड़' का खेल
## ■ इस खेल का पहले ठाकरे फिर पवार हुए शिकार, आगे किसका नंबर

आजाद सिपाही विशेष

महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में जो टूट हुई है, उसका 'साइड इफेक्ट' बिहार के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में भी महसूस किया जा रहा है। महाराष्ट्र में एनसीपी की टूट के बाद बिहार में विपक्षी दलों का दावा है कि महाराष्ट्र की कहानी खासकर बिहार में भी दोहरायी जा सकती है। देखा जाये, तो सुशील मोदी, सम्राट चौधरी, उपेंद्र कुशवाहा, चिराग पासवान और जीतन राम मांझी समेत विपक्षी पार्टियों के दूसरे नेताओं ने दावा किया है कि बिहार में भी महाराष्ट्र के सियासी फॉर्मूले को बहुत जल्द दोहराया जा सकता है। वैसे महाराष्ट्र के सियासी भूचाल में कई संदेश छिपे है। एकनाथ शिंदे वाला फार्मूला कई राजनीतिक दलों के महत्वाकांक्षी नेताओं को लुभा रहा है। खासकर जिन्हें लगता है कि पार्टी तो वही चला रहे हैं, सारा काम-धाम तो वही संभाल रहे हैं और नाम हो रहा है आलाकमान का। इस क्रम में दिक्कत उन्हें हो रही है, जिन्हें लगता है कि पार्टी उनकी बपौती है, पार्टी में लोग उनके सेवक हैं। वे बरसों बोयी हुई फसल को काटेंगे और खायेंगे। लेकिन राजनीति तो वही होती है, जहां कोई नीति स्थायी नहीं होती। आलाकमान को जब लगने लगे कि वह जो बोलेगा, वही शासन होगा, तो आज के दौर में यह उसकी भूल है। यहां तो भतीजा भी चाचा से यह उम्मीद रखता है कि आलाकमान अपने पुत्र या पुत्री को दरकिनार कर राजपाट की कमान उसे ही दे। ऐसा वहीं होता है, जहां परिवारवाद होता है। पहले शिवसेना और अभी हाल में एनसीपी में वही देखने को मिला। बाला साहेब ठाकरे बनाम राज ठाकरे, अजित पवार बनाम शरद पवार। यहां भतीजों ने ही बगावत कर दी। लेकिन दोनों ने अपने पुत्र या पुत्री को ही पार्टी की कमान सौंपी। फिलहाल शिंदे फार्मूला से शिवसेना के बाद एनसीपी में फूट पड़ गयी है। या यूं कहें कि एनसीपी पर कब्जा हो गया है। सत्ता की लालच में पार्टी के मुखिया शरद पवार से उनके भतीजे अजित पवार ने बगावत कर दी है। अजित पवार ने 40 विधायकों के समर्थन का दावा करते हुए एनडीए का दामन थाम लिया है। एकनाथ शिंदे का फार्मूला अजित पवार को लुभा गया। यही फार्मूला अब विपक्ष के लिए 2024 में खतरनाक साबित हो सकता है। महाराष्ट्र में हुए इस सियासी उठापटक के बाद यूपी-बिहार समेत कई राज्यों में हलचल तेज हो गयी है। दावा तो यहां तक किया जा रहा है कि जल्द ही यूपी और बिहार से कई विपक्षी दल एनडीए में शामिल हो सकते हैं। अगर ऐसा होता है, तो लोकसभा चुनाव से पहले विपक्ष को बड़ा झटका लगना तय है। कैसे महाराष्ट्र फार्मूला बिगाड़ सकता है बिहार-यूपी में विपक्षी एकता का खेल, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

### भतीजे ने चाचा पवार को पद से हटाने का किया दावा, चाचा ने कहा खोटा सिक्का निकला अजित

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुटों ने बुधवार को शक्ति प्रदर्शन किया। एनसीपी प्रमुख अजित पवार और शरद पवार की ओर से विधायकों को बैठक में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया गया। हालांकि, बैठक की बात करें तो इसमें राकांपा का संख्याबल अजित पवार के साथ दिखा है। पार्टी के 53 में से 35 विधायक उनके साथ बैठक के लिए पहुंचे हैं। ऐसे में शरद पवार के लिए आने वाले समय में राकांपा के अस्तित्व को अपने नेतृत्व में रखने की उम्मीदों को बड़ा झटका लग सकता है। देखा जाये तो अजित पवार और शरद पवार के बीच की लड़ाई अब और ज्यादा बढ़ गयी है। अजित पवार ने चाचा शरद पवार को एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटा दिया है। अजित पवार खुद ही एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गये हैं। अजित पवार ने दावा किया है कि 30 जून को कार्यकारिणी की बैठक हुई थी, एनसीपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शरद पवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटाने के संबंध में प्रस्ताव पारित हुआ था। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें अध्यक्ष चुन लिया गया था। उन्होंने कहा कि प्रफुल्ल पटेल ने यह बैठक बुलायी थी। वहीं शरद पवार ने भतीजे अजित पवार पर बरसते हुए कहा कि एनसीपी का चुनाव चिह्न हमारे साथ है, इसे नहीं जाने दूंगा। लोग और पार्टी कार्यकर्ता हमारे साथ हैं जो हमें सत्ता तक लेकर आये। मेरी तस्वीर क्यों इस्तेमाल कर रहे हैं। अजित पवार खोटा सिक्का निकला।

### क्या बिहार में खेला जायेगा 'तोता उड़, मैना उड़' का खेल

महाराष्ट्र में हुई सियासी उथलपुथल के बाद जिस राज्य में इस तरह की टूट की बातें सबसे ज्यादा हो रही हैं, वह है बिहार। सोमवार को ही लोजपा (आर) सुप्रीमो चिराग पासवान ने दावा किया कि जल्द ही महागठबंधन की सरकार टूट सकती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी के कई विधायक और सांसद एनडीए के संपर्क में हैं। चिराग पासवान ने कहा कि जिस तरह से मुख्यमंत्री अपने विधायकों और सांसदों से मुलाकात कर रहे हैं, उससे यह स्पष्ट है कि उन्हें उनकी पार्टी टूटने का डर है। वहीं भाजपा नेता सुशील मोदी ने भी कुछ इसी तरह की बात कही। फिलहाल महाराष्ट्र के बाद लोगों को लग रहा है कि बिहार में कहीं विधायकों का हाल 'तोता उड़ मैना उड़' जैसा न हो जाये।




**महत्वाकांक्षी नेताओं को बल मिलेगा महाराष्ट्र के सियासी मेगा शो से**

### उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी छोड़ चुके हैं नीतीश का साथ

बीते दिनों ही पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के बेटे संतोष सुमन ने अचानक बिहार सरकार के मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। संतोष सुमन अपनी पार्टी हम के अध्यक्ष भी हैं। इसके बाद जीतनराम मांझी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करके एनडीए में शामिल होने का एलान कर दिया। पूरे बिहार की बात करें, तो अभी एनडीए के साथ लोक जनशक्ति पार्टी के पशुपति पारस वाला गुट और जीतनराम मांझी की पार्टी हम है। इसके अलावा आरएलजेडी के उपेंद्र कुशवाहा, चिराग पासवान की लोजपा (आर) और विकासशील इंसान पार्टी का साथ भी एनडीए को मिल सकता है। 2014 में भी कुशवाहा-मांझी और लोजपा एनडीए के साथ थे। तब लोजपा ने छह, उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी ने तीन और भाजपा ने 22 सीटें जीती थीं। इस बार भी कुछ ऐसा ही सीट बंटवारा हो सकता है। इसमें हम के मांझी और वीआइपी के मुकेश सहनी को एक-दो सीटें मिल सकती हैं।

### 'जदयू के कई विधायक और सांसद दूसरी पार्टी के संपर्क में'

लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान का कहना है कि एनसीपी में टूट को लेकर नीतीश कुमार को भी जदयू टूटने का डर सता रहा है। चिराग ने दावा किया कि उनके कई विधायक और सांसद दूसरी पार्टी के संपर्क में हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि जदयू के कई नेता तो मेरे संपर्क में भी हैं। वहीं राष्ट्रीय लोक जनता दल (रालोजद) के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने साफ कहा कि देश में जिस तरह विपक्षी एकता की कोशिश चल रही थी, उसमें महाराष्ट्र की घटना स्वाभाविक है। उन्होंने बिहार की तरफ इशारा करते हुए कहा कि आगे आने वाले दिनों में देखिए क्या-क्या होता है। उधर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का कहना है कि नीतीश कुमार राजनीतिक तौर पर समाप्त हो गये हैं। उनके विधायक भी यह जान रहे हैं कि यही स्थिति रही, तो आगे चुनाव में जीत मुश्किल हो जायेगी। यही कारण है कि उनके विधायक ठिकाना ढूंढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी के भाजपा में आने का प्रस्ताव आयेगा, तो देखा जायेगा। वहीं सुशील कुमार मोदी का कहना है कि शरद पवार की पार्टी एनसीपी में विद्रोह विपक्षी एकता की पटना बैठक का परिणाम है। जल्द ही जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) में भी भगदड़ मचने वाली है। नीतीश कुमार ने छह दिन पहले विधायकों-पार्षदों से मुलाकात की थी। शनिवार और रविवार को उन्होंने सांसदों को मिलने के लिए बुलाया था। इसे लेकर सुशील मोदी का दावा है कि नीतीश को टूट का डर है, जिसकी वजह से वह अपनों को मनाने में जुटे हैं।

### लालू परिवार पर चार्जशीट का क्या होगा सियासी असर

नौकरी के लिए जमीन घोटाला मामले में सीबीआइ ने बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव समेत कई अन्य के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करने के बाद एक बार फिर से बिहार में सियासी हलचल तेज हो गयी है। साल 2017 में भी जब सीबीआइ ने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और तत्कालीन डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव समेत 11 लोगों को आरोपी बनाया था, उस वक्त भी तेजी से राजनीतिक परिस्थितियां बदली थीं। एक बार फिर राजनीतिक हलचल बढ़ गयी है। राजनीतिक विश्लेषक यह अनुमान लगाने में व्यस्त हैं कि वर्ष 2017 की तरह सीएम नीतीश फिर से तेजस्वी यादव को कोई सलाह देंगे, या फिर इस बार वह चुप्पी साधे रखेंगे। क्या बिहार में फिर से कोई पलटी मरेगा, यह सवाल अब हवा में तैरने लगा है।

### वैसे भी नीतीश खुद को हमेशा असुरक्षित महसूस करते हैं

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बारे में अब यह सुरक्षित रूप से कहा जा सकता है कि वह खुद को हमेशा असुरक्षित महसूस करते हैं, जिनके साथ हैं, उनसे भी और जो विरोधी हैं, उनसे भी। इतना ही नहीं, बिहार की जनता के प्रति भी खुद को लेकर उनके मन में असुरक्षा की ही भावना है। आखिर तभी तो राजधानी पटना में कभी शिक्षक, कभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, तो कभी छात्रों की पिटाई होती है। लेकिन अब जब भाजपा ने अपने साथ जीतनराम मांझी की हम, लोजपा के दोनों धड़ों, मुकेश सहनी और उपेंद्र कुशवाहा को अपने साथ जोड़ लिया है, ऐसे में इस प्रकार की हर एक घटना पर भी चौतरफा प्रहार होगा।

### यूपी में भी सियासी हलचल तेज

उत्तर प्रदेश में भी तेजी से सियासी समीकरण बदलते हुए दिख रहे हैं। सपा के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने वाली ओम प्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की नजदीकियां एक बार फिर से भाजपा के साथ बढ़ती दिख रही हैं। अटकलें हैं कि लोकसभा चुनाव से पहले ओम प्रकाश राजभर फिर से एनडीए में शामिल हो सकते हैं। महाराष्ट्र के घटनाक्रम के बाद राजभर ने दावा किया कि सपा में भी ऐसी ही टूट हो सकती है। उन्होंने कहा कि सपा के विधायकों को पार्टी में कोई भविष्य नहीं दिख रहा है। जल्द ही कई विधायक पार्टी से अलग होकर सरकार में शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा पश्चिमी यूपी में सपा को मजबूत बनाने वाले जयंत चौधरी के भी एनडीए में शामिल होने के कयास लगाये जाने लगे हैं। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले भी इसका दावा तक कर चुके हैं। जयंत 23 जून को पटना में हुई विपक्ष की बैठक में भी शामिल नहीं हुए थे। दावा किया जा रहा है कि पिछले कुछ वर्षों में जयंत की पार्टी का प्रदर्शन भी काफी अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में जयंत अपनी पार्टी के भविष्य की संभावनाएं तलाश रहे हैं। यूपी में एनडीए गठबंधन में पहले से ही अपना दल (एस) और निषाद पार्टी हैं। लोकसभा चुनाव से पहले जनसत्ता लोकतांत्रिक पार्टी का भी साथ मिल सकता है। बसपा पर भी बीते कुछ वर्षों से अंदरखाने भाजपा से समझौते के आरोप लगते रहे हैं। अखिलेश की पार्टी अक्सर बसपा को भाजपा की बी टीम बताती रही है। हालांकि, बसपा भी यही आरोप सपा पर लगाती है।

खैर देखा जाये, तो महाराष्ट्र में हुए सियासी खेल से विपक्षी एकता को करारा झटका लगा है। बैठक की तारीख भी बार-बार बदल रही है। बिहार में 23 जून को हुई विपक्ष की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा था कि 11 या 12 जुलाई को शिमला में अगली बैठक होगी। इसके बाद कहा गया कि यह बैठक शिमला की जगह जयपुर में हो सकती है। हालांकि, बाद में 13-14 जुलाई को बेंगलुरू में बैठक होने की जानकारी दी गयी। अब महाराष्ट्र में हुए सियासी घटनाक्रम के बाद यह तारीख टाल दी गयी है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि अब यह बैठक 17-18 जुलाई को बेंगलुरु में ही होगी। राजनीतिक जानकार कहते हैं कि विपक्षी एकता में इस फूट का दोहरा असर पड़ सकता है। पहला यह कि महाराष्ट्र जैसी ही तोड़फोड़ की बातें बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों की विपक्षी पार्टियों में भी होने की लगी हैं। अगर ऐसा ही मॉडल महाराष्ट्र के बाद बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में भी लागू होता है, तो 2024 के लोकसभा चुनाव में एक ही पार्टी के दो-दो गुट चुनावी मैदान में होंगे। इससे वोटों का बिखराव होगा, जिसका फायदा भाजपा को हो सकता है। दूसरा असर यह कि इस टूट के बाद देश की अन्य विपक्षी पार्टियां सतर्क हो गयी हैं। ऐसे में जो दल अब तक विपक्षी गठबंधन में शामिल होने से हिचक रहे थे, वे भी अब एक मंच पर आ सकते हैं। अब ये विपक्षी दल अपने अस्तिव को बचाने के लिए लड़ाई लड़ेंगे।

# देवघर के श्रावणी मेले में सामाजिक संगठनों को शिविर लगाने की मिली अनुमति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/देवघर।** प्रसिद्ध श्रावणी मेला में विश्व हिंदू परिषद, रोटरी क्लब समेत अन्य संस्थाएं, संगठन भी सेवा शिविर लगा सकते हैं। शिविर के लिए जिला प्रशासन को दिये गये आवेदनों पर देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश के बाद एसडीओ ने शर्तों के साथ निःशुल्क सेवा शिविर लगाने की अनुमति दी है। कुल 8 संस्थाओं को जिला प्रशासन की ओर से शिविर के लिए परमिशन मिली है। साथ ही स्थलों का आवंटन भी किया गया है। इसके अनुसार विश्व हिंदू परिषद, देवघर को जलसार चिल्ड्रेन पार्क के समीप, सेवार्थ कांवरिया रुट लाइन में चलंत सेवा, जगन्नाथ धाम चेरिटेबल ट्रस्ट को भूतबंगला वन विभाग के समक्ष, बाबा बैद्यनाथ वेलफेयर सोसायटी को कांवरिया पथ खिजुरिया वन विभाग, नमन्या फाउंडेशन को जलसार चिल्ड्रेन पार्क, भारत सेवा आश्रम को नावाडीह स्वास्थ्य केंद्र के पास, रोटरी क्लब, देवघर को पं शिवराम झा चौक, भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी को नेहरू पार्क के समीप अपना शिविर संचालन करने की अनुमति मिली है। वहीं राजकीय श्रावणी मेला, 2023 के दूसरे दिन बुधवार को सुबह चार बजे मंदिर का पट खुलते ही जलार्पण शुरू हो गया। कांवरियों की कतार तड़के सुबह क्यू कॉम्प्लेक्स होते हुए नेहरू पार्क तक पहुंच गयी थी। इन शिवभक्तों की गूंज से रूट लाइन गुंजायमान है। सभी कांवरिया कतारबद्ध हो बाबा का जयघोष करते हुए निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। साथ ही रूट लाइन के हर प्वाइंट पर श्रद्धालुओं के सुविधा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किये गये हैं। इसके अलावे जलार्पण के लिए कतारबद्ध कांवरियों को नेहरू पार्क, क्यू कॉम्प्लेक्स से मानसिंघी फुट ओवर ब्रिज होते हुए बाबा मंदिर के गर्भ गृह में लगे अर्घा के माध्यम से जलार्पण कराया जा रहा है।



### इन शर्तों का पालन करना होगा

शिविर में पर्याप्त संख्या में अपने वालेंटियर नियुक्त करेंगे। वालेंटियर की सूची पहचान पत्र के साथ अनुमंडल कार्यालय, देवघर में 08 जुलाई तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।
कांवरियों-श्रद्धालुओं के आवागमन में शिविर के पास किसी प्रकार का यातायात संबंधी असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखेंगे।
शिविर परिसर और उसके आस-पास साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल, शौचालय, बिजली और अग्निशामक यंत्र आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।
कांवरियों-श्रद्धालुओं से सेवा के बदले किसी भी प्रकार की राशि की वसूली नहीं की जायेगी और दान पात्र भी नहीं रखेंगे।
शिविर से संबंधित बैनर के अतिरिक्त किसी प्रकार की अन्य गतिविधि यथा-धार्मिक, राजनीतिक आदि से संबंधित प्रचार-प्रसार का बैनर और पोस्टर नहीं लगायेंगे।
शिविर में ध्वनि विस्तारक यंत्र में केवल सामान्य माइक का उपयोग करेंगे।
डीजे का प्रयोग पूर्णतः निषेध रहेगा। बिजली का उपयोग करने पर अस्थायी कनक्शन लेना सुनिश्चित करेंगे।

# तबरेज मॉब लिंचिंग मामले में दोषियों को दस साल की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरायकेला सिविल कोर्ट ने तबरेज अंसारी की मॉब लिंचिंग कर हत्या करने वाले दोषियों के खिलाफ सजा का एलान कर दिया है। अदालत ने सभी दोषियों को 10 साल की सजा सुनायी है। साथ ही दोषियों पर 17,500 रुपये का अर्थ दंड भी लगाया है। सभी दोषी न्यायिक हिरासत में हैं। धारा 304 में ये मैक्सिमम सजा है। कोर्ट ने जिन्हें दोषी करार दिया है उसमें प्रकाश मंडल उर्फ पप्पू मंडल, भीम सिंह मुंडा, अतुल महाली, सुनामो प्रधान, विक्रम मंडल, चामू नायक, प्रेम चंद महाली, कमल महतो, मदन नायक, महेश महाली के नाम शामिल हैं। इन्हें आइपीसी की धारा 304, 323, 325, 341, 295 (अ) और 149 के तहत दोषी करार दिया गया है। एडीजे 1 अमित शेखर की अदालत ने दोषियों को सजा सुनायी है। इससे पहले इस केस से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने तबरेज अंसारी की हत्या में संलिप्त पाते हुए 10 आरोपियों को 27 जून को दोषी करार दिया था। जिन लोगों को दोषी करार दिया गया था, उनकी सजा की बिंदु पर बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान सुबह से तबरेज की पत्नी शाहिस्ता परवीन और अन्य परिजन कोर्ट में मौजूद थे।



## प्रदेश अध्यक्ष ने ट्वीट कर झामुमो पर निशाना साधा

# यह डर अच्छा है: बाबूलाल

**कहा- झारखंड में झामुमो का सफाया होने जा रहा, कांग्रेस लंगड़ी पार्टी बन गयी है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड बीजेपी के अध्यक्ष बनने के बाद बाबूलाल मरांडी एक्शन मोड में आ गये हैं। बाबूलाल ने लगातार ट्वीट कर झामुमो पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा है कि झारखंड में झामुमो का सफाया होने जा रहा है। कांग्रेस वैसे ही लंगड़ी पार्टी बन गयी है। बेहिसाब पैसा बनाने वाले, प्राकृतिक संपदा और गरीब आदिवासियों को लूटकर अपना घर भरने वाले, दलाल-बिचौलियों को सरकार की चाभी सौंपने वाले और झारखंड में लूटतंत्र स्थापित करने वालों में खलबली मची है।

बाबूलाल मरांडी ने लिखा कि दम निकलने से पहले की झामुमो में फड़फड़ाहट देखी जा सकती है। लेकिन, यह डर अच्छा है। बाबूलाल मरांडी ने एक अन्य ट्वीट कर लिखा कि झामुमो सरकार के दौरान छात्र-नौजवान बेरोजगारी के कारण हताश हैं। उनकी कोई सुनने वाला नहीं। झामुमो से जुड़े लोग बालू, कोयला, पत्थर, शराब आदि जैसे अवैध धंधों के जरिए दोनों हाथों से लूट रहे हैं। कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति के कारण व्यापारी और महिलाओं में असुरक्षा का भाव है। हर रोज रेप, हत्या, रंगदारी की खबरें अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। बाबूलाल ने आगे कहा कि झारखंड की गरीब जनता से सरकारी दफ्तरों में काम कराने के बदले अनाप-शनाप पैसे मांगे जा रहे हैं। कहीं कोई विकास का काम नहीं हो रहा सिर्फ झारखंडियों को आपस में लड़ाओ, समाज में तनाव पैदा करो और राज कायम रखो। अब ज्यादा वक्त नहीं है। अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। चलो साथियों मिलकर लड़ेंगे।

वहीं एक अन्य ट्वीट में बाबूलाल ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि राज्य पूरे भारत में सभी नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। डॉ. बी आर अम्बेडकर ने इन सिद्धांतों को भारतीय संविधान की विषिष्ट विशेषताओं के रूप में वर्णित किया है। जो धर्मनिरपेक्ष लोग यूसीसी पर सवाल उठा रहे हैं, वे एक तरह से हमारे भारतीय संविधान और बाबासाहेब बी आर अंबेडकर पर सवाल उठा रहे हैं।



### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल गुवाहाटी रवाना

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में लोकसभा चुनाव की रणनीति का खाका छह जुलाई को गुवाहाटी में बनेगा। इसे लेकर भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बुधवार को गुवाहाटी के लिए रवाना हुए, जहां वे पूर्वी भारत की सांगठनिक इकाइयों की बैठक में शामिल होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में बाबूलाल मरांडी के अलावा झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास और भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा भी शामिल होंगी। केंद्रीय नेतृत्व ने पूर्वी भारत के सभी राज्यों की सांगठनिक इकाइयों की बैठक बुलायी है, जिसमें झारखंड की भी 14 लोकसभा सीटों की स्थिति को लेकर विचार-विमर्श होगा। झारखंड के अलावा बिहार बंगाल ओड़िशा समेत उत्तर-पूर्व के राज्यों के प्रमुख नेता इस बैठक में भाग लेंगे। लोकसभा चुनाव के लिए सीटवार रणनीति बनायी जायेगी। सत्तारूढ़ गठबंधन की तैयारी को भी ध्यान में रखा जायेगा। जून महीने में चलाये गये महा जनसंपर्क अभियान की भी समीक्षा की जायेगी।

# जरूरतमंद को समय पर दवा उपलब्ध करायें : मुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में अधिकतर लोग गांव में बसते हैं। यहां किसान, श्रमिक हैं। हमें यह भी तय करना चाहिए कि गांव के लोगों को एंबुलेंस की सुविधा कैसे दें, उनके स्वास्थ्य की जांच कैसे हो, इसके लिए एक समय तय करना होगा कि किस दिन एंबुलेंस वाहन गांव के किस जगह पर कैंप कर रही है। ताकि ग्रामीण अपने कार्य को पूर्ण करके वहां उपस्थित होकर स्वास्थ सुविधा का लाभ ले सके। इस दिशा में कार्य योजना बनाकर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचायी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों में दवाएं एक्सपायर हो जाती है। लोगों को दवा अगर नहीं मिलेगा, तो वह एक्सपायर होगा ही। जरूरत इस बात की है कि जरूरतमंद को समय पर दवा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य है जहां आम नागरिकों के लिए सस्ते दर पर राज्य सरकार एयर एंबुलेंस उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री बुधवार को नामकुम स्थित आइपीएच प्रेक्षागृह स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

इस अवसर पर विधायक रामचंद्र सिंह व राजेश कच्छप, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, अभियान निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन आलोक त्रिवेदी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं चिकित्सक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




### इनका उद्घाटन-शिलान्यास और लोकार्पण हुआ

मुख्यमंत्री ने रिजनल ब्लड ट्रांसमिशन सेंटर, नागरमल मोदी सेवा सदन का उद्घाटन एवं ब्लड स्टोरेज केंद्रों का उद्घाटन किया। इस मौके पर 5 एमएमयू के संचालन एवं अन्य चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में स्माइल फाउंडेशन के साथ एमओयू हुआ। ममता वाहन ऐप, आयुष्मान ऐप तथा मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के लिए स्वास्थ्य ज्योति ऐप का लोकार्पण हुआ।

### स्वस्थ झारखंड, समृद्ध झारखंड की परिकल्पना को पूरा करने में जुटी सरकार : बन्ना गुप्ता

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्वस्थ झारखंड, समृद्ध झारखंड की परिकल्पना को पूरा करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। वर्तमान राज्य सरकार के गठन के बाद से ही झारखंड में स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप विभाग आधुनिक तरीके से आगे बढ़ रहा है। अस्पतालों में सभी जरूरी लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के जांच मशीनें लगायी जा रही हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना, उच्चस्तरीय लोगों से संपर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी।
- **वृष** — कुछ ऐसी समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा जो काफी दिनों से लंबित रहे।
- **मिथुन** — आजीविका के क्षेत्र में सफलता, कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर, राजनीतिक लाभ।
- **कर्क** — धार्मिक कार्य में रूचि, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण, आत्मविश्वास में वृद्धि।
- **सिंह** — नवीन उद्योग-व्यापार की योजनाएं सफल होने में कुछ बिलंब होने की संभावना।
- **कन्या** — प्रेमप्रसंगों में उलझन होगा, नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद।
- **तुला** — जमीन-मकान संबंधी महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे, छात्रों के लिए समय उत्साहवर्धक रहेगा।
- **वृश्चिक** — राजनीतिक व्यक्तियों को प्रभावशाली पद प्राप्त होगा, प्रेरक प्रसंगों की अभिवृद्धि होगी।
- **धनु** — विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी।
- **मकर** — सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से दूर रहें, हर्षदायक समाचार मिलेंगे।
- **कुंभ** — स्वास्थ्य में सुधार, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।
- **मीन** — सरकारी और न्यायालयीय कार्यों में कठिनाई उत्पन्न होगी, कठिन परिश्रम-प्रयत्न से व्यापार में लाभ।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल आम अवाम विकास मोर्चा के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है I पार्टी कार्यालय श्रीमति शैल देवी भवन ,सुखबाना,गढ़वा ,झारखंड-822114 में स्थित है I इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है I पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/ पता नीचे दिए गए हैं :

राष्ट्रीय अध्यक्ष: राम नरेश यादव ,ग्राम-पिपरडीह,थाना-नगर ऊंटारी ,जिला -गढ़वा ,झारखंड-822121

महासचिव : मधुसूदन शर्मा ,ग्राम-रेजो ,थाना-मेराल ,जिला-गढ़वा ,झारखंड-822114

कोषाध्यक्ष : पुनीत यादव ,ग्राम-पुतुर ,थाना-धुरकी ,जिला -गढ़वा,झारखंड-822121

यदि किसी को आम अवाम विकास मोर्चा के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल ),भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड ,नई दिल्ली 110001 को ,इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के अंदर भेजें.

# पत्थर कारोबारी कृष्ण कुमार साह से इडी ने की पूछताछ

**निशिकांत दुबे ने ट्वीट कर कहा- भ्रष्टाचार की कड़ी में किसका विकेट गिरेगा?**

**रांची (आजाद सिपाही)।** सोमवार को इडी ने पत्थर कारोबारी कृष्ण कुमार साह से पूछताछ की। सांसद निशिकांत दुबे ने ट्वीट किया कि आज झारखंड के भ्रष्टाचार की कड़ी में किसका विकेट गिरेगा? इस ट्वीट के बाद राजनीति तेज है। सूत्रों के अनुसार साहिबगंज जिले के बड़हरवा निवासी कृष्णा साह को सीएम के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना जाता है। अवैध खनन से जुड़े हैं कई लोगों के तार साहिबगंज में पत्थर के अवैध खनन के तार सरकार के कई वरिष्ठ लोगों से जुड़े हैं। एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही इडी कृष्णा साह को समन भेजकर 5 जुलाई को तलब किया था। इडी की कार्रवाई के बावजूद कृष्णा साह के खान में अवैध खनन जारी था। इसकी जानकारी इडी को मिली है, जिसके बाद ही इडी ने उसे समन भेजा। इडी ने साहिबगंज जिले के पतना अंचल क्षेत्र के चपांडे पहाड़ में शुक्रवार की रात अवैध खनन के दौरान दो मजदूरों की मौत हो गयी थी।

# झाप्रसे के तीन अधिकारी बीडीओ के पद पर नियुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य सरकार ने प्रखंड पदाधिकारी के पद के लिए झारखंड प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों की सेवा ग्रामीण विकास विभाग को सौंपी है। इनमें पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत अनिल कुमार सिंह, शशिभूषण वर्मा, अनिल कुमार हैं। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। अब ग्रामीण विकास विभाग रिक्त बीडीओ के पद पर इन अधिकारियों की पोस्टिंग करेगा।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 06 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in



# कार्यकर्ताओं ने सांसद दीपक प्रकाश को किया सम्मानित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची महानगर के भाजयुमो के कला और खेल प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने बुधवार को भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश से उनके आवास पर मुलाकात की। तीन वर्षों के उनके सफल कार्यकाल के लिए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा नेता आशुतोष द्विवेदी ने उन्हें अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। द्विवेदी ने कहा कि भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से अपना कार्यकाल को पूरा किया है। उन्होंने तीन वर्षों से पूरे प्रदेश से बूथ स्तर के सम्मानित कार्यकर्ताओं के साथ-साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य किया है। मौके पर राज्यसभा सांसद ने कहा कि मैं संगठन का एक सामान्य कार्यकर्ता हूं और हमेशा रहूंगा। भाजपा को मजबूत करने के लिए हम सभी ऊजार्वान कार्यकर्ताओं को एक साथ मिलकर झारखंड में पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार मिलकर बनायेंगे। यही मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी।

# राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोलेगी आजसू: देवशरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। बिना सुविधा शुल्क के कोई काम नहीं होता। इससे आम जनता त्रस्त है। ऐसी स्थिति में आजसू पार्टी शांत नहीं रहेगी। भगत बुधवार को रांची के हरमू स्थित पार्टी मुख्यालय में रांची जिला समिति की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रखंड मुख्यालयों में हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित कर सरकार का पदार्फाश करने का कार्य आजसू पार्टी करेगी। कार्यक्रम में उस क्षेत्र के पार्टी के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष संजय महतो ने जिला समिति के भावी कार्यक्रमों पर चर्चा एवं संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी जिला के पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये ।कार्यक्रम में मंच का संचालन रांची जिला प्रवक्ता रोशन मुंडा ने किया। इस मौके पर चिरंजन महतो, श्याम कुमार महतो, गौतम साहू, जलनाथ चौधरी, बीरेंद्र सिंह भोक्ता, रामधन बेदिया सहित अन्य मौजूद थे।

# डीजीपी ने नव प्रोन्नत एडीजी को बैज लगाकर किया सम्मानित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय में नव प्रोन्नत एडीजी प्रिया दुबे को बैज लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एडीजी मुख्यालय मुरारी लाल मीणा, आइजी मुख्यालय मनोज कौशिक, आइजी (मानवाधिकार) अखिलेश झा, आइजी अभियान अमोल विणुकांत होमकर, आइजी (प्रोविजन) प्रभात कुमार सहित अन्य कई अधिकारी मौजूद थे। बता दें कि गत तीन जुलाई को 1998 बैच की आइपीएस प्रिया दुबे को एडीजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए एडीजी प्रशिक्षण और आधुनिकीकरण के पद पर पदस्थापित किया था। इस संबंध में गृह, कारा और आपदा प्रबंधन विभाग अधिसूचना जारी की थी।

# झारखंड कैबिनेट की बैठक 11 जुलाई को

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य मंत्री परिषद की बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 11 जुलाई को होगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय निगरानी विभाग ने सभी विभागों को शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में शुरू होने वाली इस बैठक के लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजने का निर्देश दिया है।

## मध्यप्रदेश की घटना के खिलाफ जताया आक्रोश

# प्रदेश कांग्रेस ने सीएम शिवराज सिंह चौहान का पुतला फूंका

**आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना को लेकर किया प्रदर्शन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मध्यप्रदेश राज्य में एक व्यक्ति द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विरोध-प्रदर्शन किया। बुधवार को रांची के अल्बर्ट एक्का चौक में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। लोगों के अंदर इस घिनौनी घटना को लेकर काफी आक्रोश दिखा। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कल जो अमानवीय दृश्य आया है, इससे साफ पता चलता है कि भाजपा के कार्यकर्ता इतने अहंकार में डूब गये हैं। पहले तो अल्पसंख्यकों के साथ ऐसा होता था, लगातार उत्तर प्रदेश में दलितों के साथ हो रहा है अब मध्यप्रदेश में लगभग 4000 आदिवासियों के साथ अत्याचार और दुराचार हुआ है।

पार्टी पूरे प्रदेश में पुतला दहन कार्यक्रम रखा और मध्यप्रदेश के भ्रष्ट मुख्यमंत्री से मांग किया है कि कुकृत्य अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा दिलवायें अन्यथा वहां के राज्यपाल और देश के प्रधानमंत्री से मांग करेंगे कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से इस्तीफा लें। प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की ने कहा कि जो आदिवासी का अपने-आप को हितैशी कहलाता है, आदिवासियों को तरह-तरह की बात बोलकर बरगलातें। देश देख रहा है कि भाजपा के कार्यकर्ता द्वारा आदिवासी के माथे पर पेशाब कराया जा रहा है। यह कैसी विडंबना है भाजपा के आदिवासी नेताओं को डूब कर मर जाना चाहिए।

मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता के द्वारा आदिवासी युवक के उपर पेशाब करना पूरे देश को शर्मसार किया है। यह घटना भाजपा शासन में आदिवासियों को प्रताड़ित एवं अपमानित करने की चरम सीमा है। विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री सब का साथ की बात करते हैं दूसरी तरफ भाजपा के कार्यकर्ता देश के आदिवासियों के साथ कैसा व्यवहार कर रहे हैं वो पूरा देश देख रहा है। आदिवासियों का अपमानित और प्रताड़ित किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रमा खलखो, अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, विनय सिन्हा दीपू, डॉ एम तौसीफ, राजीव रंजन प्रसाद, सतीश पॉल मुंजनी, ईश्वर आनंद, सूर्यकांत शुक्ला, गजेंद्र सिंह, अजहर रब्बानी, नेली नाथन, राजेश सिन्हा सन्नी, अमरेंद्र सिंह, रामाकांत आनंद, सुरेन राम, उज्ज्वल तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पद सृजन और पढ़ाई के बिना परीक्षा लेना गलत: बंधु तिर्की



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मंत्री झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि 2020 में केंद्र सरकार द्वारा नयी शिक्षा नीति लागू होने के बाद जिन नये विषयों को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है, उसके लिए शिक्षकों व शिक्षकेतर कर्मचारियों की नियुक्ति और उन विषयों की पढ़ाई के बिना उसकी परीक्षा लेना पूरी तरीके से गलत है। तिर्की ने कहा कि ऐसे कदमों के कारण अंतिम में कदाचार को ही प्रोत्साहन मिलता है और कुल मिलाकर यह शिक्षा के मूलभूत उद्देश्यों से भटकाव है। तिर्की ने कहा कि इसे किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं ठहराया जा सकता। कहा कि मशरूम की खेती, जैविक कृषि, रिटर्न की इ-फाइलिंग, डिजिटल मार्केटिंग, अंग्रेजी अभिव्यक्ति, मछली पालन, मधुमक्खी पालन, टेक्सटाइल प्रबंधन, शेयर मार्केट का परिचय, वानिकी और वन्य जीव, सौंदर्य और तंदुरुस्ती जैसे अनेक विषय वैसे हैं, जिसे 2020 की नयी शिक्षा नीति के तहत नये विषय के रूप में पाठ्यक्रम में शामिल किया गया था। उन विषयों में महाविद्यालय या विश्वविद्यालय स्तर पर पढ़ाई की कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की गयी और ना ही इस मामले में सरकार या विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा किसी अन्य व्यवस्था को लागू करने पर गौर किया गया या कोई नीतिगत निर्णय लिया गया।

## झारखंड में सात-आठ को भारी बारिश की चेतावनी

**रांची।** राज्य में सात जुलाई से मानसून पूरी तरह फैल जायेगा। दक्षिणी झारखंड में सात और आठ जुलाई को भारी वर्षा की संभावना है। इस दौरान रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में काले बादल छाये रहेंगे। कई जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश का अलर्ट भी जारी किया गया है। झारखंड में अभी भी मानसून की कमी है। जून महीने में बारिश की कमी दर्ज की गयी है। झारखंड में अब तक 39 फीसदी बारिश कम हुई है। रांची मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि बारिश होने की वजह से राज्य के कई हिस्सों में तापमान में गिरावट आयी है। राज्य के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर अच्छी बारिश हुई है।

# 15 हजार छात्रों को सम्मानित करेगा पासवा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीबीएससी, आईसीएससी और जैक बोर्ड के 10वीं और 12वीं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक नंबर लाने वाले 15 हजार बच्चे सम्मानित किये जायेंगे। सम्मान समारोह 10 जुलाई को हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव में होगा। इसे लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से हजारों बच्चों ने अपना रजिस्ट्रेशन पूरा कर लिया है। पासवा के वोलेंटियर्स सभी विद्यालयों का दौरा कर रहे हैं। बच्चों के साथ-साथ लगभग 250 से अधिक प्रिंसिपल और डायरेक्टर भी सम्मानित किये जायेंगे। इसके साथ ही 10 जुलाई को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन भी बच्चे करा सकते हैं। बच्चों को सिर्फ मार्कशीट का फोटोकॉपी लेकर आना है। इस बात की जानकारी पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने दी। आलोक कुमार दुबे ने बताया कि सम्मान समारोह के लिए पूरे खेल परिसर को सजाया जा रहा है। होर्डिंग और बैनर लगाये जा रहे हैं। बच्चों को खाने की भी व्यवस्था की जा रही है। पासवा के मुख्य संरक्षक व वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव स्वयं मौजूद होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करेंगे। पासवा की प्रदेश महासचिव व समारोह की संयोजक फलक फातिमा ने कहा कि 80 प्रतिशत प्राप्तांक के बच्चों में भी अपार संभावनाएं रहती हैं। ऐसे बच्चों में सम्मान समारोह को लेकर काफी उत्साह रहता है। पासवा का यह मंच पूरे राज्य के बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास है। रांची महानगर अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा ने कहा कि पासवा का मुख्य उद्देश्य राज्य की शैक्षणिक स्थिति को गुणवत्ता, उत्कृष्टता, संस्कार युक्त और शत प्रतिशत शिक्षित और रोजगार परक बनाकर छात्रों विद्यालयों एवं प्रिंसिपल को प्रोत्साहन देना है।

# यूसीसी से देश के दुश्मनों को डरने की जरूरत: समीर उरांव

**आदिवासियों के हितों की होगी गारंटी, जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं, उनके असली इरादों को पहचानना जरूरी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा सांसद समीर उरांव ने कहा है कि समान नागरिक संहिता से देश के दुश्मनों को डरने की जरूरत है। जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं, उनके असली इरादों को पहचानने की आवश्यकता है। समीर उरांव ने कहा कि वामपंथी लोगों के साथ-साथ एक विशेष वर्ग के लोग यह भ्रम फैलाना चाहते हैं कि यूसीसी से आदिवासी समुदाय के लोगों के हितों को चोट पहुंचेगी।

चुनावी मौसम देखते हुए कुछ राजनीतिक दल भी इसको हवा देने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि इसके मसौदे में देश के सभी जनजातीय वर्गों की मान्यताओं को सुरक्षित रखने की पूरी व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने कहा कि यूसीसी से देश के किसी आदिवासी समुदाय के हितों को कोई चोट नहीं पहुंचेगी। समान नागरिक संहिता के मसौदे में आदिवासी समुदाय के लोगों की कस्टमरी प्रैक्टिसेज (पारंपरिक रीतिरिवाज) को सुरक्षित रखने की पूरी गारंटी दी जायेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की स्वतंत्रता से लेकर अब तक के 60 सालों में आदिवासियों को बरगलाया गया, लेकिन उनकी स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ। लेकिन अब आदिवासी समुदाय देख रहा है कि किस तरह केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद उनके विकास के लिए ठोस जमीनी काम हुए हैं। आदिवासी बहुल क्षेत्रों में विकास की नयी संभावनाएं तलाश कर उनकी जिंदगी बदलने का काम किया जा रहा है। इससे न केवल उनको रोजगार की नयी संभावनाएं मिल रही हैं, बल्कि उनके अंदर शिक्षा का प्रसार भी हो रहा है। यही कारण है कि अब आदिवासी समुदाय एकजुट होकर भाजपा को समर्थन कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि आगामी चार राज्यों के विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव 2024 में आदिवासी समुदाय का भाजपा को और भी ज्यादा समर्थन हासिल होगा।

# बोर्ड के टॉपर प्रसून प्रवर को किया गया सम्मानित



**डीपीएस के सभागार में 90 प्रतिशत से अधिक लाने वाले 144 विद्यार्थी भी हुए सम्मानित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को डीपीएस रांची के सभागार में सैकड़ों अभिभावकों, बच्चों और प्राचार्य राम सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में सीबीएससी 10वीं बोर्ड के टॉपर(रैंक-1) के रूप में प्रसून प्रवर को सीबीएससी के रीजनल ऑफिसर अरविन्द मिश्रा और प्राचार्य राम सिंह ने प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। डीपीएस के विवेकानंद ऑडोटोरियम में सीबीएससी के 10वीं बोर्ड के 90 प्रतिशत से अधिक हासिल करने वालें 144 बच्चों और पेरेंट्स को सम्मानित किया गया। सर्वाधिक अंक प्लाने वाले प्रसून प्रवर सहित सभी प्रतिभाओं को सीबीएससी के क्षेत्रीय पदाधिकारी और प्राचार्य राम सिंह ने सम्मानित किया। 98.6 प्रतिशत प्राप्त कर प्रसून प्रवर टॉपर रहे। वहीं 98.4 प्रतिशत हासिल कर पवनी कुमार सेकेंड टॉपर रहीं।

# किसान का बेटा बना सीए



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची हौसला बुलंद हो और मेहनत करने का माद्दा तो लक्ष्य को प्राप्त करने में कोई बाधा रोक नहीं सकती। इस बात को शुभम कुमार ने साबित कर दिया है। इन्होंने अपने परिश्रम और लगन की बदौलत चार्टर्ड एकाउंटेंट की परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त कर अपने किसान पिता का नाम रोशन कर दिया। शुभम चतरा प्रखंड के सोनपुर गांव के किसान सुरेंद्र प्रसाद सिंह और गृहिणी मीना देवी के पुत्र हैं। इनकी प्रारंभिक पढ़ाई हफुआ हाइस्कूल से हुई। इसके बाद उपेंद्र नाथ वर्मा इंटर कॉलेज चतरा से बारहवीं तथा रामलखन सिंह यादव कॉलेज रांची से वाणिज्य में बी. कॉम की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद शिक्षक सूरज कुमार के मार्गदर्शन में तैयारी कर सीए की परीक्षा में बैठे और उसमें सफलता प्राप्त की।

# सामाजिक संगठनों ने गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद को किया सम्मानित




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को सुबह 11 बजे बिहार क्लब के तत्वाधान में गौ सेवा आयोग झारखंड के नवनियुक्त अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद का क्लब के सभागार में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों के द्वारा स्वागत और अभिनंदन किया गया। सम्मान समारोह में महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ अजय सहाय ने चुनरी ओढ़ा कर और महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष जय सिंह यादव, महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप राय बाबू ने माल्यार्पण और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन और स्वागत किया। इसके बाद महानगर समिति के वरीय उपाध्यक्ष राजन वर्मा सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के अकील ओर रहमान, मोहम्मद इस्लाम, साहेब अली, रेड क्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष आदर्श शर्मा, किशोरगंज चूना भट्ठा के जगदीश वर्मा, बिहार क्लब रांची के सचिव संजय सिन्हा, प्रसिद्ध समाजसेवी प्रवीण लोहिया, ऑल इंडिया गद्दी समाज के साहेब अली, फुटपाथ दुकानदार संघ, परवेज अख्तर ,जुल्फिकार भुट्टो फिरोज सभी ने बारी-बारी से अपने संगठन की ओर से प्रसाद को चुनरी, पुष्पगुच्छ और अंग वस्त्र तथा माल्यार्पण कर अपनी संगठन की ओर से उनका अभिनंदन और स्वागत किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए नवनियुक्त गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने यह विश्वास दिलाया कि जिस विश्वास के साथ उनके पार्टी के नेतृत्व ने तथा झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन ने उनका मनोनयन किया है, उसपर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों के गौ सेवा आयोग के क्रियाकलापों और योजनाओं की जानकारी इकट्ठा की जा रही है, उनका अध्ययन करके आगे की रणनीति बनाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष और मुख्य संयोजक डॉ अजीत सहाय ने किया। संचालन महानगर समिति के महामंत्री रविंद्र वर्मा और धन्यवाद ज्ञापन अमरनाथ साहू ने किया। वहीं बिहार क्लब के सचिव संजय सिन्हा गोपू और रांची गौशाला समिति के प्रमोद सारस्वत रेड क्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष आदर्श शर्मा, मोहम्मद इस्लाम, साहेब अली, जुल्फिकार भुट्टो, जगदीश वर्मा, मोहम्मद फिरोज, परवेज अख्तर ने भी सभा को संबोधित किया।

# अग्रसेन भवन में 24वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव का शुभारंभ



**रांची (आजाद सिपाही)।** अग्रवाल सभा रांची की महिला समिति शाखा के तत्वावधान में बुधवार को 24वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव सह हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी मेला का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन भवन में हुआ। मौके पर श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची की उपनिदेशक सुमन पाठक ने कहा कि हमारा समाज रूढ़िवादिता से निकलकर बहुत आगे बढ़ रहा है। साईं नाथ विश्वविद्यालय रांची के कुलपति एसपी अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल समाज जितनी सेवा भाव में अग्रसर है उन्हें और दूसरे क्षेत्रों में भी, साथ ही सरकारी क्षेत्र में भी आगे आना चाहिए। अग्रवाल सभा महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल ने कहा कि मेले के दूसरे दिन महिलाओं द्वारा सावन सिंघाड़ा का भव्य आयोजन किया जायेगा। सावन महोत्सव की संयोजिका अलका सरावगी ने कहा कि मेले में तरह-तरह की नवीनतम डिजाइनों में रंग-बिरंगे वंदनवार, राखियां, लड़कियों एवं महिलाओं के कलात्मक परिधान, सजावट के सामान, श्रृंगार की सामग्री, हस्तशिल्प उत्पादों के अलावा लजीज व्यंजनों के स्टाल भी लगाये गये हैं।

## यूसीसी के खिलाफ आदिवासी अधिकार मंच ने एक दिवसीय धरना दिया, कहा-

# यूसीसी लागू होने से आदिवासी इस देश से खत्म हो जायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आदिवासी अधिकार मंच के बैनर तले आदिवासी सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने यूनिफार्म सिविल कोड (यूसीसी) के विरोध में बुधवार को राजभवन के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया। इस धरना प्रदर्शन के माध्यम से आदिवासियों ने यूसीसी लागू हो जाने से आदिवासियों के सामने आने वाली परेशानियों पर चिंता व्यक्त की। कहा इस कानून से आदिवासियों का आरक्षण खत्म हो जायेगा। साथ ही आदिवासियों के प्रथागत कानून भी खत्म हो जायेंगे। इससे आगे कहा कि पांचवीं



अनुसूची, छठी अनुसूची, सीएनटी एक्ट एसपीटी एक्ट, विलकिंसन रूल सभी समाप्त हो जायेंगे। कुल मिलाकर आदिवासी इस देश से खत्म हो जायेंगे। धरना प्रदर्शन में पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि यूसीसी लागू करना भाजपा के चुनावी एजेंडे में है। भाजपा देश को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहती है, इसी ओर यह पहला कदम है। अगर केंद्र सरकार यूसीसी लागू करती है तो यह आदिवासियों के विशेष अधिकारों का हनन होगा। आदिवासियों को संविधान में विशेष अधिकार मिला है। हिंदू मैरिज एक्ट के तहत आदिवासियों की शादी नहीं होती है। संबंध विच्छेद में भी अलग तरीका अपनाया जाता है। हमारे यहां सामाजिक तौर पर इनका निपटारा होता है। सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि आदिवासियों जल जंगल जमीन और परंपरा कि उनकी विरासत है। यूसीसी लागू कर केंद्र सरकार आदिवासियों का हक नहीं छीन सकती। इस धरना में मुख्य रूप से उरांव, मुंडा, संथाली, हो, लोहरा, महली, गौड़ समेत अन्य समुदाय के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व और समन्वय समिति के मुख्य संयोजक देव कुमार धान, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ चांपिया, आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा, आदिवासी रक्षा मंच के मुख्य संयोजक लक्ष्मीनारायण मुंडा, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, रामचंद्र उरांव, सुनील फकीरा, कुदरसी मुंडा, नारायण उरांव, निरंजना हेरेंज, दयामनी बारला, दखिन किस्कू यदुनाथ तियू, दामोदर हांसदा, श्याम सुन्दर करमाली, सवना मुंडा महावीर लोहरा जलेश्वर उरांव, मुंशी मुंडा सुधीर किस्कु अन्य आदिवासी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गेहूं और चावल का खुले बाजार में बिक्री करने का फैसला

रांची(आजाद सिपाही)। भारतीय खाद्य निगम खुली बिक्री योजना के माध्यम से समय-समय पर पूर्व निर्धारित कीमतों पर उपलब्ध स्टॉक से गेहूं और चावल की बिक्री करता है ताकि बाजार में गेहूं और चावल की आपूर्ति में वृद्धि हो सके, विशेष रूप से लीन सीजन के दौरान ताकि कीमतों पर नियंत्रण रखा जा सके ` तदनुसार, भारत सरकार ने भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से गेहूं और चावल की बढ़ती कीमतों को कम करने के लिए सेंट्रल पूल स्टॉक से आटा मिलों/निजी व्यापारियों/थोक खरीददारों/गेहूं उत्पादों के निमार्ताओं को ई-नीलामी के माध्यम से पूरे देश में गेहूं एवं चावल की तयशुदा मात्रा को खुले बाजार में बिक्री करने हेतु फैसला किया है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.com

## पूजा सिंघल के पति अभिषेक को सुप्रीम कोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

रांची(आजाद सिपाही)। भ्रष्टाचार और मनी लांड्रिंग के मामले में निलंबित और जेल में बंद झारखंड की वरीय आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने अभिषेक झा को अग्रिम जमानत दे दी है। साथ ही अदालत ने यह शर्त रखी है कि उन्हें अपना पासपोर्ट ट्रायल कोर्ट में जमा करना होगा। इसके अलावा वह इस केस से जुड़े गवाहों से संपर्क नहीं करेंगे। जस्टिस संजय किशन कौल और सुधांशु धुलिया की बेंच में सुनवाई हुई। अदालत ने उनके खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। बता दें कि हाइकोर्ट ने अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. (1) टीआरडी-आरएनसी-23-24-6, (2) टीआरडी-आरएनसी-23-24-7, (3) टीआरडी-आरएनसी-23-24-8, दिनांक 04.07.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं., कार्य का संक्षिप्त विवरण : (1)** आरएनसी मंडल की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पहचाने गए पिस्का (पीआईएस) स्टेशन पर 12.0 मी. चौड़े एफओबी के प्रावधान के चलते ओएचई में संशोधन। **(2)** कोचिंग डिपो/हटिया में स्पार्ट एवं 140 टी बीडी क्रेन को रखने के लिए एकीकृत कवर्ड शेड के निर्माण के चलते ओएचई में संशोधन। **(3)** रांची मंडल के एमईए (14 स्टेशनों पर पीएफ का बढ़ना/विस्तार, 05 स्टेशनों पर आरडीएसओ पीएफ शेड, 02 स्टेशनों पर एफओबी) को पूरा करने के लिए स्टेशनों पर सुविधाओं के प्रावधान के कारण ओएचई में संशोधन। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 12,35,066.48 (क्रम सं. 1 के लिए), ₹ 12,07,230.08 (क्रम सं. 2 के लिए) एवं ₹ 83,19,601.25 (क्रम सं. 3 के लिए)। **ईएमडी/बोली प्रतिभूति :** ₹ 24,700/- (क्रम सं.1 के लिए), ₹ 24,200/-(क्रम सं. 2 के लिए) एवं ₹ 1,66,400/-(क्रम सं. 3 के लिए)। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 26.07.2023 को अपराह्न 03.00 बजे प्रत्येक के लिए। **वेबसाइट का विवरण एवं वर्णन:** www. ireps.gov.in निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए तथा वे आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होने चाहिएं। सिर्फ पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। **(PR-368)**

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु नि–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**1. निविदा संख्या: EL/C/S/MHX/ ETEN/06/23-24**

**कार्य का नाम एवं स्थान:** ओबरा – फफराकुंड स्टेशन के बीच रमना–सिंगरौली दोहरीकरण लाइन एवं साथ ही साथ उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/दक्षिण के अंतर्गत अन्य दूसरे लोकेशन के अंतर्गत खंड के 25 के. वी.ओ.एच.ई. के डिजाइन, ड्राईंग, मोडिफिकेशन, सप्लाई, इरेकशन, टेस्टींग एवं कमिसनिंग के सम्बन्ध में **अनुमानित कार्य की लागत:** रु. 9,58,54,339.00 **कार्य पूर्ण करने का समय:** 06 माह

**2. निविदा संख्या: EL/C/S/MHX/ ETEN/07/23-24**

**कार्य का नाम एवं स्थान:** कोडरमा–तिलैया न्यू लाइन खण्ड में अदद 05 नंबर 25 के.वी. स्विचिंग पोस्ट (एस.पी/एस.एस.पी) के डिजाइन, ड्राइंग, मॉडिफिकेशन, सप्लाई, इरेक्शन टेस्टिंग, एवं कमीशनिंग के कार्य एवं उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/दक्षिण के अंतर्गत अन्य दूसरे लोकेशन में कार्य के सम्बन्ध में। **अनुमानित कार्य की लागत:** रु. 9,52,30,664.32 **कार्य पूर्ण करने का समय:** 09 माह

**जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य:** NIT के अनुसार एवं रु. शून्य, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 17.07.2023 दोपहर 12.00 बजे तक, **वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है:** आई.आर.इ.पी.एस. वेबसाइट पर www.ireps.gov.in पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिसर, पटना 800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/साउथ/पूमरे/महेन्द्रूघाट/पटना

पीआर/00679/सीओएनएस/ईएलईसी/टी/23–24/40


# सीसीएल के नवनियुक्त सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने समीक्षा बैठक की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जुलाई को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में सीसीएल के नवनियुक्ति सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डीने कंपनी के कार्यनिष्पादन से संबंधित एक समीक्षा बैठककिया। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक तकनीकी (संचालन) राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र,निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) बी साईराम, मुख्यी सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार सहित मुख्यामलय के विभिन्नत विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यीक्ष, क्षेत्रीय महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित



थे। समीक्षा बैठक में डॉ. रेड्डी नेउत्पादन, प्रेषण, कार्य-निष्पाभदन इत्या दि से संबंधित जानकारी हासिल किया। डॉ.रेड्डी ने अपने संबोधन में सभी कर्मियो से एक टीम की तरह कार्य करने पर बल दिया। ज्ञातव्यो हो कि डॉ. रेड्डी ने वर्ष 1986 में कोठागुडम स्कूल ऑफ माइन्स, उस्मानिया विश्वविद्यालय से खनन में बीटेक किया और वर्ष 2000 में कोठागुडम स्कूल ऑफ माइंस, उस्मानिया विश्वविद्यालय से माइन प्लानिंग में एमटेक की डिग्री हासिल की है। उनके पासकोयला खनन, योजना, खरीद, संचालन और कोयला उद्योग में 33 वर्षों का व्यापक अनुभव है। डॉ. रेड्डी वर्तमान में कोल इंडिया लिमिटेड में निदेशक तकनीकी (संचालन) के रूप में भी कार्यरत हैं।

# इंसिजनल हर्निया के दो मरीजों की मेडिका में हुई सफल सर्जरी

## मेडिका अस्पताल के सर्जन डॉ गौतम चंद्रा ने बोटोक्स टॉक्सीन का उपयोग कर की सर्जरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची:** मेडिका अस्पताल के सर्जरी विभाग में दो मरीजों के इंसिजनल हर्निया की सफल सर्जरी की गयी। ऑपरेशन में नयी विधि का उपयोग किया गया, जिससे सर्जरी असरदार और मरीज के लिए आरामदायक हो गयी। दोनों मरीजों का ऑपरेशन सर्जन डॉ गौतम चंद्रा द्वारा किया गया। ऑपरेशन के बाद दोनों मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है और सामान्य जीवन यापन कर रहे है। डॉ गौतम ने बताया कि इंसिजनल हर्निया के इस ऑपरेशन को दो फेज में किया गया। पहले फेज में




बोटोक्स टॉक्सीन इंजेक्शन का उपयोग किया गया। बोटोक्स का उपयोग सामान्यतः त्वचा को खुबसुरत (स्कीन को टाइट) बनाने के लिए किया जाता है, लेकिन हार्निया की सर्जरी में हम इसका उपयोग किये। इससे पेट जो बाहर निकल आया था, उसको सिकोड़ा गया। पहले चरण में पेट के दोनों हिस्से में पांच-पांच बोटोक्स इंजेक्शन दिया गया, जिससे आंत को अंदर होने के लिए जगह तैयार हो गया। इसके बाद मरीजों के हार्निया की सर्जरी की गयी। सर्जरी में कंपोजिट मेस (तीन से चार लेयर की जाली) का उपयोग किया गया, जिससे हार्निया की दोबारा समस्या नहीं होगी। ऑपरेशन आरामदायक हुआ, जिससे मरीज जल्द स्वस्थ हो गया। ऐसा ऑपरेशन राज्य में पहली बार हुआ है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई.निविदा सं० :** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीएन–11–23–24 दो पैकेट सिस्टम, **कार्य का नाम :** डिप्टी/सीई/कॉन/बरकाकाना के अंतर्गत पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद डिवीजन के सीआईसी अनुभाग में भुरकुंडा–पतरातू के बीच 120/3–4 पीटीआरयू स्टेशन की सीमा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 39/एसपीएल/टी किलोमीटर के बदले में रोड ओवर ब्रिज (5x30 मीटर स्पैन, कंपोजित गर्डर + 1x48 मीटर स्पैन, बो स्ट्रिंग गर्डर + 2x20.431 मीटर स्पैन, कंपोजिट गर्डर + 1x27.458 मीटर स्पैन, कंपोजिट गर्डर + 4x24.155 मीटर स्पैन, कंपोजिट गर्डर) का निर्माण। **अंकलित मूल्य (रु०) :** 64,77,59,794.39, **बोली प्रतिभूति (रु०):** 33,88,800.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 18 महीना, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 19.07.2023 at 15:30 बजे

ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण**
**पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना**

**पीआर/00661/कॉन/इंजी०/टी/23–24/44**

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई.निविदा सं० :** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीएन–12–23–24 दो पैकेट सिस्टम, **कार्य का नाम :** डिप्टी/सीई/कॉन/बरकाकाना के अंतर्गत पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद डिवीजन के सीआईसी अनुभाग में डेमू–लातेहार के बीच 217/10–12 लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 35/बी/टी (एस एंड टी नंबर 13/बी/टी) के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज (1x25.25 मीटर स्पैन, कंपोजित गर्डर + 1x29.83 मीटर स्पैन, कंपोजित गर्डर + 1x24.0 मीटर स्पैन, कंपोजित गर्डर + 1x60.0 मीटर स्पैन, बो स्ट्रिंग गर्डर + 9x24.0 मीटर स्पैन, कंपोजित गर्डर) का निर्माण। **अंकलित मूल्य (रु०) :** 62,94,01,538.09, **बोली प्रतिभूति (रु०):** 32,97,000.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 18 महीना, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 21.07.2023 at 15:30 बजे

ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण**
**पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना**

**पीआर/00662/कॉन/इंजी०/टी/23–24/44**


## टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी के घोषित रैंकिंग में

# 12वीं सर्वश्रेष्ठ भारतीय यूनिवर्सिटी के स्थान पर कीट डीम्ड विश्वविद्यालय भुवनेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिग 2023 में, कीट यूनिवर्सिटी को भारतीय विश्वविद्यालयों में 12वां स्थान दिया गया है जबकि कीट डीम्ड यूनिवर्सिटी को वैश्विक स्तर पर 151 से 200वीं रैंकिंग मिली है।

हाल ही में प्रकाशित टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिग 2023 में, कीट को भारतीय विश्वविद्यालयों में 13वां और पूरे एशिया में 147वां स्थान दिया गया है। गौरतलब है कि कीट डीम्ड यूनिवर्सिटी 25 साल पुरानी संस्था और 19 साल पुरानी यूनिवर्सिटी है, लेकिन अब यह भारत में 50 साल से अधिक पुराने विश्वविद्यालयों का पर्याय बन गई है।

यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग टाइम्स हायर एजुकेशन द्वारा शिक्षण, अनुसंधान उपलब्धि, उद्धरण प्रभाव, अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण, उद्योग आय आदि जैसे अनेक मानदंडों के आधार पर की जाती है। कीट की इस सफलता के लिए कीट के सभी संकाय सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों ने संस्थापक प्रो अच्युत के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि कीट की उल्लेखनीय सफलता के पीछे प्रो अच्युत सामंत की दूरदृष्टि और समर्पण आदि की प्रमुख भूमिका की है।

# एम्स भुवनेश्वर ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भुवनेश्वर ने शैक्षणिक, अनुसंधान और व्यापक पुनर्वास देखभाल के लिए स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एसवीएनआई आरटीएआर) कटक के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष विश्वास और एसवीएनआईआरटीएआर के निदेशक डॉ. पीपी मोहंती ने समग्र पुनर्वास देखभाल के लिए कई पहलुओं पर संयुक्त रूप से काम करने के लिए आज समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एमओयू पर बोलते हुए एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ. बिस्वास ने कहा कि दो प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान मरीजों के रेफरल (जैसे न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी,

**भारत के सबसे बड़े लोकोमोटर पुनर्वास केंद्र ने व्यापक पुनर्वास देखभाल के लिए आइएनआइ के साथ हाथ मिलाया है**

ऑथोर्पेडिक्स, बर्न और प्लास्टिक सर्जरी, बाल रोग, मेडिसिन) और एसवीएनआईआरटीएआर के विभाग जैसे फिजियोथेरेपी, व्यावसायिक थेरेपी पर काम करेंगे। आथोर्पेडिक्स आदि) विशेष क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल और अनुसंधान में सुधार के लिए। इसके अलावा, डॉ. बिस्वास ने हृदय, मानसिक, कैंसर आदि जैसे अन्य रोगी समूहों के लिए पुनर्वास देखभाल के विस्तार की गुंजाइश पर भी जोर दिया। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य फेलोशिप, सहयोगात्मक अनुसंधान, संगोष्ठियों के संचालन के रूप में विभिन्न अल्पकालिक शैक्षणिक कार्यक्रमों को डिजाइन करना भी है। दोनों संस्थानों में छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए चुने हुए विषयों और क्षेत्रों पर संगोष्ठी, कार्यशालाएं, सेमिनार और सम्मेलन। माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने लोगों को स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने में उत्कृष्टता लाने के लिए हमेशा ऐसे गठजोड़ को प्रोत्साहित किया है। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ. विश्वास ने इस समझौता ज्ञापन को सफल बनाने में समर्थन के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

साथ ही, एनईपी 2020 के तहत प्रावधान के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों के तहत अकादमिक क्रेडिट शेयरिंग तंत्र विकसित करना। भारत की सबसे बड़ी लोकोमोटर पुनर्वास देखभाल होने के नाते, रश्ठक्मळअफ फिजियोथेरेपी, व्यावसायिक थेरेपी, स्पीच थेरेपी, प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स आदि जैसी पुनर्वास देखभाल की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान कर रहा है। यह सहयोग एम्स भुवनेश्वर में तीव्र देखभाल के संपर्क का अवसर देगा ताकि पुनर्वास सुविधा उपलब्ध हो सके। एसवीएनआईआरटीएआर के निदेशक डॉ. पी.पी. मोहंती ने कहा, इसे बहुत प्रारंभिक चरण में प्रोग्राम और शुरू किया जा सकता है। अन्य लोगों में, एम्स भुवनेश्वर के डीन (अकादमिक) डॉ. पीआर महापात्र, डीईएएन (अनुसंधान) डॉ. सत्यजीत मिश्रा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डीके परिदा, एसोसिएट डीईएएन (अनुसंधान) डॉ. भागीरथी द्विवेदी, पीआर सेल एफआईसी डॉ. प्रभास रंजन त्रिपाठी, एसएओ शामिल हैं। इस अवसर पर रस्मी रंजन सेठी के साथ प्रज्ञान सिंह, संकाय (व्यावसायिक थेरेपी) और रस्मी रंजन स्वैन, प्रशिक्षण समन्वयक एसवीएनआई आरटीएआर भी उपस्थित थे।


**UNIVERSITY COLLEGE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY**
(UCET)
**VINOBA BHAVE UNIVERSITY**
Hazaribag - 825319 (Jharkhand)
**Approved by UGC & AICTE**
**Ph. No. : 06546-261929, E-mail : Vbuucet@gmail.com,**
**Website : www.ucelvbu.ac.in**

**ADMISSION NOTICE**

**Bachelor in AI & ML Programme (Session: 2023-26)**
**Admission open for three-years Full-Time Programme in Bachelor in Artificial Intelligence & Machine Learning course.**
Intake: 60 seats only.
Note - Admission will be held by Entrance Test.
Admission form will be available online/offline mode from 17th April 2023 to 8th August 2023. Admission process will be held from 13th August to 31st August 2023.
Applications form may be obtained from the department by paying Rs. 1000/- (Rs. One Thousand only) through Challan (available in the Dept.) between 10:30 A.M. to 3:30 P.M. The duly filled in the application form must be submitted in the department on or before 31st August 2023.
For more information visit University website: www.vbu.ac.in/ www.ucetvbu.ac.in
For any enquiry, contact no.: 6206363923/ 9162523117/ 9430182008/

By order of the Vice-Chancellor
Sd/-
Registrar

**Memo No.:** VBU/UCET/R/1876/2023
**Dated :** 05.07.2023


# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सम्मेलन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल राँची के सभागार में एमयूएन (मॉडल यूनाइटेड नेशन) सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया जिसका विषय था-रूस और यूक्रेंन के विवादों का समाधान और शांति की स्थापना। इस सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल पुष्कर कुमार झा (भूतपूर्व ट्रेनिंग प्रशिक्षक, चेन्नई), निर्णायक विभूति भूषण विश्वास (असिस्टेंट प्रोफेसर सेंट्रल यूनिवर्सिटी, राँची) एवं डॉक्टर श्रेया पांडेय (असिस्टेंट प्रोफेसर, संत जेवियर कॉलेज, राँची), एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता, उप प्राचार्य श्री के.आर.झा जूनियर विंग इंचार्ज श्री राज किशोर शर्मा ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। मॉडल यूनाइटेड नेशन सम्मेलन एक




प्रक्रिया है जो वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान को खोजने के लिए संयुक्त राष्ट्र की भूमिका का अनुकरण करता है, जो संयुक्त राष्ट्र की शैक्षिक संघ के माध्यम से किया जाता है। मॉडल ऑफ यूनाइटेड नेशन सम्मेलन के तहत अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें अध्यक्ष की भूमिका में कक्षा बारहवीं की छात्रा विशाखा कुमारी, उपाध्यक्ष की भूमिका में स्वास्तिका पांडेय थी। अन्य गतिविधियों में प्रश्नोत्तरी, वोटिंग प्रक्रिया, वाद-विवाद इत्यादि शामिल थे। इस कार्यक्रम में शहर के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों ने अलग अलग देशों के प्रतिनिधि के रूप में हिस्सा लिया, जिसमें ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल पुनदाग, संत जॉन्स स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल के 55 प्रतिनिधियों ने हिस्सा। सभी प्रतिनिधियों ने विश्व में शांति एवं सद्भावना की स्थापना का संकल्प लिया। ओपीएसएम यूएन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया जिसमें सर्वोत्कृष्ट प्रतिनिधि का पुरस्कार ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के छात्र मो कमर आलम और दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र सुभान शर्मा को दिया गया। उत्कृष्ट वक्ता का पुरस्कार डीपीएस के छात्र रोहित सिंह, दर्शित पंडित, ईस बाशु एवं ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के छात्र उत्सव कुमार तथा ऋषि राज को दिया गया। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल पुष्कर झा ने इस सम्मेलन को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं भावी पीढ़ी के लिए उपयुक्त बताते हुए कहा कि विद्यालय स्तर पर यदि ऐसे कार्यक्रम करवायें जाते हैं तो विद्यार्थियों में विश्व में चल रहे महत्त्वपूर्ण मुद्दे की समझ विकसित होगी। निर्णायक के रूप में उपस्थित डॉक्टर विभूति भूषण विश्वास एवं डॉक्टर श्रेया पांडेय ने इस कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए यूनाइटेड नेशन का विश्व में एक महत्वपूर्ण योगदान की जानकारी प्रदान की उन्होंने मॉडल यूनाइटेड नेशन के महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का उल्लेख भी किया। विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता ने अपने संबोधन में मॉडल यूनाइटेड नेशंस से संबंधित अति महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र विश्व में हो रहे उतार-चढ़ाव के बीच अपनी सहभागिता सकारात्मक रूप से निभाता है। विद्यालय के उप प्राचार्य श्री के आर झा ने अपने संबोधन में कहा कि मॉडल यूनाइटेड नेशन हमें यह सिखाता है कि विश्व के सामने हम अपनी स्थिति परिस्थिति को कैसे उजागर करें तथा उसका निदान कैसे किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन विवेक गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की कॉर्डिनेटर विद्यालय की राजनीतिक विज्ञान की शिक्षिका श्रीमती नैन्सी रोजी सिंह थी। सम्मेलन का समापन इतिहास की शिक्षिका श्रीमती पी. तमिल सेल्वी के धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्र गान के साथ हुआ। इस अवसर पर अनेक विद्यालय के विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक शिक्षिकाएं तथा इस विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।


**DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY**
**Ranchi, Jharkhand.**

**NOTICE INVITING TENDER**

The Registrar, Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi invites tenders under two bid system (Technical Bid and Financial Bid), from experienced and reputed contractor/firms/agencies/companies only for **"Renovation work of VC's Chamber at Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi, Jharkhand."** Publication of Tender Document in University website is **06.07.2023** at **04:00 PM.** Last Date & Time for submission of Tender Documents is **17.07.2023** till **01:00** PM

The detailed information about the tender document can be obtained from the office of the Section-Officer (General) or from the University Website:- www.dspmuranchi.ac.in.

**Memo:** DSPMU/G/459/23
**Dated:** 05.07.2023

**Sd/- Registrar**
**DSPMU, Ranchi**

## खालिस्तानियों पर नकेल कसना जरूरी

अमेरिका और कनाडा से लगभग एक साथ आई खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों की खबरें चिंताजनक हैं। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में न केवल तोड़फोड़ की गई बल्कि उसमें आग भी लगा दी गई। गत दो जुलाई को हुई इन घटनाओं के विडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए गए। उधर, कनाडा में खालिस्तान समर्थकों ने दो भारतीय राजनयिकों की तस्वीर वाले पोस्टर लगाए। वे इन राजनयिकों को कनाडा में पिछले दिनों हुई खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का दोषी बता रहे हैं।

निज्जर की कनाडा में एक गुरुद्वारा के सामने अज्ञात लोगों ने पिछले महीने गोली मार कर हत्या कर दी थी। सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में हुई तोड़फोड़ और आगजनी की घटना का विडियो शेयर करते हुए भी निज्जर की हत्या से जुड़ी खबरों की कतरनें दी गई थीं। ध्यान रहे, सैन फ्रांसिस्को में यह इस तरह की पहली घटना नहीं है। इसी साल मार्च में खालिस्तान समर्थकों ने वहां वाणिज्य दूतावास में तोड़फोड़ की थी। दो जुलाई की घटना में हालांकि ज्यादा नुकसान नहीं हुआ, आग पर तुरंत काबू पा लिया गया, सभी स्टाफ भी सुरक्षित बताए जाते हैं, लेकिन यह घटना बेहद गंभीर है। कनाडा में भारतीय राजनयिकों की तस्वीर प्रचारित करना तो और भी खतरनाक है। भारत सरकार ने ठीक ही इसे गंभीरता से लेते हुए जहां कनाडा के हाईकमिश्नर को समन किया, वहीं अमेरिकी सरकार से भी उपयुक्त कार्रवाई के लिए कहा है। दोनों सरकारों ने इस पर एक्शन लेने की बात कही भी है, लेकिन सचाई यही है कि खालिस्तान समर्थक तत्वों से निपटने में ये सरकारें अभी तक प्रभावी साबित नहीं हुई हैं। अमेरिका और कनाडा ही नहीं, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश भी हैं जिनके भारत से बेहद करीबी और दोस्ताना रिश्ते हैं, लेकिन वहां खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियां खबरें बनती रहती हैं। इन सरकारों का तर्क है कि जब तक ये संगठन शांतिपूर्ण विरोध करते हैं और किसी तरह की अवैध गतिविधियों में लिप्त नहीं होते, तब तक इनके खिलाफ कार्रवाई करना इसलिए मुश्किल है क्योंकि उसे वहां के नागरिक अधिकारों के खिलाफ माना जाएगा। मगर ये संगठन और उनसे जुड़े लोग अक्सर इसी लोकतांत्रिक स्पेस का इस्तेमाल करते हुए आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं। इसका ताजा उदाहरण अमृतपाल सिंह का है, जो धर्म की आड़ में सीधे कानून-व्यवस्था को चुनौती देने पर उतर आया था। यही वजह है कि भारत इन तमाम मित्र देशों की सरकारों से बार-बार कह रहा है कि इन तत्वों को अपने यहां स्पेस न दें। यह भारत की संप्रभुता और एकता एवं अखंडता से जुड़ा मसला है। यह सुनिश्चित करना सबके हित में है कि हिंसा में लिप्त आतंकवादी या अलगाववादी तत्वों को किसी तरह की आड़ न मिलने दी जाए। चाहे जिस किसी भी नाम पर फलें-फूलें ये आखिरकार इंसानियत को अपना कुरूप चेहरा दिखाते ही हैं। इसलिए समय रहते इनकी नकेल कसना जरूरी है।

**अमेरिका से लेकर कनाडा, ब्रिटेन से लेकर ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तान समर्थकों के विरोध प्रदर्शन की खबरें अक्सर आती रहती हैं। अमेरिका में 2 जुलाई को खालिस्तानियों ने कॉन्सुलेट पर हमला कर दिया। इन लोगों ने आगजनी का भी प्रयास किया।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**सन् 1929 में इनका राजनीतिक करियर शुरू हुआ था और इन्होंने इस साल बंगाल विधान परिषद में कलकत्ता विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कांग्रेस की ओर से किया था। हालांकि एक साल बाद ही इन्होंने इस परिषद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन इन्हें एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में फिर से निर्वाचित किया गया था। सन 1939 में ये हिंदू महासभा से जुड़ गये थे और इसी साल इन्हें इस महासभा का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था।**

## डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी एक सच्चे भारतीय : प्रो. तपन कुमार शांडिल्य



प्रो. तपन कुमार शांडिल्य



डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई, 1901 को एक संभ्रांत परिवार में हुआ था। महानता के सभी गुण उन्हें विरासत में मिले थे। उनके पिता आशुतोष बाबू अपने जमाने के विख्यात शिक्षाविद् थे। श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संबंध एक बंगाली परिवार से था और इनका जन्म कलकत्ता में हुआ था। इनके परिवार में काफी विद्वान लोग हुआ करते थे और इनके पिता बंगाल के उच्च न्यायालय में बतौर न्यायाधीश के रुप में कार्य किया करते थे और कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलगुरू भी हुआ करते थे। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के परिवार में इनके कुल तीन भाई और तीन बहनें थीं और इनके एक भाई राम प्रसाद थे, जो कलकत्ता के उच्च न्यायालय में न्यायाधीश हुआ करते थे। श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पत्नी का नाम सुधा देवी था और इन दोनों का विवाह 16 अप्रैल 1922 में हुआ था। इन दोनों के कुल पांच बच्चे थे, जिनमें से इनके एक बच्चे की मृत्यु डिप्थीरिया के कारण हो गयी थी। जिसके बाद इनके कुल चार बच्चे रहे गये थे जिनमें से इनके दो बेटे और दो बेटियां थी। वे 24 वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय सीनेट के सदस्य बने। उनका ध्यान गणित की ओर विशेष था। इसके अध्ययन के लिए वे विदेश गये तथा लंदन मैथेमेटिकल सोसायटी ने उनको सम्मानित सदस्य बनाया। वहां से लौटने के बाद डॉ. मुखर्जी ने वकालत तथा विश्वविद्यालय की सेवा में कार्यरत हो गये। कुलपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को पहली बार बंगाली भाषा में संबोधित किया और भारतीय भाषा को सर्वोच्च परीक्षा के लिए एक विषय के रूप में प्रस्तुत किया गया। वर्ष 1946 में उन्होंने बंगाल के विभाजन की मांग की ताकि इसके हिंदू-बहुल क्षेत्रों को मुस्लिम बहुल पूर्वी पाकिस्तान में शामिल करने से रोका जा सके। 33 वर्ष की आयु में श्यामा प्रसाद मुखर्जी कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने।

**इस स्वतंत्रता तथा एकता को बनाये रखने के उद्देश्य से ही ऐसे दल के निर्माण की आवश्यकता हुई।**

सन 1929 में इनका राजनीतिक करियर शुरू हुआ था। इन्होंने इस साल बंगाल विधान परिषद में कलकत्ता विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कांग्रेस की ओर से किया था। हालांकि एक साल बाद ही इन्होंने इस परिषद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन इन्हें एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में फिर से निर्वाचित किया गया था। सन् 1939 में ये हिंदू महासभा से जुड़ गये थे और इसी साल इन्हें इस महासभा का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के हृदय में यह बात स्पष्ट थी कि यह राजनीतिक दल किसी जाति अथवा धर्म का विरोध करने के लिए नहीं बनाया गया। इसका उद्देश्य नकारात्मक नहीं है। वे यह मानते थे कि देश एक सहस्त्र वर्ष के उपरान्त स्वतंत्र हुआ है और इस प्रकार राजनीतिक रूप में संगठित देश केवल चन्द्रगुप्त, विक्रमादित्य, अशोक तथा हर्ष के काल में हो सका था। इस स्वतंत्रता तथा एकता को बनाये रखने के उद्देश्य से ही ऐसे दल के निर्माण की आवश्यकता हुई। जाति-पाति के भेद-भाव, प्रान्तीयता की संकीर्णता को पनपने से रोकने के लिए ही यह प्रयास है। ऐसे देशद्रोहियों से जो देश को विदेशियों के हाथ बेचने के लिए उद्यत हैं, बचाने और देश में मातृभूमि के प्रति भक्ति की भावना उत्पन्न करने के लिए इस दल की आवश्यकता थी। यदि कहीं ऐसा न हो सका तो देश पुनः विदेशियों की दासता में फंस जायेगा। संसार में जो मत्स्य-न्याय चल रहा है उससे बचने तथा संसार को बचाने के लिए भारत का एक रहना और शक्ति सम्पन्न होना अत्यावश्यक है।

भारत के साथ प्रेम का अर्थ हिन्दू भावना और संस्कृति से प्रेम है। इस संस्कृति के प्रेम से ही सर्व-धर्म की रक्षा संभव है। इस कारण देश में न्याय-धर्म और स्वतंत्रता के नाते ऐसे दल की आवश्यकता थी जो इसके लिए कार्य करे।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने स्वेच्छा से अलख जगाने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया। डॉ. मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी थे। उन्होंने बहुत से गैर कांग्रेसी हिन्दुओं की मदद से कृषक प्रजा पार्टी से मिलकर प्रगतिशील गठबंधन का निर्माण किया। इस सरकार में वे मंत्री भी बने। इसी समय वे सावरकर के राष्ट्रवाद के प्रति आकर्षित हुए और हिन्दू महासभा में सम्मिलित हुए।

कांग्रेस पार्टी से अलग होने के बाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आरएसएस से जुड़े। श्री गोलवलकरगुरुजी के परामर्श करने के बाद 21 अक्टूबर 1951 में भारतीय जनसंघ (बीजेएस) पार्टी का गठन किया था। इस पार्टी को बनाने के साथ ही ये इसके प्रथम अध्यक्ष बन गये थे और साल 1952 में इनकी पार्टी ने लोकसभा के चुनावों में भाग लिया था। इस चुनाव में इनकी पार्टी को 3 सीटों पर जीत प्राप्त हुई थी। अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत के प्रथम मंत्रिमंडल में एक गैर-कांग्रेसी मंत्री के रूप में उन्होंने वित्त मंत्रालय का काम संभाला। 1950 में भारत की दशा दयनीय थी। इससे डॉ. मुखर्जी के मन को गहरा आघात लगा। उनसे यह देखा न गया और भारत सरकार की अहिंसावादी नीति के फलस्वरूप मंत्रिमंडल से त्यागपत्र देकर संसद में विरोधी पक्ष की भूमिका का निर्वाह करने लगे। एक ही देश में दो झंडे और दो निशान भी उनको स्वीकार नहीं थे। अतः कश्मीर का भारत में विलय के लिए डॉ. मुखर्जी ने प्रयत्न प्रारंभ कर दिये। इसके लिए उन्होंने जम्मू की प्रजा परिषद पार्टी के साथ मिलकर आंदोलन छेड़ दिया। जम्मू-कश्मीर राज्य का अलग संविधान बनाने के विरुद्ध श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपनी आवाज उठायी थी। वो इस राज्य के लिए अलग संविधान बनाने के पक्ष में नहीं थे और इसी दौरान इन्होंने इस राज्य का दौरा भी किया था। अटल बिहारी वाजपेयी (तत्कालीन विदेश मंत्री), वैद्य गुरुदत्त, डॉ. बर्मन और टेकचंद आदि को लेकर उन्होंने 8 मई 1953 को जम्मू के लिए कूच किया। सीमा प्रवेश के बाद उनको जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। 40 दिन तक डॉ. मुखर्जी जेल में बंद रहे और 23 जून 1953 को जेल में उनकी रहस्यमय ढंग से मृत्यु हो गयी।

डॉ. मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं। इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे। वे मानते थे कि विभाजन संबंधी उत्पन्न हुई परिस्थिति ऐतिहासिक और सामाजिक कारणों से थी। वे मानते थे कि आधारभूत सत्य यह है कि हम सब एक हैं।

हममें कोई अंतर नहीं है। हम सब एक ही रक्त के है। एक ही भाषा, एक ही संस्कृति और एक ही हमारी विरासत है। परंतु उनके इन विचारों को अन्य राजनैतिक दल के तत्कालीन नेताओं ने अन्यथा रूप से प्रचारित-प्रसारित किया। बावजूद इसके लोगों के दिलों में उनके प्रति अथाह प्यार और समर्थन बढ़ता गया।

डॉ॰ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक सच्चे राष्ट्रभक्त और राष्ट्रनेता थे। भारतीय हिन्दू संस्कृति में उनकी अटूट आस्था थी। यह कहना गलत होगा कि वे अन्य सम्प्रदाय व जाति के विरोधी थे। वे सच्चे भारतीय थे। भारतीयता की रक्षा ही उनके जीवन का सिद्धान्त था, जिसके लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित किया। बंगाल की भूमि वीर रत्नों की भूमि रही है, जिन्होंने देश ही नहीं, समाज के लिए भी अपना जीवन समर्पित कर दिया। ऐसे ही एक मातृभूमि बंगाल के व्यक्तित्व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हुए हैं, जिन्होंने देशभक्ति के साथ-साथ भारतीय राजनीति में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की।

बंगाल ने कितने ही क्रांतिकारियों को जन्म दिया है, उनमें से एक महान क्रांतिकारी डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी थे। बंगभूमि से पैदा डॉ. मुखर्जी ने अपनी प्रतिभा से समाज को चमत्कृत कर दिया था। वर्तमान सरकार ने 05 अगस्त 2019 को इनका स्वप्न साकार किया। अनुच्छेद 370 समाप्त हुआ साथ ही धारा 35 भी।

**(लेखक : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति हैं।)**

## यूसीसी का विरोध करने वाले आधी आबादी को नहीं देना चाहते अधिकार

सुनील सिंह बादल

मां-बाप ने घर गिरवी रखकर बेटे को पढ़ाया और विदेश में बसा अरबपति बेटा उनका ध्यान रखना तो दूर अंतिम क्रिया कर्म तक में नहीं आया। एक महानगर में कई महीने पहले मरी मां की अंत्येष्टि पड़ोसियों ने की। विदेश में बसे बेटे ने महीनों बाद आकर पुरखों की संपत्ति बेचकर पैसे ले लिए। अनेक विधवा मां खाने और दवा को तरस रही हैं, जबकि अपना सर्वस्व न्योछावर कर मां ने पढ़ाया और वह बेटा अफसर या बड़ा आदमी बनने के बाद अपनी देहाती मां को उसके हाल पर छोड़ दिया।

अपनी कम सुंदर पत्नी को छोड़कर नई शादी या कई शादियां करना पुरुषवादी समाज में सामान्य सी बात रही है। समान नागरिक संहिता की अभी सुगबुगाहट तेज हो गई है और इसके व्यापक विरोध में उन लोगों के स्वर अधिक तीखे हैं जो महिलाओं को समानता देना नहीं चाहते। समाज, धर्म और परंपरा के नाम पर विरोध तो सदियों पुराना है पर इसके मूल में शोषण ही है। ऐसे में ज्योति मौर्य के ऊपर लगाए गए आरोप के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।

सदियों की गुलामी और पर्दा प्रथा से भारत की आधी आबादी वैसे ही घर की चहारदीवारी के अंदर कैद थी, जैसे ही आधुनिक भारत ने नौकरी से लेकर सेना तक में महिलाओं की नियुक्ति के रास्ते खोले या बिहार सहित कुछ राज्यों में महिलाओं को सरकारी नौकरी में आरक्षण देना शुरू किया, तभी से इसमें जटिलता आने लगी। पुरुष बच्चा देखे और महिला नौकरी? इन स्थितियों में पढ़ी-लिखी महिलाओं के अंदर आत्मनिर्भरता की भावना जगी और वे संयुक्त परिवारों की टोका-टोकी से बचने के लिए छोटे परिवारों की ओर झुकी। इसके बाद शक्तिशाली और आत्मनिर्भर महिलाएं पुरुषों की तरह आनंद और सुंदर जोड़े को प्राथमिकता देने लगी। महानगरों से लेकर फिल्मी या बड़े धनाढ्य परिवारों में ऐसी घटनाएं बहुत होती रही हैं, पर प्रयागराज जैसी जगह में एक महिला ने ऐसा क्यों किया यह सवालों या आरोपों के घेरे में है। पुरुष ऐसा करें तो समाचार या वायरल वीडियो का मामला क्यों नहीं बनता?

**सदियों की गुलामी और पर्दा प्रथा से भारत की आधी आबादी वैसे ही घर की चहारदीवारी के अंदर कैद थी, जैसे ही आधुनिक भारत ने नौकरी से लेकर सेना तक में महिलाओं की नियुक्ति के रास्ते खोले या बिहार सहित कुछ राज्यों में महिलाओं को सरकारी नौकरी में आरक्षण देना शुरू किया, तभी से इसमें जटिलता आने लगी।**

अभी मामला एकतरफा जैसा है और ज्योति के यह कहने पर कि उसका पति उससे घर और पचास लाख की डिमांड कर रहा था कि जांच चल रही है, पर इसका असर उन लगभग नौ प्रतिशत महिलाओं पर पड़ सकता है। जिन्हें शादी के बाद पढ़ाई या नौकरी करने का सुअवसर मिलता है। पुरुष अहंकार और सोशल मीडिया की बेलगाम रफ्तार से इसे आत्मनिर्भर होने के लिए छटपटा रही महिलाओं के ऊपर ही नहीं, भारत के विकास के ऊपर भी बहुत ही ऋणात्मक प्रभाव पड़ सकता है। क्योंकि जिस देश की आधी आबादी को भेदभाव के आधार पर पूरी क्षमता से काम नहीं करने दिया जाएगा या कम उम्र में विवाह के बाद घरों में कैद कर दिया जाएगा। वह देश सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सिर्फ सपना देख सकता है।

## जमशेदपुर की खबरें

### कांग्रेसियों ने फूंका मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला

# लोकसभा चुनाव में जनता देगी जवाब : आनन्द बिहारी दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया गया। बुधवार को साकची गोलचक्कर में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर भाजपा के खिलाफ जमकर बक्से कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता। मौके पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा सत्ता के नशे में चूर है। अहंकारी भाजपा कार्यकर्ता द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना ने पूरे देश को शर्मसार किया है। भाजपा शासन में आदिवासियों को प्रताड़ित और अपमानित किया आजा रहा है। भाजपा का आदिवासियों के प्रति निकृष्ट मानसिकता को उजागर करते हुए उनके झूठे आदिवासी प्रेम का पदार्फाश करना अत्यंत आवश्यक है, जिसके विरोध में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया। जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने कहा कांग्रेस पार्टी आदिवासी भाईयों के मान सम्मान की रक्षा के लिए हमेसा आगे खड़ा रहेगा। अब कांग्रेस कार्यकर्ता कमर कस कर तैयार रहें। भाजपा सरकार के महंगाई, बेरोजगारी से गरीब जनता, बेरोजगार नौजवानों, आम जनता को बचाना है। मौके पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, जेबा खान, रियाजुद्दीन खान,राज किशोर यादव, हरिहर प्रसाद, काशीनाथ गिरी, संजय घोष, पुरबीरानी दत्ता, संजय यादव, अशोक सिंह क्रांतिकारी, गुरदीप सिंह, जसवंत सिंह जस्सी, अतुल गुप्ता, सैलेन्द्र सिंह, राजेश चौधरी, सलीम खान, रंजीत सिंह कल्लू, रानी राव, फरहत बेगम, विपिन नाग, देवाशीष दत्ता, सरोज पाण्डेय, श्रीनाथ, धीरज कुमार, नलिनी सिन्हा, राजेश कुमार,रानी राव, सचिन कुमार सिंह, रंजीत सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सरकारी नियम का अनदेखी होने पर टाटा पावर गेट में होगा प्रदर्शन : राजेश सामंत

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** डोमजुड़ी टाटा पावर सोलर प्लांट में स्थानीय मजदूरों को रोजगार पर रखने व गार्डो का छुट्टी का पैसा नहीं देने पर सामाजिक सेवा संघ ने कंपनी प्रबंधन को लिखित आवेदन दिया। आवेदन के आधार पर मजदूर नेता सह समाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत ने कहा प्लांट में दिल्ली के ठेकेदार से काम कराया जा रहा। झारखंड सरकार के नियमानुसार 75% लोकल मजदूरों व ठेकेदारों को कार्य में प्राथमिकता देनी है। उसके बावजूद बाहर के ठेकेदारों व मजदूरों से काम कराया जा रहा। श्री सामंत ने कहा समाजिक सेवा संघ कंपनी के आसपास के मजदूर और आसपास के ठेकेदारों को काम देने की मांग की। उन्होंने कहा झारखंड सरकार के नियम के विरुद्ध कार्य किसी भी हाल पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर प्रबंधक अनदेखी की तो भविष्य में कंपनी के खिलाफ गेट जाम कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा सिक्योरिटी गार्डों के बकाया रुपया के मामले में शाम तक सभी के एकाउंट में रुपया चल जाने का आश्वासन मिला है। प्रतिनिधिमंडल में समाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह मजदूर नेता राजेश सामंत, झामुमो नेता समर दास, हिंद मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष अमित दास, सोनू श्रीवास्तव, राजेश मुण्डा, छोटे सरदार,बिक्रम मुर्मू, देवा सिंह सरदार,गोबर्धन सिंह सरदार सहित अन्य मौजूद रहे।

## प्रमंडलीय आयुक्त ने संचालित विकास कार्यों और योजनाओं को लेकर की समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**चाईबासा।** कोल्हान प्रमंडलीय क्षेत्र में विकास कार्यों व योजनाओं को लेकर आयुक्त मनोज कुमार ने सभी विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बुधवार को पश्चिम सिंहभूम जिले के सभागार में बैठक के दौरान कोल्हान पुलिस उपमहानिरीक्षक,सीआपीएफ उपमहानिरीक्षक,उपायुक्त पश्चिम सिंहभूम अनन्य मित्तल,उपायुक्त सरायकेला खरसावां अरवा राजकमल, पुलिस अधीक्षक पश्चिम सिंहभूम आशुतोष शेखर, पुलिस अधीक्षक सरायकेला खरसावां आनंद प्रकाश,अपर पुलिस्सा अधीक्षक सरायकेला खरसावां, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी,विद्युत अधीक्षण अभियंता विद्युत आपूर्ति अंचल चाईबासा, कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, चाईबासा और सरायकेला खरसावां, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल, चाईबासा, मनोहरपुर, सरायकेला- खरसावां, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य प्रमंडल चाईबासा, चक्रधरपुर, सरायकेला - खरसावां, कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल, चाईबासा, सरायकेला- खरसावां प्रबंधक एयरटेल रांची, जिओ चाईबासा प्रमुख उपस्थित रहें। बैठक में आयुक्त ने क्रमवार प्रमंडल अंतर्गत जिले पश्चिम सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां के द्वारा संचालित विकास कार्यों व योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की। उसके अद्यतन प्रतिवेदन के सम्बंध में भी जानकारी प्राप्त की। आयुक्त के द्वारा विगत बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन की अद्यतन स्थिति के बारे में भी पदाधिकारियों से समीक्षा की। आयुक्त ने विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सरायकेला को सुचारू रूप विद्युत आपूर्ति के लिए निदेश दिया। साथ ही किसी भी समस्या का त्वरित निष्पादन करने को कहा। उन्होंने विभागीय पदाधिकारियों के द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकास कार्य में समस्या के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा नक्सल प्रभावित क्षेत्र में प्रशासन आपसी सामंजस्य स्थापित कर आधारभूत मौलिक सुविधाएं जन- जन तक पहुंचाये। सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों को मुख्यधारा में जोड़ने का भी कार्य करे। आयुक्त ने प्रमंडल के दूरस्थ क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पेयजल और मोबाइल कनेक्टिविटी पर विशेष रूप से जोर दिया।। उन्होंने कहा योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पदाधिकारियों को जमीनी स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है। पदाधिकारी स्वयं स्थल पर जाए व संबंधित योजनाओं पर कार्य करे।आयुक्त ने समाज को ड्रग मुक्त व डायन कुप्रथा से बचने के लिए विशेष रूप से निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को ड्रग मुक्त करने का निर्देशित किया। स्कूल, कॉलेज, पब्लिक प्लेस पर विशेष रुप से निगरानी रखने को कहा। उन्होंने कहा संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे के मदद से भी निगरानी करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी उपायुक्त को निर्देशित किया जिले में रोस्टर निकालते हुए स्कूल, कॉलेज में बच्चों को ड्रग मुक्त के संबंध में स्वयं जाकर या पदाधिकारियों को भेजकर जागरुक करे। उन्होंने कहा सब मिलकर कार्य करने सी सी समाज से नशापान को दूर किया जा सकता। उन्होंने सभी उपायुक्त को पुलिस पदाधिकारियों और मजिस्ट्रेट को ड्रग मुक्त अभियान हेतु विशेष रूप से प्रशिक्षण कराने का निर्देशित किया। प्रमंडलीय आयुक्त ने डायन कुप्रथा से समाज को मुक्त करने हेतु विशेष योजना बनाने का जिला उपायुक्त को निर्देशित किया। उन्होंने कहा जिले में क्षेत्रीय भाषा में नुक्कड़-नाटक, पोस्टर, हार्डिंग के माध्यम से लोगों को जागरुक करने का कार्य करेंगे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### आरकेपीएस की प्राचार्या को सीबीएसइ क्षेत्राधिकारी ने किया सम्मानित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सीबीएसई से संबंद्ध रांची क्षेत्र के स्कूलों के प्राचार्यों का सम्मान समारोह डीपीएस रांची के सभागार में आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि सीबीएसई पटना क्षेत्र के क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के द्वारा आरकेपीएस गढ़वा के प्राचार्या सह डीटीसी व सिटी कोर्डिनेटर प्रियंका बर्मन को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रियंका बर्मन के द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया। जिस तरह से बोर्ड द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन प्रियंका बर्मन के द्वारा बखूबी निभाया गया वह काबिले तारीफ है। विषम परिस्थितियों में एक बेहतर समन्वयक के रूप में सभी स्कूलों से समन्वय स्थापित की। अपने स्कूल में भी केन्द्राधीक्षक के दायित्वों का निर्वहन कर कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित की। श्रीमती प्रियंका बर्मन ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि यह सम्मान पाकर गौरवान्वित महसूस कर रही हैं साथ ही साथ यह सम्मान उन्हें और बेहतर करने के लिए प्रेरित करने का काम करेगा। इस सम्मान का श्रेय उन्होंने अपने टीम वर्क को दिया। आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह संपूर्ण आरकेपीएस विद्यालय परिवार एवं इस क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

### बाबूलाल मरांडी ईमानदार एवं कुशल संगठनकर्ता हैं : रिंकू तिवारी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी रिंकू तिवारी ने केंद्रीय नेतृत्व के दूरदर्शिता को बधाई देते हुए कहा है कि बाबूलाल मरांडी जैसे ईमानदार एवं कुशल संगठनकर्ता के हाथ में कमान सौंपकर केंद्रीय नेतृत्व ने भाजपा को कैसे ग्रास रूट लेवल तक और मजबूत एवं धारदार बनाया है। आसन्न लोकसभा और विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ केंद्र एवं राज्य की सरकार उभर कर सामने आएगी। रिंकू तिवारी ने कहा है कि गढ़वा जिला भाजपा ने बाबूलाल मरांडी में शत प्रतिशत आस्था और विश्वास जताते हुए पहले से भी और ज्यादा इस पार्टी में जमीनी कार्यकर्ता का मान-सम्मान और स्वाभिमान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि उनका उचित हक भी उन्हें मिलेगा।

### बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा नेता विजय केशरी ने दी बधाई



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को केन्द्रीय नेतृत्व के द्वारा झारखंड प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार केशरी ने बधाई दी है। केशरी ने बताया कि बाबूलाल मरांडी एक कुशल संगठनकर्ता हैं। वे कार्यकर्ताओं से रोजाना सहज रूप से मिलते हैं। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा को आगे बढ़ाने में अध्यक्ष के रूप में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। केन्द्रीय नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, अमित साह को बधाई दी, जिन्होंने भाजपा के ईमानदार सिपाही को बड़ा दायित्व सौंपा है। इसके लिए राष्ट्रीय नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

### जिला कांग्रेस ने एमपी के सीएम का पुतला फूंका



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ई. ओबैदुल्लाह हक अंसारी के नेतृत्व में रंका मोड़ (घंटा घर) के पास मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर ज़िला अध्यक्ष ई. ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य के भाजपा शासन में सत्ता के नशे में चूर अहंकारी भाजपा कार्यकर्ता द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना ने पूरे देश को शर्मसार किया है। यह घटना भाजपा शासन में आदिवासियों को प्रताड़ित एवं अपमानित करने की चरम सीमा है। इस मौके पर उपस्थित प्रदेश सचिव अरविंद कुमार तूफानी व पूर्व प्रदेश सचिव सुरेंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि भाजपा के आदिवासियों के प्रति निकृष्ट मानसिकता को उजागर करते हुए उनके झूठे आदिवासी प्रेम का पर्दाफाश करना अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राम करेश चौबे, एनएसयूआइ जिला अध्यक्ष पीयूष चौबे, जिला महासचिव ओम प्रकाश चौबे, त्रिपुरारी सिंह, सचिव दिवाकर चौबे, शफी अहमद, सोशल मीडिया प्रभारी वसीम अकरम, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष युगेंद्र चौबे, रंका प्रखंड अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी, मझिआंव प्रखंड अध्यक्ष आनंद यादव, उमेश त्रिपाठी, मंसूर अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## उपलब्धि : शहरी क्षेत्र में तीन करोड़ की लागत से होगा पांच सड़कों का निर्माण

# गढ़वा शहर के गली-गली में होगी बेहतर आवागमन की सुविधा : मंत्री मिथिलेश

**पथ निर्माण विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा शहरी क्षेत्र में लगभग तीन करोड़ रुपए की लागत से पांच सड़कों का निर्माण किया जाएगा। पथ निर्माण विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

जानकारी देते गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि दो करोड़, 98 लाख, 52 हजार, 200 रुपए की लागत से गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र की पांच सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इनमें शमीम टेलर रोड से बढ़ई मोहल्ला, कुंदन पासवान के घर से पिंटू पांडेय के घर होते हुए सुनील कमलापुरी के घर तक लंबाई लगभग एक किलोमीटर, एनएच 75 मदरसा रोड से रेलवे क्रॉसिंग होते हुए विनोद महतो के घर तक लंबाई 0.90 किमी, एनएच 75 शिवढोंढ़ा रोड से बबलू के घर एवं एनएच 75 रोड से रेलवे स्टेशन गढ़वा तक लंबाई डेढ़ किलोमीटर, एनएच 75 आरके पब्लिक स्कूल से एनएच 75 रोड होते हुए इंदिरा गांधी रोड तक लंबाई 1.20 किलोमीटर, टंडवा टांड़ी पर पानी टंकी, शंकर चंद्रवंशी के घर से नगर परिषद सीमाना रोड, रमेश पासवान के घर से होते हुए छोटू बैठा के घर के रोड तक लंबाई 0.80 किलोमीटर सड़क का निर्माण शामिल है। कुल लगभग पांच किलोमीटर लंबी सड़क का राइडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य किया जाएगा। इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। पथ निर्माण विभाग से इन सड़कों का निर्माण कार्य किया जाएगा।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि शहर का गली-गली बेहतर आवागमन की सुविधा से युक्त होगी। इससे पूर्व में भी गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक सड़कों का बेहतर निर्माण एवं राइडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अगले चरण में अन्य सड़कों का भी निर्माण कार्य किया जाएगा।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आने वाले समय में गढ़वा में कहीं भी, खोजने से भी खराब सड़क देखने को नहीं मिलेगी। इस दिशा में अधिकतम कार्य हो चुका है, शेष कार्य काफी तीव्र गति से किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा में हर क्षेत्र में विकास कार्य यहां की जनता के सहयोग एवं आशीर्वाद से ही संभव हो पा रहा है। इसी तरह जनता का सहयोग बना रहा तो आगे और भी बेहतर कार्य होंगे।

## सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना को लेकर जागरूकता रथ रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के माध्यम से गढ़वा जिला अंतर्गत सभी योग्य बच्चियों व युवतियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से आज समाहरणालय गढ़वा परिसर से निदेशक डीआरडीए-सह-जिला पंचायती राज पदाधिकारी दिनेश प्रसाद सुरीन द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रथ को रवाना करते समय मौके पर मुख्य रूप से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

यह जागरूकता रथ अपने निर्धारित रोस्टर अनुसार जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर उक्त योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगा।

उल्लेखनीय है कि झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य में बालिकाओं को शिक्षा में प्रोत्साहन देने के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के माध्यम से सरकार कक्षा 8वीं से लेकर कक्षा 12वीं तक की बालिकाओं को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करती है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा पर जोर व बाल विवाह प्रथा का अंत करना है। योजना के तहत राज्य की लाभार्थी बालिकाओं को अलग-अलग किस्तों में 40 हजार रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। इसमें कक्षा 8वीं में नामांकित बालिका को 2500 एवं कक्षा 9वीं में नामांकित बालिका को 2500, कक्षा 10वीं में नामांकित बालिका को 5000, कक्षा 11वीं में नामांकित बालिका को 5000 एवं कक्षा 12वीं में दाखिला लेने वाली बालिकाओं को 5000 रुपये तथा 18 से 19 वर्ष की आयु की बालिका को एक मुश्त अनुदान के रूप में 20,000 रुपये दिए जाएंगे।

## उग्र भीड़ ने पैसा चोरी के आरोप में एक महिला समेत दो नाबालिग लड़कियों को पकड़ा

**मझिआंव थाना पुलिस तीनों आरोपियों को कब्जे में लेकर कर रही है पूछताछ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**माझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बकरी बाजार स्थित सेंट्रल बैंक से कांडी प्रखंड, ग्राम देवडीह के स्थानीय निवासी अकलेश शर्मा की पत्नी गिरजा देवी 2000 रुपया निकाल कर बाहर आई, उसने पैसा को झोला में रखा ही था कि एक महिला एवं दो नाबालिग लड़कियां उस महिला के हाथों से पैसा रखे झोला को झपट्टा मारकर रफूचक्कर हो गईं। वहीं चोरी करने वाली महिला का नाम सोनी देवी, पति संजय पासवान, जो तरहसी की रहनेवाली है और दो और सहयोगी नाबालिग सतबरवा और गढ़वा बराव की रहने वाली हैं। वहीं पीड़ित महिला के चिल्ला चिल्ला कर रोने से लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा। लोग पीड़ित महिला से पूछताछ कर ही रहे थे कि दो नाबालिग चोर लड़कियां दूसरी महिला का पर्स चुरा रही थीं। इतने में एक व्यक्ति उसे चुराते हुए देख लिया और उसे फटकार लगाने लगा। इतने में दोनों चोरों ने बैग को फेंक कर भागना चाहा तब उपस्थित लोगों ने उसे घेर लिया और पूछताछ करने लगे। दोनों अपना नाम और पता बार-बार बदलते रहे। उसके साथ मास्टरमाइंड महिला ने भी अपना नाम पता और पति का नाम सही नहीं बताया, जिससे लोगों के द्वारा महिला पर दबाव देकर 2000 जिस महिला को चोरी किया गया था उससे दिलाया गया। सूचना के आलोक में स्थानीय थाना के महिला सशस्त्र बल द्वारा एक महिला एवं दो नाबालिग लड़कियों को अपने कब्जे में ले लिया है। खबर लिखे जाने तक उन तीनों आरोपियों से पूछताछ जारी है।

हाट बाजार बुधवार मार्केट डे होने की वजह से इस घटनाक्रम को लेकर लोगों में रोष व्याप्त था। लोगों का कहना था कि इन सभी महिलाएं एवं पुरुषों का ग्रुप होता है जहां-जहां भी मार्केट डे होता है वहां वहां ये चोर चोरी करते हैं। इन चोरों का समूह पलामू जिला के रेहला एवं गढ़वा जिला में डेरा लेकर रहता है।

## जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का चयन ट्रायल 9 को

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का चयन ट्रायल दिनांक 9.07.2023 रविवार को स्थानीय रामा साहू स्टेडियम गढ़वा में प्रातः 6.00 बजे से होगा। इस प्रतियोगिता के आधार पर गढ़वा जिला की टीम राज्य प्रतियोगिता में जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता चंदन क्यारी मेगा स्पोर्ट्स स्टेडियम बोकारो में 15 से 16 जुलाई तक होना प्रस्तावित है।

यह प्रतियोगिता अंडर 18 और अंडरं 20 बालक/बालिका दो आयु वर्गों में विभाजित है। सभी प्रतिभागियों को जन्म प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि अंकित है जैसे बोर्ड प्रमाण पत्र या जन्म प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड प्रतियोगिता स्थल पर लाना अनिवार्य है। अंडर 18 बालक- बालिका का इवेंट्स निम्न है। 100 मी., 200 मी., 400 मी., 800 मी.,1500 मी., 3000 मी., लांग जंप, हाई जंप, शॉट पुट, डिस्कस, ट्रिपल जंप, जेवलिन थ्रो, 10000 मी. रेस वॉक बालक, 5000 मी. रेस वॉक बालिका, अंडर 20 बालक/बालिका 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मी., 10000 मीटर, लौंग जंप, हाई जंप,ट्रिपल जंप, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जेवलिन थ्रो। खिलाड़ियों की जन्म तिथि अंडर 18 आयु वर्ग बालक/ बालिका के लिए 08.11.2005 से 07.11.2007 के बीच होना चाहिए तथा अंडर 20 बालक/बालिका के लिए आयु 8.11. 2003 से 7.11.2005 के बीच का होना अनिवार्य है।

प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी के लिए सुशील कुमार तिवारी जिनका मोबाइल नंबर 6201073740, शमशाद शमशाद अहमद मोबाइल नंबर 9031123454, अजयकांत मोबाइल नंबर 7461906890, रणजीत कुमार मोबाइल नंबर 6207615709 अमित कुमार मोबाइल नंबर 7488776573 से संपर्क किया जा सकता है। सभी चयनित खिलाड़ी दिनांक 13.07.20023 को राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए बोकारो प्रस्थान करेंगे।


**e–Procurement Cell**
**Office of the Superintending Engineer**
**Building Construction Department,**
**Circle.-2, Combined Building, Line Tank Road, Ranchi-834001**
**Tel. : 0651-3512691**

Letter No.- 755 Date:- 05.07.2023

**Corrigendum**

Tender Reference No.-(12)BCD/CIR-2/RANCHI/DALTONGANJ, DIV/2023-24 Date:-03-07-2023, Name of Work:- Construction Of Boundary Wall in UPG, Rajkiyekrit High School Sanda Under Block Hussainabad & PR No.-301268 Building Dept Circle-2 (22-23).D के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा में Tender Reference No.-(12)BCD/CIR-2/ RANCHI/DALTONGANJ,DIV/2023-24 Date:-03-07-2023 के जगह Tender Reference No.-(13)BCD/CIR-2/RANCHI/DALTONGANJ, DIV/2023-24 Date:-03-07-2023 पढ़ा जाय।

Nodal Officer
e–Procurement Cell
Building Construction Department
Circle-2, Ranchi

PR.NO.301507 Building Dept Circle - 2(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01**
**RI / 2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ**
**PR NO.-298577 / 23–24**

1. कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | EE/RWD/ DALTONGANJ /01/2023-24 | ग्राम शंखा मेन रोड से मंदिर होते हुए गांव के अंतिम सीवान तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 94.953 लाख | चौरांबे दसमलव नौ पांच तीन लाख रूपये मात्र | 06 माह | द्वितीय |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 08.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 22.07.2023 up to 5.00 PM
4. (क) जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, रांची अथवा (ग) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, रांची में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 24.07.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 25.07.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7903448085
8. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के पक्ष में भुगतेय, जो लौटाया नहीं जायेगा। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 301436Rural Development(23-24)#D

**कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी**

**मत्स्य पालकों के लिए आम सूचना**

एतद् द्वारा खूँटी जिला के मत्स्य कृषकों/केज लाभुकों/मछुआरों को सूचित किया जाता है, कि वर्ष 2023–24 में विभागीय राज्यादेश संख्या 07 दिनांक 13/06/2023 के द्वारा फीड बेस्ड फिशरीज योजना के अन्तर्गत फीड एवं मछली के संवर्धन हेतु 50 प्रतिशत अथवा 18.00 रू/22.00 रू0 प्रति कि0 ग्रा0 अधिकतम अनुदान पर गुणवत्तायुक्त फिश फीड उपलब्ध कराया जायेगा।

| क0 सं0 | योजना का नाम | मत्स्य पालन हेतु संसाधन का नाम | अनुदान हेतु अधिकतम फीड के क्रय की मात्रा | प्रति कि0 ग्रा0 अनुदान की राषि | अधिकतम अनुदान की राषि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2 mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड | केज/तालाब इत्यादि | 700 कि0 ग्रा0 | 18/– | 12600/– |
| | | रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर | 650 कि0 ग्रा0 (90 $m^3$ के प्रति टैंक पर) | 18/– | 11700/– |
| 2 | 2mm से 4mm साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (कम से कम 24 प्रतिषत प्रोटीन) | केज मत्स्य पालकों के लिए | 1200 कि0 ग्रा0 | 18/– | 21600/– |
| 3 | 2mm से अधिक साईज के झास्कोफिष/विभागीय फिष फीड मिल/PMMSY के अन्तर्गत निर्मित फिष फीड मिल से उत्पादित फ्लोटिंग फीड (कम से कम 24 प्रतिषत प्रोटीन) | तालाब/केज/रिसर्कुलेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम/बायोफ्लॉक/आर0 एफ0एफ0 इत्यादि | लागू नहीं | 22/– | लागू नहीं |

1. क्रमांक 01 में निर्धारित फीड की मात्रा/दर/अनुदान की राशि मत्स्य कृषकों, केज लाभुक एवं रिसर्कुलेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम के लाभुकों को उपलब्ध कराये जाने की योजना है। फीड का क्रय किसी भी मान्यता प्राप्त अधिकृत विक्रेता से किया जा सकता है, जिसका बिल GSTIN NO. का होना अनिवार्य है।
2. क्रमांक 02 में निर्धारित फीड की मात्रा/दर/अनुदान केवल केज लाभुकों को उपलब्ध कराया जायेगा। वैसे केज लाभुक जो विगत वर्ष में उत्पादित मछली का आंकड़ा संधारित कर रखे हों तथा वर्तमान में केज में मत्स्य पालन का कार्य कर रहे हो। फीड की क्रय किसी भी मान्यता प्राप्त अधिकृत विक्रेता से किया जा सकता है, जिसका बिल GSTIN NO. का होना अनिवार्य है।
3. 2mm से बड़े साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड विभाग द्वारा स्थापित फिश फीड मिल अथवा झास्कोफिश से उत्पादित फिश फीड के क्रय पर ही यह लाभ मत्स्य कृषकों को प्राप्त होगा। फीड क्रय का भौतिक सत्यापन उपरान्त ही देय अनुदान की राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा।

यह योजना पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर संचालित है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूँटी

PR 301428 (Fish)23-24*D


## बैठक : उपायुक्त ने रंका प्रखंड कार्यालय सभागार में की विकास योजनाओं की समीक्षा

# बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधरोपण पर दिया जोर

**विकास कार्यों में प्रगति लाने का पदाधिकारियों को दिये गये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रंका।** गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर 03.30 बजे दिन में रंका प्रखंड कार्यालय पहुंचे और प्रखंड कार्यालय के सभागार में गढ़वा जिला के पदाधिकारी, रंका प्रखंड एवं अंचल कर्मी तथा पंचायती राज जनप्रतिनिधियों के साथ रंका प्रखंड में चल रहे सरकारी विकास कार्य योजनाओं के बारे में समीक्षा बैठक की। इसके संबंध में पूछने पर उपायुक्त शेखर जमुआर ने बताया कि समीक्षा बैठक में खास तौर से पौधरोपण कार्य बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत करने पर जोर दिया गया। रेन वाटर योजना संचालित करने, सरकारी भवन तथा अन्य सामुदायिक कार्यालयों में पौधारोपण करने, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा आदि जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में पदाधिकारियों के साथ समीक्षा की गई और कार्य में प्रगति लाने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया गया। फसल फसल राहत योजना का लाभ किसी को मिला और किसी को नहीं, इसके संबंध में पूछने पर उन्होंने बताया कि जिनको बाकी है वह जिस स्तर पर रुका हुआ है उस स्तर से आवेदन को आगे बढ़ायें और उसका निराकरण कराने का कार्य करें। नहीं होने पर उन्हें आवेदन के माध्यम से बताएं। फसल राहत योजना का लाभ सभी किसानों को मिलेगा। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी गढ़वा, डीआरडीए निदेशक गढ़वा, जिला कृषि पदाधिकारी गढ़वा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस गढ़वा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक पंचायती राज गढ़वा, परियोजना पदाधिकारी मनरेगा गढ़वा, परियोजना पदाधिकारी प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण गढ़वा, अनुमंडल पदाधिकारी रंका राम नारायण सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी रंका देवानंद राम, अंचल पदाधिकारी रंका शंभू राम, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा सोनू कुमार, प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, रंका प्रखंड के चौदह पंचायत के मुखिया गण, बीडीसी गण, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, स्वयंसेवक आदि काफी संख्या में उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 06 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


## बिजली के तार के संपर्क में आने से युवक की मौत



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ के अस्पताल मैदान के पास मछुआ टोली में बुधवार की दोपहर दो बजे करंट लगने से मोहन मछुआ नामक 38 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मोहन के घर के पास बिजली का तार टूटा था, जिसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। जिसकी चपेट में आने से मोहन गंभीर रूप से झुलस गया। उसे तत्काल तमाड़ अस्पताल में इलाज के बाद रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मोहन के चार छोटे-छोटे बच्चे है। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया है।

### कालामाटी-कर्रा कस्तूरबा स्कूल में सपनों की उड़ान कार्यक्रम के बैच की शुरुआत

# सफलता के लिए चुनौतियों को अवसर में बदलना होगा: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी शशि रंजन ने बुधवार को कालामाटी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में सपनो की उड़ान कार्यक्रम के चौथे बैच और कर्रा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पहले बैच का शुभारंभ किया। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत खूंटी की छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करने के उद्देश्य से सपनो की उड़ान कार्यक्रम के माध्यम से जिले के छात्रों के लिए सुदृढ शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास है। इसके लिए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की 11वीं और 12वीं की छात्राओं को भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान और गणित विषय में सुदृढ़ करते हुए आइटीआइ और मेडिकल परीक्षा में सफलता के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षा दी जा रही है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कालामाटी में सपनो की उड़ान के चौथे बैच में 71 छात्राओं ने गणित और 41 छात्राओं ने जीव विज्ञान विषय में नामांकन लिया है। वहीं कर्रा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की पहले बैच में 41 छात्राएं मेडिकल की तैयारी करेंगी। डीसी ने छात्राओं से सीधी बात कर उन्हें बेहतर शिक्षा की दिशा में अग्रसर करने की बात कही। उन्होंने कहा कि छात्राओं को एकाग्र होकर तैयारी करनी होगी। सभी छात्राएं अपनी क्षमता को बढ़ाएं एवं रूटीन बनाकर सुचारू रूप से पढ़ाई करें। कहा कि चुनौतियों को अवसर में बदलना है। सपनो की उड़ान अभियान का उद्देश्य छात्राओं का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करना। उन्होंने छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के प्रेरक कथन को साझा किया उठो जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाय, अर्थात लक्ष्य प्राप्ति के लिए हमें निरंतर प्रयत्नशील रहने की आवश्यकता है। शिक्षा एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। आवश्यकता है अपनी दिशा का निर्धारण कर तत्पर रहने की। इस दौरान छात्राओं के बीच शिक्षण सामग्री और पुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही डीसी ने कहा कि उत्तीर्ण सभी छात्राओं को लैपटॉप दिए जाएंगे।



छात्रा को पुस्तक देते डीसी शशि रंजन।

## गांव में बहाल होगी सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं : सुदेश महतो



काशीडीह गांव में एक करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड के काशीडीह गांव में बुधवार को विधायक सुदेश महतो ने एक करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सड़क निर्माण आरइओ विभाग से किया जायेगा। विधायक ने कहा कि गांव में मूलभूत सुविधाओं को बहाल किया जाएगा। काशीडीह गांव में विधायक निधि से चार लाख 18 हजार रुपये की लागत से 300 फिट पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का भी विधायक ने शिलान्यास किया। इस मौके पर जयपाल सिंह, सुशील महतो, संजय महतो, श्याम महतो, रमेश सिंह मुंडा, लखिंद्र महतो, करम सिंह महतो, सुषेन प्रामाणिक, मुखिया सावना महली, दिलीप कोइरी और मिहिर महतो आदि उपस्थित थे।

## विधानसभा की आश्वासन समिति ने किया खूंटी का दौरा, योजनाओं की ली जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड विधानसभा आश्वासन समिति की टीम ने बुधवार को खूंटी का दौरा किया। समिति के सभापति दीपक बिरुआ की अध्यक्षता में परिसदन खूंटी में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें आश्वासन समिति के सदस्य वैद्यनाथ राम भी शामिल थे। इस दौरान विधानसभा के विविध सत्रों के दौरान विधायकों की ओर से उठाये गये मामलों का संबधित विभाग के मंत्री द्वारा दिये गये आश्वासन से संबंधित योजनाओं के निष्पादन को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली गई। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करें और आश्वासन समिति को इसका प्रतिचेदन सौंपें। तोरपा एवं कर्रा में छात्रावास निर्माण के मामले में संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि दोनों प्रखंडों में छात्रावास क्रियाशील हैं। खूंटी पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता ने समिति को बताया कि ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत दो वर्ष पूर्व से मुरहू में जलापूर्ति शुरू है। आश्वासन समिति द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी से जिले में हो रही ड्रैगन फ्रूट और स्ट्राबेरी की खेती के संबंध में जानकारी ली गई। इस मौके पर खनन विभाग, नगर पंचायत, शिक्षा विभाग, कृषि, कल्याण, स्वास्थ्य, आपूर्ति, वन विभाग सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।



## केडीएच प्रबंधन- रैयत विस्थापित मोर्चा के बीच बैठक में विस्थापन को लेकर हुई चर्चा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** केडीएच परियोजना के विस्तारीकरण को लेकर प्रबंधन ने रैयत विस्थापित मोर्चा के साथ कार्यालय में बुधवार को बैठक की। जिसमें केडीएच परियोजना पदाधिकरी अनिल कुमार सिंह ने रैयत विस्थापित मोर्चा के पदाधिकारियो प्रखंड प्रमुख सोनी तिगा, विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी, मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष जालीम सिंह, विनय खलखो, दामोदर गंझू ,प्रभाकर गंझू के साथ बैठक कर जामूनदोहर बस्ती के विस्थापन करने पर चर्चा कर जानकारी दी। पीओ ने बताया कि जामुन दोहर के 110 लोगों के घर का भुगतान के लिए राशि आ गयी है। लोग अपना दस्तावेज शीध्र जमा करें, ताकि भुगतान प्रकिया शीघ्र सुनिश्चित किया जा सके। ज्ञात हो लगभग 45 लोगों का सत्यापन प्रतिवेदन रैयत व विस्थापित ग्रामीणों का प्राप्त हो चुका है। प्रबंधन ने जामुन दोहर के घर मालिको से आग्रह किया है कि अपना पेपर जल्द से जल्द जमा करे ताकि विस्थापन की प्रक्रिया जल्द शुरू हो सके।

## ढुब बस्ती में भू-धंसान

**खलारी (आजाद सिपाही)।** रोहिणी परियोजना कार्यालय के पीछे ढुब बस्ती से नौ नंबर जाने वाले रास्ते में भू-धंसान होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को हुई जोरदार बारिश के कारण यह भू-धंसान हुआ है। ढुब बस्ती से नौ नंबर जाने वाले सड़क किनारे जंगल में लगभग 100 मीटर की रेडियस में भू-धसान हुआ है। जिस कारण धंसी जमीन के अंदर कई पेड़ गिर गए हैं और काफी मात्रा में मिट्टी भी अंदर गढ्ढे में धंसी हुई है। यह सड़क से नावाडीह और नौ नंबर जाने के लिए काफी छोटा रास्ता है। वहां से काफी लोग आवागमन करते हैं। ऐसे में इस जगह को सुरक्षित नहीं किया गया। इस जगह की मिट्टी भरकर इसकी घेराबंदी नहीं की गयी तो कोई भी आने-जाने के दौरान इस गढ्ढे में गिर सकता है। जानकारी के अनुसार इस जगह पर पूर्व में भूमिगत खदान संचालित था। जिस कारण भी बरसात में भू-धंसान हुआ है। हालांकि इस जगह पर कोई आबादी नहीं है। अन्यथा कोई बड़ी दुर्घटना हो सकता था। इधर रोहिणी परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह ने भू-धंसान की घटना पर उन्होंने कहा कि वे उस स्थल को चारों तरफ से मशीन से बंद किया जाएगा, ताकि कोई दुर्घटना नहीं हो सके। उन्होंने बताया कि उस क्षेत्र में प्रबंधन द्वारा पूर्व में भी कई गढ्ढो को मशीन से भरा जा चुका है।



## भाजपा सांसद प्रतिनिधि के घर चोरी के मामले की जांच में जुटी है पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि अनुप साहू के घर विगत दिनों चोरी हुई स्कॉर्पियो बरामद कर ली गयी है। तमाड़ पुलिस जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। रांची से टेक्नीशियन टीम पहुंचेगी और जांच करेगी। सूत्रों की मानें तो पुलिस चोरों के काफी करीब पहुंच गयी है। पुलिस कुछ संदिग्ध लोगों पर भी नजर रखे हुए हैं। पुलिस घटना की रात घटनास्थल के आसपास सक्रिय मोबाइल नंबर को भी खगाल रही है। एक होटल में बैठे पांच युवक जो सीसीटीवी कैमरे में कैद है उनका भी पता लगा रही है। गौरतलब हो कि गत दो जुलाई की रात 12 से एक बजे के बीच चोरों ने घर में घुसकर एक बक्से में रखे करीब 3.5 लाख लाख के आभूषण और एक स्कॉर्पियो चोरी कर भाग गये थे। वहीं, जांच में उतरी पुलिस ने रामपुर के निकट रिंग रोड में मंगलवार की सुबह लावारिश हालत में स्कॉर्पियों को बरामद कर लिया था। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।

## मरीज के परिजनों से गाली-गलौज व मारपीट की धमकी मामले की जांच को कमेटी गठित

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर विपिन खलखो पर इलाज के लिए अस्पताल आए एक मरीज के स्वजन के साथ गाली-गलौज करने और मारने की धमकी देने के मामले की जांच के लिए एसडीओ अनिकेत सचान के नेतृत्व में बुधवार को जांच कमेटी गठिक गी गयी। इस दौरान घटना के दिन रविवार की रात अस्पताल में ड्यूटी कर रहे अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से इस मामले की जानकारी ली गई। जांच कमेटी में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, सिविल सर्जन डॉक्टर अजीत खलखो आदि शामिल थे। सूत्रों के अनुसार घटना वाली रात अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने चिकित्सक पर लगे आरोप की पुष्टि की है। एसडीओ ने बताया कि जांच प्रतिवेदन डीसी को सौंप जाएगा उसके बाद अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार रविवार की रात 11 बजे माहिल गांव के सुतारन पूर्ति नामक युवक अपनी वृद्ध मां को लेकर अस्पताल पहुंचा था। उसकी मां को सांस लेने में परेशानी हो रही थी। अस्पताल में पहुंचा तो पाया कि चिकित्सक के बैठने वाले कक्ष के एक बेड में डॉक्टर विपिन खलखो आराम से सो रहे हैं। युवक द्वारा उसकी मां का गंभीर अवस्था का हवाला देते हुए डॉक्टर को नींद से जगाने की कोशिश की गई तो डॉक्टर गाली गलौज करने लगे और चप्पल से मारने की बात कहने लगे। नशे में धुत डॉक्टर के इस करतूत का वीडियो वायरल होने के बाद जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया और जांच शुरू कराई। इधर मामला प्रकाश में आते ही सिविल सर्जन ने आरोपित डॉक्टर को खूंटी से हटाकर रनिया भेज दिया है। आरोपित डॉक्टर को शोकॉज भी किया गया है।

### विधायक ने किया प्रदान के कृषि जागरूकता रथ को रवाना, किसानों के बीच बीज का वितरण

# जीवन के लिए मोटे अनाजों का काफी महत्व इसकी खेती को बढ़ावा दें किसान : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने बुधवार को डोड़मा में एनएफएसएम के तहत किसानों के बीच धान और मडुआ बीज का वितरण किया। साथ ही स्वयंसेवी संस्था प्रदान द्वारा आयोजित तोरपा महिला कृषि बागवानी स्वालंबी सहकारिता समिति के कृषि जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ विभिन्न गांवों में उन्नत खेती की तकनीक और वैज्ञानिक तरीके से कृषि के बारे में किसानों को जगारूक करेगा। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस वर्ष को मिलेट्स वर्ष घोषित किया है। उन्होंने कहा कि पहले मडुआ, गोड़ा धान, कोदो जैसे मोटें अनाज को गरीबों का भोजन कहा जाता था, लेकिन अब पूरी दुनिया के वैज्ञानिक मान रहे हैं कि जीवन के लिए मोटे अनाजों का काफी महत्व है। यही कारण है कि हमारे पूर्वज मोटे अनाज की खेती करते थे। विधायक ने कहा कि किसान पारंपरिक तरीकों को छोड़कर वैज्ञानिक पद्धति से खेती करें और स्वावलंबी बनें। इस मौके पर तोरपा प्रखंड के उप प्रमुख संतोष कर, आत्मा के उप परियोजना निदेशक अमरेश कुमार आदि उपस्थित थे।



जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक कोचे मुंडा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सरना स्थल में पूजा-अर्चना और बलि के बाद शुरू हुआ खेती-किसानी का काम



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा प्रखंड के राजस्व ग्राम बड़काटोली शांति नगर स्थित बहा सरना स्थल में पाहन दीवा तोपनो और पाहन जेम्स तोपनो की अगुवाई में बुधवार को सरना माता की परंपरागत तरीके से पूजा-अर्चना और बलि देने के बाद कृषि कार्य की शुरूआत की गई। मौके पर बताउली कोदेलेटा, होन बा और छोटा सरहुल भी मनाया गया। पाहन दीया टोपनो और जेम्स टोपना ने बताया कि अच्छी बारिश और फसल के लिए हमारे पूर्वज आदि काल से इसे मानते आ रहे हैं। अच्छी बारिश और फसल की कामना कर कृषि कार्य के पूर्व सरना स्थल पर बलि दी जाती है। उन्होंने बताया गया कि मुंडा आदिवासी इस पर्व को आदि कल से ही पूरे नेग दस्तूर और सामाजिक रीति-रिवाज के साथ से मनाते आ रहे हैं। बताउली बोंगा में ही पूरे गांव में रोपाई, कोडाई, निकाई आदि कार्यों के लिए मजदूरी का निर्धारण किया जाता है। पाहनों ने बताया कि आदिवासी समाज में धान रोपाई की मजदूरी के रूप में रोपणी खत्म के बाद शाम को धान दिया जाता था। उस दिन शाम को घर में सामूहिक भोज होता था। इस मौके पर तोरपा बड़काटोली के ग्रामीण व प्रखंड प्रमुख रोहित सुरीन उपस्थित थे।

### सड़क निर्माण के लिए जमीन देने वाले रैयतों को पांच साल के बाद भी नहीं मिला मुआवजा

खूंटी (आजाद सिपाही)। जिले में कोई भी विकास कार्य के लिए जमीन देने से गांव के लोग ऐसे ही नहीं कतराते हैं। मुआवजे के लिए उन्हें कितना पापड़ बेलना पड़ता है, यह जमीन देनेवाले रैयत ही जानते हैं। मरचा मोड़ से सोदे तक 35.70 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण के लिए जमीन देनेवाले किसान रनिया अंचल कार्यालय, भू अर्जन विभाग खूंटी और राची सचिवालय की दौड़ लगाकर थक चुके हैं। मुआवजा भुगतान के लिए अधिकारियों पर दबाव बनाने को लेकर मरचा-रनिया-सोदे पथ निर्माण मुआवजा संघर्ष समिति का गठन भी किया गया है। इसमें सेवानिवृत्त शिक्षक रामटहल कांशी को अध्यक्ष बनाया गया और शिव अवतार सिंह को महासचिव। समिति का एक प्रतिनिधिमंडल चार जुलाई को भी पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार से मिलने गया था, लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। बताया गया कि मुआवजे के लिए सरकार द्वारा 102 करोड़, छह लाख, 67 हजार की स्वीकृति दी गई है, लेकिन रकम काफी कम है। इसलिए फिर से प्राक्कलन बनाया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष रामटहल कांशी, शिव अवततार सिंह और असफ कोंगाड़ी ने बताया कि उन्हें आश्वस्त किया गया है कि एक सप्ताह के अंदर विभागीय स्वीकृति मिल जाएगी और उसे कैबिनेट में भेज दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2018-19 में ही सरकार ने जमीन तो ले ली और सड़क का निर्माण भी पूरा हो गया, लेकिन पांच साल तक मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि मुआवजा नहीं मिलने से सैकड़ों किसान गंभीर आर्थिक कठिनाई से जूझ रहे हैं। रामटहल कांशी ने बताया कि पथ निर्माण विभाग द्वारा मुआवजे से संबधित फाइल 23 जून 2021 को ही विभाग के सचिव को भेज दी गई है, लेकिन दो साल के बाद भी इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे जमीन देनेवाले रैयतों में काफी आक्रोश है।

### राय सामुदायिक वन पालक समिति ने किया पौधरोपण



पिपरवार (आजाद सिपाही)। खलारी प्रखंड अंतर्गत राय पंचायत के सामूदायिक वन पालक समिति की ओर से मानसून की शुरूआत होने पर वृक्षारोपण कार्य का शुभारंभ किया गया। इसकी जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र रावत ने बताया कि समिति द्वारा हर साल मानसून शुरू होते ही कई प्रकार के पौधों को जंगल क्षेत्र में लगाया जाता है जिसमें आम, अमरुद, करंज, जामुन, पीपल, बरगद और सखुआ आदि के पौधे शामिल है। जो वृक्षारोपण हुआ उसमें खरनवां टाड़ में पीपल, बरगद एवं जामुन के पौधों को लगाकर उसकी सुरक्षा के लिए जाल भी लगाया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र रावत, सचिव अशोक प्रजापति, प्रधान संरक्षक सहदेव महतो, तरुण कुमार, दुतीनाथ महतो, संजू देवी, लालेश्वर महतो और संतोष प्रजापति आदि उपस्थित थे।

### पेड़ों के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं : कमांडेंट



खूंटी (आजाद सिपाही)। पर्यावरण को संतुलित और धरती को हरा-भरा बनाए रखने के उद्देश्य से सीआरपीएफ 94वीं बटालियन के अधिकारियों और जवानों ने बुधवार को जियारप्पा कैंप में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका आयोजन सीआरपीएफ 94लीं बटालियन, केनरा बैंक और एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। 94वीं बटालियन के कमांडेंट राधेश्याम सिंह के साथ अन्य अधिकारियों ने भी कई तरह के पौधे लगाये। कमांडेंट ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए सिर्फ पौधा रोपण करना ही काफी नहीं है, बल्कि उनकी रक्षा करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि पेड़ों की कटाई की रोकथाम के साथ अत्यधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करना जरूरी है। वृक्ष के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इस मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी पीआर मिश्रा, मृत्युंजय कुमार, उप कमांडेंट अंजन कुमार मंडल, संतोष कुमार के. सूबेदार मेजर संजीव कुमार और राजेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### लोहे का सामान चोरी करते तीन युवकों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा थाना क्षेत्र के डोड़मा के देवी मंडप के पास बंद पड़े क्रशर में लोहे के कई सामानों को चोरी करते हुए दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। दोनों युवको की निशानदेही पर एक अन्य युवक को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को क्रशर के पास कर्रा थाना क्षेत्र के बिरदा गांव निवासी मो युसूफ और मो मोहसिन लोहे के कुछ सामान को एक ऑटो में रख रहे थे। तभी डोड़मा के ही किसी एक राहगीर ने चोरी करते हुए उन्हें देख उन लोगों को रोकने की कोशिश की, लेकिन चोरों ने उसे धमका कर भगा दिया। उसके बाद घटना की सूचना पाकर गांव के ग्रामीण इक्कठे होकर दोनों चोर को पकड़ कर तोरपा पुलिस के हवाले कर दिया। चोरी के आरोप में पकड़ाए युसूफ और मोहसिन ने पुलिस को बताया कि डोड़मा के ही बंसत बागति ने उन लोगों को बुलाया था। इस जगह लोहे के कई समान मौजूद हैं। इसके बाद पुलिस ने बंसत को भी गिरफ्तार कर लिया।

## भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने कुच्चू पंचायत क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क से जनसमर्थन अभियान



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** मोदी सरकार के ऐतिहासिक नौ वर्ष पूर्ण होने पर चलाए जा रहे 'जनसंपर्क से जनसमर्थन' अभियान के तहत भाजपा रांची ग्रामीण जिला के पूर्व अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने रांची लोकसभा के कुच्चू पंचायत मुस्लिम टोली, पाहन टोली, महली टोला, सिंदरी तोपा आदि गांवों में पर 'डोर टू डोर संपर्क' कर लोगों को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा नौ सालों में किए गए जनकल्याणकारी कार्यों से अवगत कराया एवं इससे संबंधित पुस्तक एवं पत्रक बांटा। सभी वर्ग के लोग मोदी सरकार की नीतियों से खुश हैं और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ के लिए मोदी जी को धन्यवाद दिया। नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में सरकार के 9 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे। इसी कार्यक्रम के तहत क्षेत्र की कई समस्याएं आयीं जिन्हें संबंधित पदाधिकारी फारेस्ट विभाग, बीडीओ, सीओ, बालविकास पदाधिकारी, बैंक मैनेजर, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आदि से बात कर जंगली हाथी द्वारा नष्ट किये खेती एवं बगीचे, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, वज्रपात से मृत जानवरों का मुआवजा, अस्पताल, एम्बुलेंस आदि की समस्याओं पर बात की। मौके पर सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, लालू बेदिया, वार्ड सदस्य गिलु बेदिया, कलेश्वर महली, विजय महली, हरिशंकर शाही, संजय महली, गौर सिंह मुंडा, विक्रम बैठा, अताउल अंसारी सहित दर्जनों महिला-पुरुष उपस्थित रहे, जिन्होंने 9090902024 में मिस्ड कॉल कर नरेन्द्र मोदी को फिर एक बार के लिए समर्थन किया।

## डायन बिसाही के खिलाफ रातू पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**रातू (आजाद सिपाही)।** डायन बिसाही और भूत प्रेत के प्रति अंधविश्वास को दूर करने के लिए रातू पुलिस ने बुधवार की शाम सिमलिया नया टोली के ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाया। इस क्रम में थाना प्रभारी सपन कुमार महथा ने डायन बिसाही और भूत प्रेत को अंधविश्वास बताते हुए कहा कि विज्ञान इतना आगे बढ़ जाने के बावजूद लोग आज भी डायन बिसाही और भूत प्रेत को मानते हैं। उन्होंने कहा कि ओझा गुणी के चक्कर में न पड़े। डायन बिसाही व भूत प्रेत का आरोप लगाकर किसी को प्रताड़ित करना अपराध है। भूत प्रेत की शंका मन का भ्रम है उन्होंने इस कुप्रथा के उन्मूलन के लिए पुलिस के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पुलिस के अलावा सिमलिया मुखिया फुलमनी कुमारी, बसंती देवी, उषा देवी, बेबी देवी, अमरजीत उरांव, शिवा उरांव व सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## कृषि में ऊर्जा संरक्षण व उपयोग पर कार्यशाला आयोजित

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, रांची में आज बुधवार के दिन झारखंड नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (जरेडा) द्वारा प्रायोजित कृषि क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण व उपयोग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 49 अंगीकृत विवेकानंद सेवा संघ गांवों के प्रतिनिधियों के अलावा जिले के विभिन्न भागों से 94 कृषकों ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य रूप से संस्थान जरेडा के प्रतिनिधि प्रभाकर झा द्वारा उर्जा एवं जल संरक्षण पर प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने सिंचाई एवं अन्य गतिविधियों के लिए पानी की आवश्यकता को पूरा करने के लिए सौर ऊर्जा द्वारा संचालित एक ऊर्जा कुशल समाधान पीएम कुसुम योजना के कंपोनेंट, गोबर्धन योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर केवीके के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ अजीत कुमार सिंह ने कृषि में प्राकृतिक संसाधन संरक्षण पर प्रकाश डाला। ओपी शर्मा वैज्ञानिक (कृषि अभियंत्रण) ने कृषि में उपयोग होने वाले मशीनों के उपयोग में ऊर्जा संरक्षण की बारीकियों को बताया। जिसमें पहलू बेदिया, प्रदीप महतो ने भी अपने विचार एवं समस्याएं रखी, जिसका मौके पर समाधान किया गया। कार्यशाला में रामकृष्ण मिशन आश्रम दिव्ययान कृषि विज्ञान केंद्र के सचिव स्वामी भवेशनन्द महाराज एवं संस्थान के डॉ. आरके सिंह, डॉ. नेहा राजन, डॉ. मनोज सिंह एवं अन्य वैज्ञानिकों ने सहयोग किया।

## अनगड़ा में दवली से प्रहार कर महिला की हत्या

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के डूमरगढ़ी जंगल से पुलिस ने मंगलवार की शाम एक महिला का शव बरामद किया है। महिला की पहचान सुमित्रा देवी (42) पति नकुल मुंडा के रूप में की गयी है। वह डूमरगढ़ी गांव की रहने वाली बतायी गयी है। उसके पति ने बताया कि वह सोमवार को एक छेका पार्टी में गया हुआ था। पत्नी सुमित्रा देवी शाम करीब चार बजे घर से कूछ दूर कूललाता जंगल अपने पेड़ पर लगाए गए लाह की देखभाल करने गयी थी। इसी बीच अज्ञात अपराधियों ने उसी की दावली से चेहरा व हाथ-पांव में ताबड़तोड़ प्रहार कर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी। बताया गया कि महिला अपने हाथ में दावली पकड़ कर निकली थी। पुलिस ने शव को बरामद कर मंगलवार की रात में ही पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेज दिया। किस कारण से महिला की हत्या की गयी उसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। अनगड़ा पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गयी है। बुधवार को रांची से आए फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर जाकर घटना की जांच पड़ताल की।

## मृतक के स्वजनों को किया आर्थिक सहयोग

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो के प्रतिनिधि महादेव कुजूर ने बुधवार को प्रखंड के ईंटाचिल्द्री गांव में मृतक शनि उरांव के स्वजनों से मुलाकात की। ज्ञात हो कि मंगलवार की शाम वज्रपात से शनि उरांव की मौत हो गई। आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए स्वजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने मृतक के पुत्र सोमा उरांव को आर्थिक सहायता राशि दी। वहीं मौके पर पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, नारायण महली व रंजन गुप्ता समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## ग्रामीण मेधा सम्मान समारोह का आयोजन को लेकर प्रखंड सभागार में बंधु तिर्की ने की बैठक



**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर प्रखंड मुख्यालय सभागार में बुधवार को झारखंड सरकार समन्वय समिति के सदस्य पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में बीडीओ, सीओ, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और सभी बैंक के कर्मी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रखंड में ग्रामीण मेधा सम्मान समारोह का आयोजन कर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों प्रोत्साहित करना है। इस ग्रामीण मेधा सम्मान समारोह में प्रखंड व पंचायत के पहला, दूसरा व तीसरा टॉपर एवं प्रथम श्रेणी के सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह बीआरसी मैदान सोसाइ आश्रम में दिनांक 15.7.2023 को किया जाएगा। मौके पर बीडीओ सुलेमान मुंडरी,सीओ विजय हेमराज खलखो, प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, होसे उरांव, उप प्रमुख अमानत अंसारी, बेलस टोपो और सभी बैंक अधिकारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : नगड़ी प्रखंड कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में सुबोधकांत सहाय ने कहा**

# सशक्त कार्यकर्ताओं के बल पर कांग्रेस पार्टी और मजबूत हुई है

**देश को बचाना है तो कांग्रेस पार्टी को लाना होगा : अजय नाथ शाहदेव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के बैनर तले बुधवार को एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन लालगुटवा स्थित द रॉयल गार्डन बैंक्विट हॉल में आयोजित किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष शाहबीर लोहरा ने की। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि संघर्ष से ही संगठन मजबूत होता है और यही कांग्रेस पार्टी का आधार है। प्रतिकूल परिस्थिति में भी सशक्त कार्यकर्ताओं के बल पर कांग्रेस पार्टी और मजबूत हुई है। हम मिलकर पंचायत, गांव, टोला के विभिन्न संगठनों को बनाकर कार्य करें। प्रखंड कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस कमेटी और युवा कांग्रेस कमेटी में कम से कम छह-छह उपसमित का गठत करें और इसके माध्यम से पाटी के सिद्धांत को जन जन तक पहुंचाएं। हमें हर हाल में अहंकारी मोदी सरकार को उखाड़ कर सत्ता से बाहर करना है। देश की एकता को तोड़ने वाले मोदी सरकार के शासन में पूरे देशवासी महंगाई से त्रस्त हैं। भाजपा के शासन काल में देश की जनता महंगाई से त्राहिमाम कर रही है। गरीबों का भोजन थाली से दूर होते जा रहा है और यह सरकार मौज कर रही है। उन्होंने नगड़ी प्रखंड के संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ, गांव और पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर बल दिया।

विशिष्ठ अतिथि कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अजयनाथ शाहदेव ने कहा कि देश को बचाना है तो कांग्रेस पार्टी को लाना होगा। भाजपा हमेशा हिन्दू-मुस्लिम करके वोट की राजनीति करना चाहती है। इससे सावधान रहने की जरूरत है। मौके पर रांची जिला कांग्रेस पार्टी के जिला प्रभारी शिव कुमार भगत ने कहा कि हमें मिलकर 2024 में कांग्रेस पार्टी को जिताना है। आप अभी से कमर कस लें।

कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा पार्टी के कार्यकर्ता 2024 के चुनाव की तैयारी में लग जायें। गांव गांव में जाकर पार्टी के संगठन को मजबूत करें। इसके अलावे सम्मेलन को जिला महिला अध्यक्ष मेरी तिर्की, ऐनुल हक, शहीद अहमद, बेलस तिर्की, फिरोज अंसारी, अफसाना प्रवीण, अकलिमा खातून सहित कई वरीय कांग्रेसी नेताओं ने संबोधित किया। मौके पर सभा का संचालन सहाबीर लोहरा, तरूण तिर्की और फिरोज आलम तथा धन्यवाद ज्ञापन संजय सरैया ने किया। मौके पर गौरी सहाय, राजेश ठाकुर, महाबीर नायक, अख्तर अंसारी, कुलदीप तिवारी, माहिर अंसारी, नीलम तिग्गा, उषा देवी, गंगिया तिर्की, यासीन अंसारी, रकीब अंसारी, शहीद मास्टर, मकसूद अंसारी, लाल राजेश शाहदेव, शक्ति महतो, मकसूद अंसारी, एनामुल अंसारी, शेख आलम, मुकुल, शाहनवाज, अबूबकर सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।

### मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला फूंका



सम्मेलन के पश्चात सभी कांग्रेसी जनों ने कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ता द्वारा घृर्णित कार्य के विरोध में प्रखंड के कटहल मोड़ में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नगरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी संयुक्त रूप से शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया गया।

# विवादित जमीन पर चहारदिवारी निर्माण कराने को लेकर हंगामा

**अनगड़ा पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर हंगामे को शांत कराया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के हेसल मौजा में एक विवादित भूखण्ड पर रात के अंधेरे में हरवे हथियार से लैस होकर एक पक्ष के द्वारा चहारदिवारी निर्माण कराए जाने को लेकर सोमवार की रात दो पक्षों के बीच जमकर हंगामा हुआ। सूचना पाकर मौके पर पहुंची अनगड़ा पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर हंगामे को शांत कराया। इस संबंध में दोनों पक्षों की ओर से उक्त विवादित जमीन को लेकर अपने-अपने दावे से संबंधित लिखित आवेदन दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताया गया कि मौजा हेसल स्थित खाता सं 109, प्लॉट सं 307, 308, 309, 312, 318 और 319 रकबा 1.70 एकड़ जमीन की दो अलग-अलग लोगों के नाम से अनगड़ा अंचल में दोहरी जमाबंदी चल रही है तथा इसको लेकर दो पक्षों के बीच विवाद खड़ा हो गया है। इसके बावजूद एक पक्ष के द्वारा दो-ढाई सौ लोगों के साथ मिलकर जमीन पर बाउंड्री कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसको लेकर एक पक्ष के द्वारा वरीय पुलिस पदाधिकारियों सहित अनगड़ा पुलिस को लिखित शिकायत के बाद अनगड़ा पुलिस ने जमीन पर धारा 144 तथा धारा 107 के तहत कारवाई किए जाने हेतु एसडीओ सदर रांची को अनुशंसा की है। इसके बावजूद भी सोमवार की रात करीब 11 बजे 40-50 क संख्या में मजदूरों को लगाकर एक पक्ष के लोगों द्वारा चहारदिवारी का निर्माण किया जा रहा था। जिसका दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध किया। एक पक्ष का आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने उसकी बाउंड्री को गिरा दिया था।

# रातू में एक नंबर की दो कार, पुलिस ने कार जब्त कर युवक को किया गिरफ्तार

**कार में लगा है विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल खलारी सह मंत्री का बोर्ड**

**खलारी का रहने वाला है युवक बिक्की राम**

आजाद सिपाही संवाददाता







**रातू।** थाना क्षेत्र में एक नंबर की दो कार होने की सूचना पर रातू पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये एक युवक को सफेद रंग की बरना कार जेएच01एपी-9000 समेत दबोच लिया। कार के आगे बोर्ड में विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल खलारी सह प्रखंड मंत्री लिखा हुआ है। युवक खलारी थाना क्षेत्र के जेहलीटांड़ का रहने वाला राजू राम का पुत्र बिक्की राम है।

वहीं इसी नंबर की सफेद रंग की बरना कार नगड़ी थाना क्षेत्र के नयासराय मठ टोली के रहने वाले शराफत अंसारी, पिता सखावत अंसारी के नाम पर भी है। हुंडई कंपनी की बरना कार के एक रजिस्ट्रेशन नंबर पर दो कार मिलने पर पुलिस द्वारा छानबीन की गई, जिसमें पाया गया कि नया सराय के रहने वाले शराफत अंसारी कार के असली मालिक हैं। उसी नंबर की दूसरी कार फर्जी है, जिसे बिक्की राम इस्तेमाल करता था। फर्जी नंबर के पीछे होने वाली रैकेट का पुलिस पता लगा रही है।

**इस तरह सामने आया मामला :** कार मालिक शराफत अंसारी का भतीजा नौशाद अंसारी किसी काम से रातू काठीटांड़ आया था। बुधवार की शाम करीब 4 बजे उसने देखा कि उसके चाचा शराफत अंसारी के कार का नंबर जेएच01एपी-9000 इस कार में लगा है। कार के आगे विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल खलारी प्रखंड सह मंत्री लिखा हुआ है। शक होने पर उसने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक बिक्की लोहरा को गिरफ्तार कर लिया। वहीं फर्जी नम्बर लगा कार को जब्त कर थाना ले आयी है। युवक के पास यह कार कहां से आई और कार में फर्जी नंबर लगाने की पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

**ओएलएक्स में देखकर डाला था नंबर :** हिरासत में लिये गये युवक ने बताया कि वह दिल्ली से कार को खरीदा है। कार का कागजात नहीं है। उसने हुबहु कार ओएलएक्स में बिक्री के लिए देखा और पकड़े न जायें इसलिये इस नंबर को फर्जी तरीके से कार में लगाकर उपयोग करता था।

**कार्यक्रम : पंचायत सचिवालय ओरमांझी में श्री श्री बाल विकास केंद्र के बच्चों ने किया गायत्री मंत्र का पाठ**

# केंद्र संचालन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में संस्कार भरना है : प्रवीण कुमार

**श्री श्री रविशंकर की छोटी बहन के मार्गदर्शन में संपूर्ण झारखंड में 40 नि:शुल्क श्री श्री बाल विकास केंद्र का संचालन हो रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** श्री श्री बाल विकास केंद्र ओरमांझी के छोटे छोटे बच्चों के द्वारा गायत्री मंत्र का पाठ किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग झारखंड के वरिष्ठ शिक्षक सह प्रोजेक्ट हेड प्रवीण कुमार जी तथा मेहमानों का भव्य स्वागत फूलमाला एवं पत्तों से बने हुए मुकुट पहना कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओरमांझी प्रखंड अंतर्गत दी आर्ट ऑफ लिविंग वेद विज्ञान महाविद्या पीठ बेंगलुरु के द्वारा संचालित निशुल्क 10 श्री श्री बाल विकास केंद्र के बच्चों को परिधान का वितरण किया गया। श्री श्री रविशंकर जी की छोटी बहन भानु नरसिम्मन के मार्गदर्शन में संपूर्ण झारखंड में 40 निशुल्क श्री श्री बाल विकास केंद्र का संचालन वेद विज्ञान महा विद्या पीठ बेंगलुरु के द्वारा हो रहा है। जिसमें कुल 850 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आर्ट ऑफ लिविंग के झारखंड हेड प्रवीण कुमार ने कहा की श्री श्री बाल विकास केंद्र के संचालन का मुख्य उद्देश्य मैकाले की शिक्षा पद्धति से हटकर बच्चों में संस्कार का विकास और मानवीय मूल्यों के प्रति चेतना का जागरण करना है। कार्यक्रम में प्रकृति के संरक्षण के लिए हर एक व्यक्ति को एक पेड़ लगाने की योजना से विभिन्न प्रकार के फलदार एवं औषधीय पौधों का वितरण किया गया। पेड़ लगाने और उनके औषधीय गुण एवं व्यापारिक महत्व को बताते हुए पेड़ों का संरक्षण करने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से दी आर्ट ऑफ लिविंग झारखंड के हेड वरिष्ठ शिक्षक प्रवीण कुमार, महेश्वर मेहता संगीता झा, विनीता भगत, हर्षद वायडा, ओरमांझी पंचायत के मुखिया दीपक बड़ाईक, पूर्व मुखिया मीना देवी, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार, मुन्नी देवी, सरोज कुमारी एवं श्री श्री बाल विकास केंद्र के शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### संजय सेठ और प्रो. आदित्य साहू ने किया गगारी धाम में सामुदायिक भवन का उद्घाटन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत पड़ने वाला गगारी पंचायत के गगारी धाम परिसर के पास पुराने जर्जर हो चुके सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार सांसद संजय सेठ के मद से किया गया। जीर्णोद्धार सामुदायिक भवन का विधिवत शुभारंभ लोक सभा सांसद संजय सेठ व राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर पंचायत के मुखिया धनराज बेदिया व ग्रामीणों द्वारा उक्त स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की गई। मौके सांसद संजय सेठ ने कहा कि आप अपना कीमती वोट देकर भारी बहुमत से सरकार बनवाइए हम आप लोगों की मांगे पूरी करेंगे। वहीं राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कहा सबका साथ सबका विकास करना पार्टी की पहली प्राथमिकता में शामिल है। कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया धनराज बेदिया, भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिलीप मेहता, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, पंसस ललीता देवी, ओरमांझी पंचायत उपमुखिया संतोष कुमार गुप्ता, लक्ष्मण उरांव, अलखनाथ महतो, गोवर्धन बेदिया, शशि मेहता, राजेंद्र बेदिया, लक्ष्मण गंझू, अशोक बेदिया आदि उपस्थित थे।

### 20 भक्तों का जत्था अमरनाथ रवाना



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के टाटीसिलवे क्षेत्र से 20 भक्तों का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिये बुधवार को रवाना हुआ। इस दौरान भक्तों का जुटान टाटीसिलवे चौक पर हुआ। जहां भक्तों ने चौक स्थित दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद सभी भक्तों व उनके परिजनों ने यात्रा को सफल बनाने की प्रार्थना की। वहीं, भक्तों के परिजनों ने सभी भक्तों को शुभकामनाएं दी। इसके बाद वाहन में सवार होकर टाटीसिलवे रेलवे स्टेशन पहुंचे और अमरनाथ जाने के लिये ट्रेन से रवाना हो गये। अमरनाथ यात्रा जाने वालों में टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, सुबोध शर्मा, दीपक कुमार सिंह, अरुण महतो, लालधारी कच्छप, राजेश महतो, सुरज कुमार महतो, बिष्णु मुंडा, योगेंद्र महतो, रोबिन मोदक, मयुरे प्रसाद, एतवा उरांव, मनोज कुमार महतो, रोहिदास महतो, गणेश महतो, मिथिलेश महतो, एवं दीपक कुमार केसरी शामिल हैं।

### अशोक नायक ने बाबूलाल मरांडी को दी बधाई

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा अनुसूचित जाति एससी मोर्चा ग्रामीण जिला मंत्री सह नामकुम समाजसेवी अशोक नायक ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बधाई देते हुये कहा कि पार्टी ने एक कुशल संगठनकर्ता को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। कहा कि बाबूलाल मरांडी का लंबे समय का राजनीतिक अनुभव रहा है। उनके राजनीतिक अनुभव का लाभ पार्टी के कार्यकर्ताओं को अवश्य मिलेगा। अब कार्यकर्ता एक नयी ऊर्जा और मजबूती से कार्य करेंगे।

### एनपीपी किसानों में बांटेगी फलदार वृक्षों के पौधे

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** मानसून को देखते हुये नेशनल पीपुल्स पार्टी के पदाधिकारी प्रथम चरण के 10 जिलों में 10 प्रकार के फलदार वृक्षों के पौधे किसानों के बीच बांटेगी। यह अभियान जुलाई महीने से शुरू होकर अगस्त तक चलेगा। यह अभियान गांव में किसानों को पर्यावरण के प्रति जागरूक एवं किसानों को आय का साधन के प्रति कार्य करेगा। प्रदेश में विभिन्न परियोजना द्वारा पेड़ काटा जा रहा है। जिस कारण पर्यावरण को क्षति पहुंच रहा है। नेशनल पीपुल्स पार्टी पर्यावरण संरक्षण पर विशेष बल देते हुए कार्य करेगी। इस दौरान बोकारो, रामगढ़ एवं रांची के पदाधिकारी प्रदेश कार्यालय में जुटे। मौके पर प्रदेश सचिव सुरेन कालिंदी, प्रदेश महासचिव अमर महतो, प्रदेश प्रवक्ता सुमन बाड़ा, कार्यकारिणी सदस्य आरती देवी, अनथन लकड़ा, जोसेप लाकड़ा, मोहम्मद अबूजर, रायमनी मुंडा, तारा देवी, रिचर्ड लकड़ा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### सीआइटी में 17 विद्यार्थियों का कैंपस सिलेक्शन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के 17 विद्यार्थियों का कैंपस सिलेक्शन तीन अलग-अलग कंपनियों ने किया है। इनमें हिंदुस्तान यूनि लिवर लिमिटेड, साइकेम टेक्नोलॉजी प्रा.लि एवं ए एम जी टेक्नोलॉजीज कंपनी शामिल है। हिंदुस्तान यूनि लिवर लिमिटेड में चयनित तीन विद्यार्थियों को भास्कर कुमार पाठक, नितेश कुमार व कुमारी भारती को सर्वाधिक 9.15 लाख का सालाना पैकेज मिलेगा। जबकि ए.एम.जी टेक्नोलॉजीज में सीएसई ब्रांच की एक छात्रा मनीषा वर्मा का चयन 6 लाख के सालाना पैकेज पर किया गया है। वहीं, साइकेम टेक्नोलॉजी प्रा.लि में 13 विद्यार्थियों का चयन ग्रेजुएट ट्रेनी इंजिनियर के पद पर किया गया है। जिन्हें सालाना 3.5 लाख का पैकेज मिलेगा। संस्थान के टीएनपी प्रो. इंचार्ज डॉ केपी दत्ता ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों की पोस्टिंग पेन इंडिया के तहत होगा। इधर, संस्थान के प्लेसमेंट कॉर्डिनेटर प्रो अंकित सिंह ने बताया कि इस माह कई अन्य प्रतिष्ठित कंपनिया प्लेसमेंट ड्राइव के लिये संस्थान में आयेगी। सभी सफल विद्यार्थियों को कैंब्रिज ट्रस्ट की चेयरपर्सन जानकी देवी व संस्थान के प्रभारी प्राचार्य अर्शद उस्मानी ने बधाई दी है।

### वाइबीएन विवि में फार्मा प्राइम पत्रिका के पहले तथा तीसरे संस्करण का विमोचन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाईबीएन विश्वविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में वाईबीएन यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति बैद्यनाथ यादव ने फार्मा प्राइम पत्रिका के पहले तथा फार्मा विजडम पत्रिका के तीसरे संस्करण का विमोचन किया। इस अवसर पर वाईबीएन यूनिवर्सिटी के सीईओ, वीसी, रजिस्ट्रार, डीन एकेडमिक, प्रॉक्टर, एग्जाम कंट्रोलर डीन एवं यूनिवर्सिटी के सभी प्रिंसिपल और एचओडी मौजूद थे। लोकार्पण के बाद मीडिया से बात करते हुये डीन ऑफ फार्मा डॉ आशीष सरकार ने बताया कि यह मैगजीन हमारा पहला एडिशन है ' जिसमें फार्मासिस्ट विद्यार्थियों के लिये बहुत उपयोगी रिसर्च और रिव्यू किया गया है। इस मैगजीन का सारा रिसर्च और रिव्यू फार्मासिस्ट के शिक्षकों द्वारा किया गया है। आगे भी यही प्रयास रहेगा कि ऐसे ही मैगजीन तिमाही प्रकाशित करेंगे जिससे बच्चों को फायदा होगा। मौके पर वाईबीएन यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति बैद्यनाथ यादव, प्रो चांसलर रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ.एसपी यादव, रजिस्ट्रार डॉ. रमन दुबे, आईक्यूएसी निदेशक तथा डीन फामेर्सी डॉ. आशीष सरकार, मुख्य संपादक फार्मा प्राइम, संजीता कुमारी, संपादक चंचला कुमारी, रश्मि कुमारी, डॉ रोहित कुमार, संपादक फार्मा विजडम अनित कुमार , सुरुचि गुप्ता, डॉक्टर सृष्टि डोरा, पूजा कुमारी, आफ्रीन आलम तथा सभी संकाय के डीन और एचओडी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## मजदूरी के लिए ट्रैक्टर से जाने के दौरान हुआ हादसा, 10 फीट गहराई में गिरा वाहन

# ट्रैक्टर पलटने से मजदूर की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला थाना क्षेत्र के केतात कला गांव में बुधवार को एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे एक मजदूर की मौत हो गयी। जबकि इसी हादसे में एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार केतात कला के लवकुश कुमार व अमित कुमार ट्रैक्टर पर मजदूरी का कार्य करते थे। इस दिन दोनों ट्रैक्टर पर ही मजदूरी करने जा रहे थे। तभी गांव के ही पीसीसी पथ पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया और लगभग 10 फीट नीचे खेत में चला गया। इससे ट्रैक्टर चला रहे



जांच करती चिकित्सकीय टीम।

लवकुश कुमार और उसका सगा भाई अमित कुमार ट्रैक्टर के नीचे दब गये। स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत दोनों युवकों को ट्रैक्टर से बाहर निकाला और विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां डॉक्टरों ने जांचके बाद लवकुश कुमार (16) को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसका भाई अमित कुमार की हालत गंभीर बतायी जा रही है। घायल अमित का इलाज विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही चल रहा है। मृतक लवकुश केतात निवासी बाबूलाल राम का पुत्र था। इउधर, पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर केतात गांव के ही दीपू चौबे का बताया जा रहा है।

# देश के सच्चे दलित नेता थे रामविलास पासवान : विनय

**एनसीपी कार्यालय में मनायी गयी दलित नेता रामविलास पासवान की जयंती**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** देश के प्रमुख दलित नेताओं में से एक रामविलास पासवान की जयंती हुसैनाबाद के एनसीपी कार्यालय में बुधवार को मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। एनसीपी के हुसैनाबाद अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान ने कहा कि बिहार में जन्मे रामविलास पासवान को सियासत का बेताज बादशाह माना जाता था। उन्हें राजनीति का 'मौसम वैज्ञानिक' तक कहा जाता था। देश के छह प्रधानमंत्रियों के साथ काम किए थे। अपने मिलनसार स्वभाव की वजह से वह हर सियासी सांचे में फिट बैठ जाते थे। वहीं, 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने कहा



राम विलास पासवान की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन करते एनसीपी कार्यकर्ता।

कि रामविलास पासवान का जन्म बिहार के खगड़िया जिले में पांच जुलाई 1946 को हुआ था। उन्होंने डीएसपी का पद त्याग कर देश के गरीबों-दलितों के लिए काम करना पसंद किया। वह दलितों व गरीबों के सच्चे हिमायती होने के साथ ही सभी जाति-धर्म और वर्ग को एक दृष्टि से देखते थे। उनके आदर्शो पर चलकर ही एक स्वास्थ्य राजनीति और समाजसेवा की कल्पना की जा सकती है। उन्होंने अपने जीवन में सभी क्षेत्रों के लिए कई उत्कृष्ठ कार्य किए हैं, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। बिहार झारखंड के गांव-गांव में उनका व्यक्तिगत लगाव था। इस मौके पर मुखिया पति कुंदन पासवान, हंसराज सिंह, अक्षय पासवान, महेश पासवान, रंजेश पासवान, दीपक यादव, उपेश यादव, डब्ल्यू पासवान, मिथिलेश पासवान, सकिंदर यादव और अरुण पासवान आदि मौजूद थे।

# लंबी दूरी तय करने से ग्रामीणों को मिलेगी राहत: बाजार समिति



**सरसोत में हाट बाजार की हुई शुरूआत, ग्रामीणों ने की खरीदारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरसोत हाई स्कूल के मैदान में गठित बाजार समिति के सदस्यों ने हाट बाजार बुधवार को शुरूआत कर दी है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस साप्ताहिक हाट बाजार का उद्घाटन पत्थरा ओपी प्रभारी नितीश कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश चौधरी, जितेंद्र मेहता व कमलेश कुमार यादव ने फीता जोड़ कर और वट वृक्ष व पीपल का पौधा रोपन कर किया। शुरूआत में बाजार में कपड़ा, चूड़ी, समोसा, जलेबी, सब्जियों की दुकान के अलावे मछली, मुर्गा दुकान आदि की दुकान लगीं। बाजार में करीब दर्जनाधिक दुकानें एक साथ देख ग्रामीण प्रसन्न हुए एवं जमकर खरीददारी की। इस संबंध में बाजार समिति के सदस्यों ने कहा कि सरसोत में बाजार आयोजन से यहां के किसानों व खरीदारों को लंबी दूरी तय करने से राहत मिलेगी। वहीं अध्यक्ष डॉ अवध कुमार दास ने बताया कि सरसोत के किसानों व ग्रामीणों को कुछ सामान खरीद-बिक्री करना होता था तो उन्हें करीब 15 किलोमीटर दूरी तयकर हरिहरगंज, नौडीहा बाजार या छत्तरपुर जाना पड़ता था। बताया कि सरसोत में अब हर बुधवार तथा रविवार को बाजार लगाने का निर्णय लिया गया है। मौके पर सचिव पप्पू कुमार चन्द्रवंशी, कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा, नौरंगी बैठा, श्यामलाल मेहता, श्यामसुंदर देहाती, मंगलदेव राम, जितेंद्र प्रजापति, उमेश प्रजापति, कइल मिस्त्री, लालता सिंह, दिलीप साव, मोहन साव, अनिल शर्मा, विश्वनाथ साव, अक्षय साव,निर्भय शर्मा, राजू राम, जगदेवन भुइंया आदि सदस्यों के अलावे कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# किसी हाल में तस्करों को ना बख्शें: संदीप सिंह

**जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में दिखे डीसी के कड़े तेवर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के डीसी संदीप सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक टाउन हॉल में हुई। जिसमें डीसी अलग ही तेवर में दिखे। उन्होंने सभी थाना प्रभारी और बीसीसीएल अधिकारियों को सीधा निर्देश दिया कि किसी भी हाल में अवैध खनन करने वाले को नहीं बख्सा जाए। उनके खिलाफ हर क्षेत्र के बीसीसीएल अधिकारी नामजद एफआईआर दर्ज कराए। उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि आउटसोर्सिंग कम्पनियों की मदद से हो रही कोयला चोरी के कारण



जिला प्रशासन और बीसीसीएल की बदनामी हो रही है। ऐसे आउटसोर्सिंग पर बीसीसीएल ने अब तक क्या कार्रवाई की है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर बीसीसीएल अविलंब उन पर नकेल कसे। चाहे कोयला हो या बालू, अवैध खनन किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। डीसी ने कोयला खनन में लगी आउटसोर्सिंग कंपनियों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया। थाना प्रभारियों से कहा कि वे नियमित रूप से औचक पेट्रोलिंग करें। बीडीओ और सीओ को कोयला ट्रांसपोर्टिंग वाले वाहनों के तय रूट पर विशेष नजर रखने, माइनिंग ट्रांसपोर्टेशन के विरुद्ध विगत छह माह में की गई कार्रवाई का ब्योरा उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान बीसीसीएल के निदेशक तकनीकी ने कोयला चोरी रोकने के लिए बीसीसीएल की ओर से किये गए उपायों की विस्तृत जानकारी डीसी को दी। इस मौके पर ग्रामीण एसपी रेष्मा रमेशन, सीआइएसएफ के डीआइजी विनय काजला, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, जिला खनन पदाधिकारी मिहीर सालकर, डीएसपी मुख्यालय-1 अमर पांडेय, इसीएल के पदाधिकारी सहित सभी अंचल के सीओ, बीसीसीएल के एरिया जीएम, डीएसपी, थाना प्रभारी आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## हाइवा चोरी के मामले में लोयाबाद पहुंची पलामू पुलिस, वर्तमान मालिक से कर रही है पूछताछ




**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** हाइवा चोरी के एक मामले में पलामू पुलिस बुधवार को लोयाबाद पहुंची। पुलिस ने लोयाबाद विदेशी शराब दुकान के समीप खड़ी हाइवा संख्या जेएच 09 बीसी 5281 को जब्त कर थाने ले आई, जबकि हाइवा के वर्तमान मालिक बोकारो के तेलो निवासी फिरदौस खान को थाने लेकर पूछताछ कर रही है। बतातें चलें कि पलामू के पिपरा निवासी अमिरूद्दीन अंसारी उक्त हाइवा को अपना बता रहा, जबकि फिरदौस अपना बता रहा है। फिरदौस का कहना है कि उसने हाइवा को 12 लाख 90 हजार रुपए में गोविंदपुर के एक व्यक्ति से खरीदा है। जबकि अमिरूद्दीन का कहना है कि हाइवा का बैट्री बाक्स, टायर, गेट और डाला से गाड़ी की पहचान की है। यह हाइवा उसी की है। दोनों व्यक्ति के पास हाइवा के कागजात भी उपलब्ध है। बताया जा रहा कि अमिरूद्दीन अंसारी की हाइवा तीन माह पूर्व यानी मार्च महीने में पलामू के पिपरा थाना क्षेत्र से सड़क किनारे से चोरी हो गई थी। जिसकी प्राथमिकी अमिरूद्दीन ने पिपरा थाना में दर्ज भी कराई है। तभी से उसकी खोजबीन जारी थी। किसी के माध्यम से पता चला कि उक्त हाइवा का नंबर और रंग पेंट बदलकर लोयाबाद में रखा गया है। पलामू पुलिस की सूचना पर लोयाबाद पुलिस ने हाइवा थाने ले आई। इसके बाद पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार भुक्तभोगी अमिरूद्दीन के साथ लोयाबाद पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लोयाबाद थाना प्रभारी राजन कुमार राम ने बताया कि हाइवा के असली मालिक की जांच की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन का प्रतिभा सम्मान समारोह 9 को




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन जपला की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 9 जुलाई को स्थानीय टाऊन हाल में होगा। इसे लेकर जगमोहन कुटीर में बुधवार को फाउंडेशन की एक बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष अंगद किशोर व संचालन कोषाध्यक्ष श्रवण अग्रवाल ने किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष अंगद किशोर व सचिव आलोक कुमार ने बताया कि आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन द्वारा हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय के मैट्रिक व इंटर के 100 टॉपर्स विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। चयनित टॉपर्स को एडमिट कार्ड व मार्कशीट साथ लाना अनिवार्य होगा। इस मौके पर संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रेश्वर प्रसाद, कमलेश विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

# पंजीकृत ग्राहक सेवा केंद्रों का शहरी क्षेत्र में संचालन होने से बढ़ी ग्रामीण लोगों की मुश्किलें

**बैंक के ब्रांच मैनेजर की मिलीभगत से छतरपुर में ही कार्य करवाने का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू** जिले के छतरपुर प्रखंड अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक सहित अन्य बैंकों तहत सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की सुविधा के लिए पंजीकृत लगभग 40 ग्राहक सेवा केंद्रों (सीएसपी) का वर्षों से शहरी क्षेत्र में संचालन होने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। बतातें चलें कि केंद्र सरकार की ओर से महत्वपूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह बैंकिंग सेवा शुरू कराया था.जो कि सुदूरवर्ती गावों के लोगों को शहर में आने से होने वाली परेशानी से निजात दिलाने के लिए पंचायत और गांव स्तर पर उक्त ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) खोले गए थे। लेकिन बैक प्रबंधक की मिलीभगत से सभी सीएसपी केंद्रों का संचालन शहर स्थित बैंकों के आस पास ही कराए जा रहे हैं। जिससे सुदूरवर्ती इलाकों के लोगों को बैंकिंग कार्यों से शहर आने जाने में काफी मुश्किलों से गुजरना पड़ रहा है। इसे लेकर कई बार पलामू डीसी, बैंक के रीजनल मैनेजर (आर एम) को भी अवगत कराया गया। जबकि छतरपुर के अनुमंडल पदाधिकारी ने स्वयं संज्ञान में लेते हुए शाखा प्रबंधक छतरपुर को उक्त सभी ग्राहक सेवा केंद्रों का संचालन लोकेशन एरिया पंचायत व गाँव स्तर पर ही संचालित कराने का सुझाव दिया था। बाबजूद इसके ब्रांच मैनेजर के कान पर आज तक जू नहीं रेंगी। इसकी शिकायत सभी पंचायत के मुखिया व पंचायत समिति एवं वार्ड सदस्यों ने भी किया। जिस पर आजतक कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। विदित हो कि अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों के कई सीएसपी का संचालन छतरपुर बाजार स्थित बैंक के सामने महज 20 से 50 मीटर की दूरी पर ही चल रहे हैं। इस संबंध में प्रखंड के मुखिया, जनप्रतिनिधियों का कहना है कि ब्रांच मैनेजर की मिलीभगत से ही सभी ग्राहक सेवा केंद्रों के संचालन छतरपुर बाजार क्षेत्र में कराए जा रहे हैं। जिस पर लोगों में काफी नाराजगी जताई है। साथ ही उपायुक्त पलामू से उक्त सभी सीएसपी का संचालन पंजीकृत स्थलों पर ही कराने की गुहार लगाई है।

## स्कूलों में प्रदर्शनी लगाकर बच्चों को विज्ञान के प्रति किया जा रहा जागरूक

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विज्ञान के प्रति बच्चों में रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से रवाना हुई श्रीकृष्ण विज्ञान प्रदर्शनी रथ बुधवार को मेदिनीनगर के राजकीय प्लस 2 उच्च विद्यालय पंहुची। जिला स्कूल में बच्चों के बीच विज्ञान प्रदर्शनी लगाकर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिससे स्कूल के सभी बच्चे लाभान्वित हुए और विद्यार्थियों को विज्ञान की शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। गौरतलब है कि बीते मंगलवार को पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम,पलामू उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, पांकी के विधायक शशिभूषण मेहता ने हरी झंडी दिखाकर श्री कृष्ण विज्ञान प्रदर्शनी रथ को रवाना किया था। बता दें कि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार राज्य के चिन्हित विद्यालयों में भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन बच्चों को दिखाना है।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड से जुड़े मेसन माउंट

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के स्टार मिडफील्डर मेसन माउंट ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ करार किया है। माउंट ने हाल ही में चेल्सी क्लब छोड़ने का एलान किया था। वह इस सीजन में मैनचेस्टर यूनाइटेड से जुड़ने वाले पहले खिलाड़ी हैं। 24 वर्षीय माउंट ने पांच साल के लिए करार किया है। उनका अनुबंध मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ 2028 तक रहेगा। इसमें एक साल बढ़ाने का विकल्प भी शामिल है।माउंट को बेचने पर चेल्सी को 55 मिलियन पाउंड स्टर्लिंग (करीब 574 करोड़) मिलेंगे। माउंट बचपन में ही चेल्सी के साथ जुड़ गए थे।

## स्पोर्ट्स



भारतीय टीम वेस्टइंडीज के दौरे के लिए बारवाडोस पहुंच चुकी है। 12 जुलाई को भारतीय टीम अपना पहला मैच खेलेगी। इससे पूर्व खिलाड़ियों ने सर गारफील्ड सोबर्स से मुलाकात की।

## सोबर्स ने पहली बार एक ओवर में मारे थे छह छक्के, टीम इंडिया 12 जुलाई को खेलेगी पहला मैच

# सर गारफील्ड सोबर्स से मिली टीम इंडिया, रोहित-विराट ने हाथ मिलाया

एजेंसी

**बारबाडोस।** भारतीय टीम वेस्टइंडीज दौरे के लिए बारबाडोस पहुंच चुकी है। टीम इंडिया दो टेस्ट मैचों के साथ अपना वेस्टइंडीज दौरा शुरू करेगी। टीम 12 जुलाई को पहला मैच खेलेगी। टेस्ट के बाद टीम 3 वनडे और 5 टी-20 मैच खेलेगी। भारतीय टीम ने मंगलवार से प्रैक्टिस भी शुरू कर दिया है। वहीं टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान विराट कोहली सहित अन्य खिलाड़ियों ने वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज सर गारफील्ड सोबर्स से मुलाकात की। इसका वीडियो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है।



उसने इसके कैप्शन में लिखा, 'बारबाडोस में महानतम के साथ।' बतातें चलें कि सर गारफील्ड सोबर्स दुनिया के बेहतरीन ऑलराउंडर में से एक रहे हैं। वे दुनिया के पहले क्रिकेटर हैं, जिन्होंने एक ओवर में छह सिक्स मारे थे। उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में नॉटिंघमशायर से खेलते हुए ऐसा किया था।

### विराट, अश्विन और द्रविड़ ने की बातचीत

वीडियो में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा सर गारफील्ड सोबर्स से हाथ मिलाते नजर आए। उनके बाद विराट कोहली ने भी गैरी सोबर्स से हाथ मिलाया। कोहली उनसे कुछ बातचीत भी करते नजर आए। इन दोनों के बाद टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ ने शुभमन गिल को सोबर्स से मिलवाया। उनके बाद तेज गेंदबाज शार्दूल ठाकुर उनसे मिलते हुए दिखे और आखीर में स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और राहुल द्रविड़ ने भी सोबर्स से बातचीत की।

### 1968 में लगाए थे 6 छक्के

सोबर्स ने 31 अगस्त 1968 को सेंट हेलेना क्रिकेट ग्राउंड में नॉटिंघमशायर से खेलते हुए ग्लैमॉर्गन के खिलाफ फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 6 गेंद पर 6 छक्के लगाए थे। उन्होंने ग्लैमॉर्गन के गेंदबाज मैल्कम नैश के ओवर की सभी गेंदों पर छक्के लगाकर 36 रन बनाए थे। सोबर्स नॉटिंघमशायर की कप्तानी कर रहे थे। सोबर्स से पहले एक ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के टेड एलेटसन के नाम था। उन्होंने 1911 में एक ओवर में 34 रन बनाए थे। दूसरी ओर, आइसीसी ने उनके नाम पर 2004 में पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड देना शुरू किया। सालाना मिलने वाले इस अवॉर्ड को पहली बार भारत के राहुल द्रविड़ ने जीता था। वहीं, पाकिस्तान के बाबर आजम ने पिछले साल यह अवॉर्ड जीता। भारत से विराट कोहली 2 बार 2017 और 2018 में इस अवॉर्ड को जीत चुके हैं।

### टेस्ट में 58 की औसत से सोबर्स ने बनाए रन

सोबर्स ने वेस्टइंडीज के लिए 1954 से 1974 के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला है। उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए 93 टेस्ट और एक वनडे मैच खेला। टेस्ट में उन्होंने 57.78 की औसत से 8032 रन बनाए। उन्होंने 26 शतक और 30 अर्धशतक भी लगाए हैं। उनका टॉप स्कोर 365* का रहा है।

# हुसैनाबाद प्रखंड 20 सूत्री कमेटी की बैठक में विकास योजनाओं पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को प्रखंड 20 सूत्री की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह और संचालन बीडीओ सह सचिव रतन कुमार सिंह ने किया। बैठक में प्रखंड में संचालित स्वास्थ्य, मनरेगा, 15वें वित्त आयोग, पीएचईडी, बिजली विभाग, जेएसएलपीएस एवं कृषि विभाग सहित अन्य विभागों की योजनावार समीक्षा की गई। जहां लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। 20 सूत्री अध्यक्ष ने बरसात के मौसम में ग्रामीण क्षेत्र में मौसमी बीमारी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को सजगता के साथ कार्य करने को कहा। बताया कि विकास योजनाओं को समय पर धरातल पर उतारना हम सभी का उद्देश्य है। दूसरी ओर, बैठक में प्रखंड क्षेत्र के राशन डीलर द्वारा अंगूठा लगवाकर समय पर राशन नहीं मिलने का मुद्दा छाया रहा। बीडीओ ने जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को समय पर राशन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सदस्यों द्वारा जेएनवी विद्यालय निर्माण कार्य मे अनियमितता का मुद्दा उठाने पर गुणवत्ता की जांच कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा बैठक में कई प्रस्ताव के समीक्षा की गयी। इसके बाद समाधान की दिशा में बीडीओ ने आवश्यक निर्देश दिया। इस मौके पर सीओ नंद कुमार राम, 20 सूत्री उपाध्यक्ष जीशान हसन, विधायक प्रतिनिधि बैरिस्टर सिंह, सांसद प्रतिनिधि रंजीत पासवान, विनय पासवान, हंसराज सिंह, राजेश सिंह, रतन लाल, बीपीओ विष्णु प्रताप मिश्रा, जेएसएलपीएस के बीपीएम सुनील कुमार, बीटीएम वरुण सिंह, प्रखंड कोऑर्डिनेटर राजू रंजन, पंचायत सेवक वशिष्ठ तिवारी, पीएचडी के ददिबल प्रसाद आदि मौजूद थे।

# हुसैनाबाद में सर्पदंश से किशोरी की मौत

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के झड़गड़ा पंचायत के टोला गम्हरिया गांव में बुधवार को सर्पदंश से एक किशोरी की मौत हो गयी है। उसकी पहचान सविता कुमारी (16) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गम्हरिया गांव निवासी सविता इस दिन सुबह अपने खेत में गयी थी। तभी अचानक एक विषैले सांप ने उसे डंस लिया। परिजन इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले गए, जहां स्थिति गंभीर देख मेदिनीनगर रेफर कर दिया। पर रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

**हिंसक संघर्ष :** वर्चस्व को लेकर कोल लोडिंग प्वाइंट बना रणक्षेत्र, चार खोखे बरामद, पुलिस छावनी में तब्दील हुआ इलाका

# गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्राया चांदमारी, 6 घायल

**सीआइएसएफ-पुलिस के हस्तक्षेप के बाद दोबारा शुरू हुआ ट्रक लोडिंग का कार्य**

आजाद सिपाही संवाददाता









**धनबाद/धनसार।** कोयलांचल में बीसीसीएल के चांदमारी कोयला लोडिंग पॉइंट बुधवार को वर्चस्व को लेकर एक बार हिंसक संघर्ष की आग में जल उठा। दो वर्ष पूर्व बने लोडिंग पॉइंट में ट्रक लोडिंग का कार्य शुरू होते ही पूरा इलाका गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्रा उठा। इस दौरान जमकर एक-दूसरे पर पत्थरबाजी भी की गयी, जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। हालांकि घटना की आशंका के मद्देनजर इस दिन सुबह से ही सीआइएसएफ और पुलिस की तैनाती कर दी गयी थी। जिस कारण बड़ी घटना होने से रोक लिया गया। इस दौरान लोडिंग पॉइंट के समीप से पुलिस ने कारतूस के चार खोखे भी बरामद किए हैं। जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि लगभग 12 राउंड फायरिंग हुई है। फिलहाल सीआइएसएफ और पुलिस के हस्तक्षेप से कोयला लोडिंग का कार्य पुनः सुचारू करा दिया गया है। पर इलाके में दोनों गुट के समर्थकों के बीच तनाव व्याप्त है।

## ऐसे हुई घटना

सूचना के अनुसार बुधवार को लोडिंग कार्य शुरू होते ही जनता श्रमिक संघ समर्थकों ने विरोध शुरू कर दिया। दोनों ओर से तू-तू, मैं-मैं शुरू, जो देखते ही देखते पत्थरबाजी में तब्दील हो गया। उसके बावजूद वहां मौजूद सुरक्षा जवानों और संयुक्त मोर्चा समर्थकों ने जनता श्रमिक संघ समर्थकों को खदेड़ दिया। इसके बाद पुनः दूसरे रास्ते से जनता श्रमिक संघ समर्थक भीड़ की शक्ल में लोडिंग पॉइंट पर चढ़ाई करने की फिराक में थे। पर पहले से सक्रिय संयुक्त मोर्चा समर्थकों ने उन्हें डंप पहुंचने से पहले ही खदेड़ दिया। भागने के क्रम में जनता श्रमिक संघ के समर्थकों की भीड़ से एकाएक हवाई फायरिंग होने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो लगभग एक दर्जन राउंड फायरिंग की गई। दूसरी ओर पुलिस को चार खोखे मिलने की बात कही जा रही है।

## रोजगार की मांग पूरी हुई

डंप बनने के बाद से ही अलग-अलग मजदूर यूनियन के स्थानीय समर्थक रोड सेल चालू कर ट्रक लोडिंग कार्य की मांग कर रहे थे। इस दनि शुरू हुए लोडिंग कार्य से संयुक्त मोर्चा के खेमे में खुशी है। लोडिंग कार्य में लगे मजदूरों ने बताया कि परियोजना विस्तारीकरण में उनकी जमीनें गयी हैं। वे यहां रोजगार के असल हकदार हैं। लोडिंग कार्य शुरू होने से उन्हें अब दो जून की रोटी के लिए दर-दर भटकना नहीं पड़ेगा। जबकि विरोधी गुट के लोगों को यहां से कोई लेना देना नहीं है। वे सिर्फ यहां जबरन लोडिंग की आड़ में रंगदारी लेना चाह रहे हैं।

## मजदूरों के टूट कर पाला बदलने का दिखा बुरा असर

**चांदमारी लोडिंग पॉइंट में बुधवार को हुए हिंसक झड़प ने एक बार फिर जनता मजदूर संघ (जमसं-कुंती गुट) और जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) के विवाद को सड़क पर ला दिया है। जश्रसं के गठन के बाद से ही जमसं से लोगों के टूट कर जश्रसं में जुड़ने का सिलसिला शुरू हो गया था। ऐसे में कहा जा रहा था कि दोनों संगठनों को मिलाकर पहले जिस मजबूती के साथ मजदूरों की लड़ाई लड़ी जाती थी अब वह कमजोर होगी। चांदमारी की घटना ने इन बातों पर बल डाल दिया है। संयुक्त मोर्चा में जमंस (कुंती गुट) के मजदूर भी शामिल हैं। जिससे संयुक्त मोर्चा को बल मिला है। मजदूर हलकों में पूरे दिन इस बात की चर्चा रही अगर जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) और जनता श्रमिक संघ के समर्थक एक साथ एक मंच पर रहते तो उनकी ताकत कुछ और होती। हिंसक झड़प के दौरान जनता श्रमिक संघ के लोग कमजोर नहीं पड़ते और न ही उन्हें बेरंग वापस लौटना पड़ता।**

## दोनों गुटों में विवाद का यह है कारण

हिंसक झड़प का मुख्य कारण अलग-अलग मजदूर यूनियन समर्थकों की लोडिंग कार्य में हिस्सेदारी है। यहां जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) युवा बेरोजगार मंच, झारखंड उत्थान मोर्चा, बस्ताकोला ग्रामीण एकता मंच, झारखंड मुक्ति मोर्चा, मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी, इंटक, जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) सहित जनता श्रमिक संघ के समर्थक हैं। सभी ट्रक लोडिंग कार्य में हिस्सेदारी को लेकर अपने-अपने दावे कर रहे थे। जिस कारण विवाद की स्थिति पैदा हुई थी। विवाद को देखते हुए बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा ट्रक लोडिंग कार्य शुरू नहीं कराया जा रहा था। पिछले दिनों सभी यूनियन के समर्थकों द्वारा संयुक्त मोर्चा के बैनर तले बैठक कर आपस में यह विवाद सलटा लिया गया। इस बैठक में जनता श्रमिक संघ के प्रतिनिधि को भी बुलाया गया था। पर वे नहीं गए और ट्रक लोडिंग कार्य में अकेले 50 फीसदी हिस्सेदारी की मांग पर अडिग रहे। संयुक्त मोर्चा ने बैठक में लिए गए निर्णय से बीसीसीएल प्रबन्धन को अवगत करा दिया। इसके बाद प्रबंधन ने विवाद का निपटारा देख बुधवार से यहां ट्रक लोडिंग कार्य शुरू करने की घोषणा कर दी। पर जैसे ही लोडिंग शुरू हुआ जनता श्रमिक संघ समर्थकों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। इसके बाद ही दोनों गुटों में हिंसक झड़प की घटना हो गयी।

# सीकेएस की कार्यसमिति बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ (सीकेएस) से संबंद्ध भारतीय मजदूर संघ ढोरी के कार्य समिति की बैठक बुधवार को जीएम कार्यालय में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह ने की। बैठक में सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष सह संयुक्त सालाहकर संचालन समिति सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा और भारतीय मजदूर संघ के बोकारो जिला मंत्री संत सिंह भी उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन और सदस्यता विस्तार, एजेंडा वार्ता, कामगारों की ज्वलंत समस्याओं सहित आगामी 23 जुलाई को भारतीय मजदूर संघ (बीएसएम) के 69 वां स्थापना दिवस धूमधाम से सीसीएल सीकेएस के ढोरी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं, रवींद्र मिश्रा ने कहा कि बीएमएस पूरे भारत में 23 जुलाई को स्थापना दिवस मनाता है। जिसे सीसीएल सीकेएस द्वारा भी मनाई जाती है। उन्होंने अपने सभी कोयला कर्मियों को एनसीडबल्यूए-11 के तहत नए वेतनमान मिलने की खुशी में बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर नुनुचंद महतो, शाहनवाज खान, हीरालाल रविदास, राजेश पासवान आदि उपस्थित थे।

## कार्यकर्ताओं ने मनाया राजद का 27वां स्थापना दिवस



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का 27वां स्थापना दिवस धनबाद में बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव ने झंडा तोलन कर व केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। जिसका संचालन बलियापुर के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप पाल ने किया। सभी वक्ताओं ने बारी-बारी से पार्टी के नीति-सिद्धांत एवं नियमों के बारे में बताया। साथ ही पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के सिद्धांतों पर चलने की बात कही गई। इस वक्ताओं ने देश में बढ़ती महंगाई पर केंद्र की मोदी सरकार की कड़ी आलोचना भी की। कहा कि साल 2024 लोकसभा चुनाव में जनता मोदी सरकार को जरूर सबक सिखाएगी। इस मौके पर धनबाद महानगर अध्यक्ष मुमताज कुरेशी, विनोद यादव, विजेंद्र सिंह, सुरेश रावत, विनय सिंह, विक्रम प्रसाद यादव, तारापोदो धिवर, प्रभात आदि थे।

## पिछली बैठक में दिये निर्देशों के अनुपालन की क्रमवार की गयी समीक्षा

# खराब सड़कों का वीडियो देखकर ही निर्माण की स्वीकृति दें : पीएन सिंह

**सुखाड़, पेयजल एवं स्वच्छता, वन प्रमंडल, लघु सिंचाई, खाद्य आपूर्ति, बांध प्रबंधन, शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग समेत 30 बिंदुओं पर की गई समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता


दिशा की बैठक में उपस्थित, सांसद, विधायक, डीसी-एसपी व अन्य।

**बोकारो।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक बुधवार को कैंप टू स्थित जायका हैपनिंग सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता धनबाद के सांसद सह समिति के अध्यक्ष पशुपतिनाथ सिंह ने की। इस अवसर पर उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की मंत्री बेबी देवी, बोकारो के विधायक बिरंची नारायण, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल, डीसी सह समिति के सचिव कुलदीप चौधरी, एसपी चंदन कुमार झा, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष सुनीत देवी, वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, डीडीसी कीर्तीश्री जी, अवर सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग चंद्रभूषण, अपर समाहर्ता सादात अनवर, चास के अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत सभी प्रखंडों के प्रमुख, विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। बैठक में पिछली बैठक में समिति द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन की क्रमवार समीक्षा की गई। संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों ने निर्देशों के अनुपालन की जानकारी दी, जिस पर समिति सदस्यों ने संतोष जताया। सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि आमजनों की सहूलियत एवं क्षेत्र के विकास के लिए लगातार सड़कों का निर्माण हो रहा है, लेकिन कई जगह से ऐसी शिकायत/सूचना मिल रही है कि खराब सड़कों का निर्माण नहीं होकर, जो सड़कें थोड़ी अच्छी स्थिति में है संबंधित विभाग/एजेंसी द्वारा उसका ही दोबारा निर्माण करवाया जा रहा है। सांसद ने कहा कि निरीक्षण क्रम में पड़ोसी जिले में ऐसा मामला प्रकाश में आया है। ऐसा यहां नहीं हो, इसलिए उन्होंने सड़क निर्माण कर रही ग्रामीण कार्य विभाग/सड़क निर्माण विभाग आदि को खराब सड़कों के निर्माण का प्राकल्लन स्वीकृति से पूर्व उक्त सड़क का वीडियोग्राफी करा कर वीडियो जिला को उपलब्ध कराने को कहा। ताकि प्राथमिकता के अनुसार मुख्य सड़क/ग्रामीण सड़क आदि का आवश्यकतानुरूप जितनी जरूरी हो उतने का निर्माण कार्य कराया जाय। इस पर डीसी ने समिति अध्यक्ष को जिले में यह शतप्रतिशत सुनिश्चित कराने की बात कहीं। उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता को खराब/जर्जर सड़कों की प्राकल्लन स्वीकृति के साथ की सड़क का वीडियो समर्पित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा सड़क निर्माण के उद्‌घाटन या शिलान्यास के अवसर पर कम से कम विभाग के सहायक अभियंता या कनीय अभियंता को उपस्थित का निर्देश दिया गया था, इसका अनुपालन हो रहा है कि नहीं अगले 10 दिनों में संबंधित विभाग द्वारा इससे संबंधित फोटो-वीडियोग्राफी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में एचएससीएल द्वारा पीएमजीएसवाई के तहत पूर्व में निर्मित 43 सड़कों की जिला स्तरीय समिति द्वारा स्थल निरीक्षण कर वर्तमान स्थिति से समिति सदस्यों को अवगत कराया गया। स्थल निरीक्षण में अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व वाली टीम ने सड़कों की स्थिति जीर्ण झ्र शीर्ण बताई। एचएससीएल द्वारा निर्माण कार्य में लापरवाही की गई है। इस पर आगे से सड़क निर्माण का कार्य एचएससीएल को नहीं दिए जाने एवं पूरे मामले से राज्य सरकार को अवगत कराने एवं एचएससीएल के विरूद्ध कार्रवाई के लिए अनुशंसा करने को कहा। वहीं, गोमिया विधायक ने जारंगडीह में चिलींग प्लांट अधिष्ठापन को लेकर जिला प्रशासन को कार्रवाई करने को कहा। जबकि बेरमो विधायक ने बिजली विभाग को वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना का क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं को योजना से लाभांवित करने को लेकर दिशा झ्र निर्देश दिया। डीवीसी चंद्रपुरा क्षेत्र के वैसे उपभोक्ता जिन्होंने मीटर की राशि कई वर्ष पूर्व डीवीसी को जमा किया है, उन्हें हर हाल में एक माह के अंदर बिजली कनेक्शन करते हुए मीटर अधिष्ठापन को कहा। इस दौरान बैठक में कुछ प्रतिनिधियों ने योजना के शिलान्यास/उद्घाटन की सूचना नहीं मिलने की बात कहीं। इस पर डीसी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसी कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। इस बाबत राज्य एवं उनके स्तर से सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी को स्पष्ट पत्र जारी किया गया है। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के शिलान्यास/उद्घाटन के प्रोटोकाल का अनुपालन सभी को करना है।

बैठक में बोकारो मेडिकल कालेज निर्माण को लेकर भी चर्चा की गई। पिछले दिनों रांची में मेडिकल कालेज का डीपीआर का प्रदर्शन किया गया। जिसकी जानकारी बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने समिति सदस्यों को दी। कहा कि कुछ संसोधन को लेकर सुझाव दिया है, जिसे दुरूस्त कर एजेंसी राज्य विकास आयुक्त को डीपीआर समर्पित करेगी। मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृति प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई होगी। उन्होंने समिति अध्यक्ष की ओर से सरकार को पत्र लिख मेडिकल कालेज निर्माण को प्राथमिकता के तहत लेते हुए जल्द कार्य शुरू करने की बात कहीं। वहीं, सांसद ने कहा कि बोकारो के लिए मेडिकल कालेज काफी जरूरी है। इससे जिले को अच्छे चिकित्सक एवं छात्रों को चिकित्सीय शिक्षा मुहैया होगी। इस पर डीसी ने भवन प्रमंडल को चिन्हित भूमि का कांटा तार से बेरिकेटिंग करने को कहा, ताकि कहीं कोई अतिक्रमण की समस्या नहीं हो।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम–सूरज हरी, उम्र–22 रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फीट, 5 ईंच पहनावा–हरा रंग का टी शर्ट एवं नीला रंग पैन्ट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति सूरज हरी, चइवा हरी, सा0–गांडेय श्याम नगर, थाना–गांडेय, जिला–रॉंची, वर्तमान पता– सा0–गॉधीनगर, थाना–गोन्दा, जिला–रॉंची, जो दिनांक–11.06.2023 को बगैर बताए कहीं चला गया है जो आजतक अपने घर वापस नहीं आया है।

जिसके संबंध में गोन्दा थाना काण्ड सं0–10/2023, दिनांक–12.06.2023 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सदर, रॉंची – 9431102090
थाना प्रभारी, गोन्दा, रॉंची। – 9431706162

PR.NO.301432 Police(23-24):D

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची।

**ई - प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग**
**भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची**

ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

टेन्डर रेफरेन्स नं0–**BCD/CE/34/ Div-2 Ranchi /2023-24** दिनांक–**05-07-2023**

| Sl.No | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| | Construction of New Canteen Building(G+0) Behind Academic Block at RIMS Ranchi | Rs. 2,95,22,000.00 | 11 Months |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 10-07-2023 | |
| 3 | वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 31-07-2023 up to 11:00 A.M | |
| 4 | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| 5 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9631476651 | |
| 6 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9835316593 | |

किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
• अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
*Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders*

नोडल पदाधिकारी
ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय,
कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।

PR.NO.301511 Building(23-24):D

ई-प्रोक्योरमेंट सेल
**अधीक्षण अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग**

अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0– **BCD/BCHZB/RAMGARH/16/2023-24** दिनांकः– **04.07.2023**

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 5 ACR in Rajballabh High School Sandi, Chittarpur Block, District Ramgharh | Rs. 57,62,850.00 | 6 (Six) Months |
| 2 | Construction of 6 ACR in UPG M.S. Beyang, Dulmi Block, District Ramgharh | Rs. 68,14,200.00 | 6 (Six) Months |
| 3 | Construction of 6 ACR in UPG High School, Sikni, Dulmi Block, District Ramgharh | Rs. 68,14,200.00 | 6 (Six) Months |
| 4 | Construction of 6 ACR in UPG High School, Tapin, Mandu Block, District Ramgharh | Rs. 68,14,200.00 | 6 (Six) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 08.07.2023 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 14-07.2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 15-07.2023 को अपराह्न 12.00 बजे | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 15-07.2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9110983022/8987663716 | |
| vii | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546-222640 | |

• किसी भी प्रकार का बदलाव/सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.

नोडल पदाधिकारी, ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
भवन अंचल, हजारीबाग

PR 301474 Building (23-24)_D

**कार्यालय-कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा, लोहरदगा**
**जिला कृषि कार्यालय, सदर प्रखण्ड, लोहरदगा, पिन- 835302**
E-mail-atma.lohardaga@rediffmail.com

**Diploma in Agricultureal extension service for Input dealer (DAESI) पाठ्यक्रम हेतु Facilitator की संविदा आधारित नियुक्ति की सूचना**

**WALK – IN – INTERVIEW**

जिला कृषि पदाधिकारी–सह– परियोजना निदेशक, आत्मा लोहरदगा के अधीन मैनेज हैदराबाद द्वारा संचालित DAESI पाठयक्रम के तहत् आत्मा कार्यालय, लोहरदगा द्वारा संचालित देसी पाठयक्रम के सफल संचालन हेतु अनुबंध के आधार पर पूर्णतः अस्थायी तौर पर निम्नलिखित शर्त्तो के आधार पर **Facilitator** की नियुक्ति की जानी है।

अनुबंध के आधार पर नियुक्ति हेतु निम्न शर्ते निर्धारित की गई है।

1. शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव :–
   - कृषि/उद्यान विज्ञान में स्नातक/स्नातकोत्तर
2. मानदेय :– 17000/– प्रतिमाह
3. आयु सीमा :– अधिकतम 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए
4. कार्यानुभव :–
   - न्यूनतम 5 वर्षो का कृषि कार्यो का अनुभव
   - कृषि स्नातक जिन्होंने 20 वर्षो तक कृषि विभाग/आत्मा/SAUs/KVKs आदि में कार्य किया हो उन्हें प्राथमिता दी जाएगी।

सेवा शर्ते :–

1. नियुक्ति पूर्णतया मानदेय के आधार पर होगी। ऐसे नियुक्त व्यक्ति को नियमित रूप से नियुक्त करने का विभाग का कोई दायित्व नही होगा।
2. प्रारंभिक चरण मे ऐसी नियुक्ति एक वर्ष के लिए की जाएगी, तत्पश्चात् कार्य संतोषप्रद पाए जाने पर अगले एक वर्ष के लिए नियुक्ति का नवीकरण किया जा सकेगा। अन्यथा ऐसी नियुक्ति स्वतः रद्द समझी जाएगी।
3. यदि नियुक्त व्यक्ति स्वतः मुक्त होना चाहेगा तो उसे एक माह पूर्व लिखित सूचना देनी होगी। कार्यरत कर्मी की सेवा की आवश्यकता नहीं होने पर एक माह की लिखित सूचना देकर कार्यरत कर्मी की सेवा अधोहस्ताक्षरी द्वारा समाप्त कर दी जाएगी।
4. कृषि विभाग/आत्मा/के0वी0के से सेवानिवृत कर्मी को नियुक्ति में प्राथमिकता दी जायेगी। परन्तु कार्य असंतोषप्रद पाए जाने पर ऐसे कर्मी की सेवा अधोहस्ताक्षरी द्वारा किसी भी समय समाप्त कर दी जाएगी।
5. नियुक्ति को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।

इच्छुक अभ्यार्थियों से आवेदन–पत्र जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा, सदर प्रखण्ड–लोहरदगा, पोस्ट–लोहरदगा, जिला–लोहरदगा पिन कोड – 835302 के पते पर दिनांक– 06.07.2023 से दिनांक–15.07.2023 तक कार्यालय अवधि में लिये जायेगें। दिनांक–15.07.2023 के पश्चात कोई भी आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। नियुक्ति हेतु दिनांक–20.07.2023 को जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा, सदर प्रखण्ड, लोहरदगा (जिला परिषद् कार्यालय के समीप) के कार्यालय–कक्ष में साक्षात्कार हेतु मूल प्रमाण पत्र के साथ 11:00 बजे पूर्वाहन में उपस्थित होना अनिवार्य है। साक्षात्कार हेतु आवेदक को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

**कार्यालय पता :– जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा**
**सदर प्रखण्ड, जिला परिषद् कार्यालय के समीप, लोहरदगा**

**जिला कृषि पदाधिकारी–सह–**
**परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा**

PR 301463 Lohardaga (23-24)_D

# ओडिशा में मां ने नवजात को 800 रुपये में बेचा

**दूसरी बेटी के जन्म से नाखुश थी, पति से चोरी-छिपे सौदा किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के मयूरभंज जिले में एक आदिवासी महिला ने अपनी आठ महीने की बेटी को 800 रुपये में बेच दिया। महिला की पहचान करामी मुर्मू के रूप में हुई है। उसके पहले से एक बेटी थी। दूसरी बच्ची के जन्म से वह खुश नहीं थी। महिला ने पति मुसु मुर्मू से छुपकर बेटी का सौदा किया। मुसु को जब इसके बारे में पता चला तो उसने पुलिस में शिकायत की। पुलिस ने मां सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

**गरीबी से तंग आकर बच्ची को बेचा:** यह आदिवासी दंपति बिप्रचरणपुर गांव में रहता है। घर की आर्थिक हालात सही नहीं है। महिला के जब दूसरी बेटी हुई। तो वह परेशान रहने लगी। उसने पड़ोसी माही मुर्मू को बताया कि वह बच्ची की परवरिश नहीं कर पा रही है। माही दलाल के रूप में काम करता है। उसने बच्ची के लिए खरीदार ढूंढे। सौदा तय होने पर करामी ने अपनी आठ महीने की बेटी को फुलमणि और अखिल मरांडी को सौंप दिया।

**बच्ची के पिता घर लौटे, पुलिस में शिकायत की:** बच्ची के पिता मुसु मुर्मू काम के सिलसिले से तमिलनाडु गये थे। जब वह घर लौटे तो उन्होंने अपनी पत्नी से दूसरी बेटी के बारे में पूछा। महिला ने बताया, उसकी मौत हो गयी है। बाद में आसपास रहने वालों से मुसु को पता चला कि उसकी बेटी को बेच दिया गया है। सोमवार को पति ने अपनी पत्नी और अन्य के खिलाफ खूंटा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करायी।

**तीन लोग गिरफ्तार, मानव तस्करी का केस दर्ज:** पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मंगलवार को बच्ची को खरीदने वाले दंपति, महिला और दलाल को गिरफ्तार कर लिया। मयूरभंज के एसपी, बटुला गंगाधर ने बताया कि, बच्ची को फिलहाल चाइल्डकेयर भेज दिया गया है। गिरफ्तार किये गये आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मानव तस्करी के लिए धारा 370 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

# जटिल कैंसर से निपटने के लिए महिला ने 11 साल में 5 वीं बार करायी सर्जरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर बौध जिले की एक 38 वर्षीय महिला ने जो रेट्रोपरिटोनियल लिपोसारकोमा नामक एक जटिल प्रकार के कैंसर से पीड़ित है, जिसकी हाल ही में यहां इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम अस्पताल में पांचवीं बार सर्जरी हुई, वह ठीक हो रही है। रेट्रोपरिटोनियल लिपोसारकोमा एक ऐसी समस्या है जो अक्सर होती है और इसका इलाज कीमो या विकिरण चिकित्सा से नहीं किया जा सकता है। अस्पताल में सर्जरी विभाग के प्रोफेसर प्रोफेसर (डॉ.) प्रकाश कुमार साहू ने कहा बीमारी से निपटने का एकमात्र तरीका सर्जरी है। उन्होंने कहा, मरीज का 2012 से रुक-रुक कर आइएमएस और सम अस्पताल में इलाज चला है, जहां उसकी सभी पांच वार सर्जरी की गयी। वह पहली बार अगस्त 2012 में पेट में बड़ी सूजन और दर्द के साथ अस्पताल आयी थीं। जैसे ही सीटी स्कैन से पता चला कि उसे एक बड़ा ट्यूमर है, उसे हटाने के लिए उसकी सर्जरी की गयी। प्रो. (डॉ.) साहू ने कहा, 15 किलोग्राम वजन का ट्यूमर उसके पेट से निकाला गया और बाद की बायोप्सी से इसकी पुष्टि हुई कि यह रेट्रोपरिटोनियल लिपोसारकोमा मामला है।

मरीज चार साल बाद 2016 में उसी शिकायत के साथ अस्पताल लौटा और 10.5 किलो का ट्यूमर निकाला गया। चूंकि ट्यूमर गर्भाशय से चिपका हुआ था, इसलिए सर्जिकल टीम को गर्भाशय और अंडाशय को भी हटाना पड़ा। वह 2020 में तीसरी बार इलाज के लिए आईं जब 7.5 किलो वजन का ट्यूमर निकालना पड़ा। सर्जिकल टीम का नेतृत्व करने वाले प्रोफेसर (डॉ.) साहू ने कहा, मरीज 2022 में फिर से लौटा और 5 किलोग्राम वजन के एक और ट्यूमर को हटाने के लिए सर्जरी की गयी। वह पिछले महीने एक साल बाद फिर से आई और एक और ऑपरेशन करना पड़ा।

प्रोफेसर (डॉ.) साहू के अलावा, टीम के अन्य सदस्यों में डॉ. सुमन सौरव राउत, डॉ. सागर नाइक और डॉ. श्लोक जयसवाल शामिल थे। एनेस्थीसिया टीम में प्रो. (डॉ.) सास्वत पटनायक, प्रो. (डॉ.) सौम्या सामल और डॉ. सिबासिस दास शामिल थे, जबकि ओटी स्टाफ के सदस्यों में संग्राम बेहेरा, सागरिका जेना और मानसी ओझा शामिल थीं। रेडियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर (डॉ.) सत्य महापात्र ने सर्जरी से पहले हर बार सीटी स्कैन के माध्यम से रोगी की चिकित्सा स्थिति का सटीक निदान प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि प्रोफेसर (डॉ.) देबाहुति महापात्र के नेतृत्व में पैथोलॉजी टीम ने प्रो. (डॉ.) साहू ने बायोप्सी रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद इसे रेट्रोपरिटोनियल लिपोसारकोमा के रूप में पुष्टि की, उन्होंने आइएमएस और सम अस्पताल के डीन प्रो. (डॉ.) संघमित्रा मिश्र और चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) पुष्पराज सामंतसिंहार को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा। मरीज के पति गिरिजा मोहन दानी ने न्यूनतम लागत पर हर बार सफलतापूर्वक सर्जरी करने के लिए अस्पताल प्रबंधन और मेडिकल टीम को धन्यवाद दिया है। प्रोफेसर (डॉ.) साहू ने कहा कि मरीज बहुत बहादुर और मानसिक रूप से मजबूत पाया गया। उन्होंने कहा, हमने उन्हें एक आशावादी व्यक्ति और जीवन के बारे में बहुत सकारात्मक पाया।

# चंद्रयान-3 मिशन की तैयारी अंतिम चरण में

**13 जुलाई को हो सकता है लांच**

**सफल हुए तो भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बनेगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्रीहरिकोटा।** इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) चंद्रयान-3 की लांचिंग 13 जुलाई को कर सकती है। इसको लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर में बुधवार को चंद्रयान-3 की इनकैप्सुलेटेड असेंबली को एलवीएम 3 के साथ जोड़ा गया। इसरो ने वीडियो ट्वीट करते हुए इसकी जानकारी दी। अगर चंद्रयान-3 का लैंडर चांद पर उतरने में सफल होता है, तो भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जायेगा। इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन चंद्रमा पर अपने स्पेसक्राफ्ट उतार चुके हैं।

गौरतलब है कि चंद्रयान-2 मिशन को 22 जुलाई 2019 को लांच किया गया था। करीब 2 महीने बाद 7 सितंबर 2019 को चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरने की कोशिश कर रहा विक्रम लैंडर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसके बाद से ही भारत चंद्रयान-3 मिशन की तैयारी कर रहा है।

चंद्रयान मिशन के तहत इसरो चांद की स्टडी करना चाहता है। भारत ने पहली बार 2008 में चंद्रयान-1 की सफलतापूर्वक लांचिंग की थी। इसके बाद 2019 में चंद्रयान-2 की लॉन्चिंग में भारत को असफलता मिली। अब भारत चंद्रयान-3 लांट करके इतिहास रचने की कोशिश में है। इसकी लांचिंग श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से होगी। इसरो चीफ एस सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान-2 मिशन में हम असफल हुए थे। जरूरी नहीं कि हर बार हम सफल ही हों, लेकिन बड़ी बात ये है कि हम इससे सीख लेकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि असफलता मिलने का मतलब ये नहीं कि हम कोशिश करना ही बंद कर दें। चंद्रयान- 3 मिशन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलेगा और हम इतिहास रचेंगे।

# बालासोर हादसे के 34 दिन बाद 52 शव अब भी लावारिस

**81 डीएनए सैंपल में सिर्फ 30 की रिपोर्ट आयी, इनमें 29 की पहचान हुई**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बालासोर।** ओड़िशा के बालासोर में हुए ट्रेन हादसे के 34 दिन बाद भी 52 शवों की पहचान नहीं हो पायी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन शवों को भुवनेश्वर एम्स कैंपस में डीप फ्रिज कंटेनर में रखा गया है। गौरतलब है कि 2 जून को ओडिशा के बालासोर में ट्रेन हादसा हुआ था। इसमें चेन्नई जाने वाली कोरोमंडल एक्सप्रेस, हावड़ा जाने वाली शालीमार एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी आपस में टकरा गयी थीं। हादसे में 292 लोगों की मौत हुई है। मामले की जांच सीबीआइ कर रही है। जानकारी के मुताबिक 6 जून को 81 शवों का डीएनए सैंपल जांच के लिए दिल्ली भेजा गया था। इनमें से 30 सैम्पल्स की रिपोर्ट आयी और 29 मृतकों की पहचान हुई। इन शवों को उनके परिवार को सौंप दिया गया है। मामले में रेलवे अधिकारी का कहना है कि कुछ शव ऐसे हैं, जिनके एक से ज्यादा दावेदार हैं। अब डीएनए सैंपल के दूसरे फेज की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# चंदनेश्वर यूनियन बैंक डकैती घटना का खुलासा, छह लुटेरे गिरफ्तार





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भूवनेश्वर।** भूवनेश्वर बालेश्वर जिला चंदनेश्वर यूनियन बैंक डकैती घटना का पुलिस ने खुलासा किया है। 26 अप्रैल को यूनियन बैंक की चंदनेश्वर शाखा से बड़े पैमाने पर बैंक डकैती हुई थी। छह लुटेरे ने बंदूक दिखाकर बैंक में घुस गए और 10 करोड़ रुपये से अधिक सोने के आभूषण के साथ 45 लाख रुपये से अधिक के रुपए लूट लिए। पुलिस ने लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उनके पास से 6 लाख रुपये और 300 ग्राम वजन के सोने के आभूषण भी जब्त किए गए हैं। इसके साथ ही 3 बंदूकें, 4 मोटरसाइकिलें जब्त की गईं और 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया।इस मामले में कुल 11 लोग शामिल हैं। हांलाकि, उस दिन बैंक डकायती करने के लिए बैंक के अंदर घुसने वाले 6 लोगों में से 3 को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुख्य आरोपी अवीभी फेरार है। बालेश्वर एसपी सागरिका नाथ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार किए गए 6 लोगों में से 3 पश्चिम बंगाल के हैं और 3 स्थानीय इलाके के हैं। एसपी ने बताया कि वे कई बैंक डकैतियों में शामिल हैं।

# श्रीमंदिर का मामला: मुख्य प्रशासनिक सचिव समेत एएसआइ डीजी को हाइकोर्ट का नोटिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भूवनेश्वर।** भूवनेश्वर कटक श्रीमंदिर रत्न भंडार खोलने को लेकर नयी उम्मीद जगी है। बीजेपी नेता समीर महांति की अर्जी के आधार पर बुधवार को हाइकोर्ट ने प्रतिपक्ष के 4 लोगों को जवाब देने के लिए नोटिस दिया है। इस में श्रीमंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, मुख्य प्रशासक, एएसआइ डीजी और एएसआइ अधीक्षक को नोटिस किया गया है। इस मामले में अगली सुनवाई 7 अगस्त को तय की गयी है। 2018 में श्रीमंदिर के रत्न भंडार की चाबी खो जाने की खबर के बाद इसे खोलने की मांग बढ़ती जा रही है। हालांकि अभी तक राज्य सरकार की ओर से कोई फैसला नहीं लिया गया है।

# कलिंग उत्कल एक्सप्रेस रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** भूवनेश्वर कनेक्टिंग ट्रेन के अत्यधिक देरी से चलने के कारण 05 जुलाई को पुरी से चलने वाली 18477 पुरी-योग नगरी ऋषिकेश कलिंग उत्कल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। रुसिकेश से पुरी तक कनेक्टिंग ट्रेन की अत्यधिक देरी के कारण और ट्रेन संचालन की समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

# पंचायत चुनाव से 3 दिन पहले बंगाल में फिर हिंसा

## साउथ 24 परगना में टीएमसी-आइएसएफ समर्थकों के बीच बमबाजी

**नाबालिग युवक की मौत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तीन दिन बाद होने वाले पंचायत चुनाव से पहले फिर एक बार हिंसा की घटना हुई है। साउथ 24 परगना जिले के देगंगा इलाके में मंगलवार देर रात टीएमसी और आइएसएफ के समर्थक आपस में भिड़ गये। इसके बाद दोनों ने एक-दूसरे पर क्रूड बम से हमला किया। इसमें 17 साल के एक टीएमसी समर्थक की मौत हो गयी। गौरतलब है कि इससे पहले 3 जुलाई को साउथ 24 परगना जिले के बसंती इलाके में टीएमसी उम्मीदवार के पिता की गोल मारकर हत्या कर दी गयी थी। इसी दिन साउथ 24 परगना जिले में क्रूड बम के फटने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी। पुरुलिया में भी एक भाजपा कार्यकर्ता का शव मिला था। पुलिस के मुताबिक 9 जून यानी पंचायत चुनाव के नामांकन की तारीख के बाद अलग-अलग घटनाओं में 10 लोग मारे गये हैं। यानी आज की घटना को लेकर अब तक कुल 11 लोगों की मौत हो चुकी है।

उधर राज्य में पंचायत चुनाव के मतदान से पहले सेंट्रल फोर्सेज की 822 कंपनियां तैनात की गयी हैं। स्टेट इलेक्शन कमिशन ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर इन कंपनियों की मांग की थी। कलकत्ता हाइकोर्ट ने 21 जून को राज्य चुनाव आयोग को 24 घंटे के भीतर सेंट्रल फोर्स के 82 हजार जवान तैनात करने का आदेश दिया था। बढ़ती हिंसा के चलते हाइकोर्ट ने यह आदेश दिया था। इस बीच स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने कोलकाता के उत्तर दिनाजपुर जिले में एक छापेमारी की। हथियार और गोला-बारूद जब्त किया। अधिकारियों के अनुसार पश्चिम बंगाल एसटीएफ ने 7 मिमी की पांच पिस्टल, एक-शॉटर पाइप की तीन बंदूकें, 7 मिमी जिंदा कारतूस के 80 राउंड, 8 मिमी जिंदा कारतूस के 100 राउंड और दस पिस्तौल मैगजीन जब्त कीं।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**